सूर्योदय 5:53 सूर्यास्त 6:54

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 22 न्यू | 29 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,307 |
| निफ्टी | 24,870 |
| सोना | 99,358 |
| चांदी | 1,13,906 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 24 अगस्त 2025 | 9 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 236, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702



शुभमन गिल का दलीप ट्रॉफी में खेलना मुश्किल

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### जीएसटी काउंसिल की मीटिंग 3-4 सितंबर को

**एजेंसी, नई दिल्ली।** जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग 3 से 4 सितंबर तक दिल्ली में होगी। मीटिंग की अध्यक्षता वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण करेंगी। जीएसटी से जुड़े मामलों में आखिरी फैसला जीएसटी काउंसिल ही लेती है। काउंसिल में मेंबर के तौर पर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्री शामिल हैं। जीएसटी काउंसिल की मीटिंग में जीएसटी के स्लैब को कम करने को लेकर फैसला आ सकता है। जीएसटी के 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के स्लैब को खत्म करने की मंजूरी मिल सकती है। अगर ऐसा होता है तो जीएसटी के सिर्फ दो स्लैब 5 और 18 प्रतिशत ही होंगे। अभी जीएसटी के 4 स्लैब 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, और 28 प्रतिशत होते हैं। (अनंत ज्ञान)

### भारत ने अमेरिकी पोस्टल सर्विस को किया सस्पेंड

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ट्रंप के टैरिफ के जवाब में भारतीय डाक विभाग 25 अगस्त से अमेरिका के लिए सभी तरह के डाक सामानों की बुकिंग सस्पेंड करने का फैसला लिया है। फिलहाल यह फैसला अस्थायी रूप से लागू होगा। 23 अगस्त को डाक विभाग ने एक प्रेस नोट जारी कर इसकी जानकारी दी। पोस्टल डिपार्टमेंट ने कहा, '29 अगस्त से अमेरिका जाने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय डाक सामानों पर देश-विशेष इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर एक्ट टैरिफ स्ट्रक्चर के अनुसार, कस्टम ड्यूटी देनी होगी। चाहे उनकी कीमत कितनी भी हो। हालांकि, 100 डॉलर (करीब 8,700 रुपए) तक की कीमत वाले गिफ्ट आइटम्स को ड्यूटी से छूट मिलती रहेगी। (अनंत ज्ञान)

### पटना में ट्रक-ऑटो में टक्कर, नौ की मौत

**एजेंसी, पटना।** पटना में सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई है। 4 लोग घायल हुए हैं। एक्सीडेंट शनिवार सुबह शाहजहांपुर के दनियावां हिलसा स्टेट हाईवे-4 पर सिगरियावा स्टेशन के पास हुआ। ट्रक-ऑटो में हुई आमने-सामने की टक्कर में 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 ने अस्पताल में दम तोड़ा। मरने वालों में 8 महिलाएं और ऑटो ड्राइवर शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### भारतीय एयरस्पेस पाक विमानों के लिए बंद

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत ने 24 सितंबर तक पाकिस्तान के लिए अपना एयरस्पेस बंद रखने का फैसला किया है। भारत ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद एयरस्पेस बंद करने का फैसला लिया था। भारतीय एयरस्पेस बंद होने की वजह से अब तक पाकिस्तान को पहले दो महीनों में 1240 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- बच्चे के टीकाकरण के लिए स्टाफ नर्स ने छह फुट जंप मार पार किया नाला -पेज 3
- सेब बागवानों के अरमानों पर निजी कंपनियों ने मारी 'चोट' -पेज 3
- यूरोप भेजने के नाम पर युवकों से ठगी, एजेंट का मोबाइल ऑफ -पेज 5
- लोक संस्कृति को जीवंत रखना मेरा धर्म : काकू राम -पेज 6
- सड़क धंसने से फंसी निजी बस, बाल-बाल बची सवारियां -पेज 11

# हिमाचल कांग्रेस की गुटबाजी में उलझा संगठन, नौ माह से लटका अध्यक्ष पद का फैसला

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रजनी पाटिल से की मुलाकात, अध्यक्ष पद को लेकर हुई बातचीत

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल कांग्रेस के भीतर चल रही गुटबाजी ने संगठन के गठन को अधर में लटका दिया है। पिछले नौ महीनों से प्रदेश कांग्रेस के नए अध्यक्ष का फैसला लटका हुआ है, जिसके चलते पार्टी की गतिविधियां लगभग ठप पड़ी हैं।

कांग्रेस हाईकमान के सामने सबसे बड़ी चुनौती गुटबाजी है। मुख्यमंत्री सुक्खू अपनी पसंद के नेता को अध्यक्ष बनाना चाहते हैं। उन्होंने इसके लिए मंत्री रोहित ठाकुर, अनिरुद्ध सिंह, विधायक संजय अवस्थी, सुरेश कुमार और विनोद सुल्तानपुरी के नाम आगे किए हैं। हालांकि, दूसरे गुट को इन नामों पर आपत्ति है, जिसके कारण फैसला नहीं हो पा रहा है।

**मुलाकात में पार्टी के कार्यक्रमों पर भी की गई चर्चा**

कुलदीप सिंह राठौर, आशीष बुटेल और विनय कुमार का नाम भी चर्चा में आया है। हाल ही में दिल्ली में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ हुई एक बैठक के बाद शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का नाम भी अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल हो गया है। वहीं, मुख्यमंत्री सुक्खू ने शनिवार को शिमला में एआईसीसी महासचिव और हिमाचल प्रदेश कांग्रेस मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल से मुलाकात की। यह एक शिष्टाचार भेंट थी। इसके बाद सीएम सुक्खू ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रभारी रजनी पाटिल से पार्टी के कार्यक्रमों पर चर्चा हुई है। पार्टी को कैसे दिशा देनी है, इस संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति पर सुक्खू ने कहा कि संगठन के गठन को लेकर हाईकमान चर्चा कर रहा है।



शिमला में सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल से मुलाकात करते हुए।

### राठौर को फिर से कमान सौंपना चाहता है हाईकमान

**सूत्रों** के अनुसार, कांग्रेस हाईकमान कुलदीप राठौर को फिर से अध्यक्ष पद पर लाना चाहता है। राठौर पहले भी इस पद पर रह चुके हैं और उनके अनुभव को देखते हुए यह फैसला लिया जा रहा है। हालांकि, राठौर इस जिम्मेदारी को लेने के लिए तैयार नहीं हैं।



मुख्यमंत्री और राठौर के बीच चर्चा के बाद प्रभारी रजनी पाटिल दिल्ली जाकर हाईकमान को रिपोर्ट देंगी, जिसके बाद नए अध्यक्ष पर जल्द फैसला होने की संभावना है।

# भारत बनाएगा अपना स्पेस स्टेशन : मोदी

## 2028 में शुरू होगा काम, 2035 तक बनकर तैयार हो जाएगा पूरा स्टेशन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नेशनल स्पेस डे की शुभकामनाएं देते हुए देश की स्पेस पावर और मिशन गगनयान का जिक्र किया। इस बार स्पेस डे की थीम 'आर्यभट्ट से गगनयान तक' है। अपने संबोधन में पीएम ने कहा कि भारत जल्द अपना स्पेस स्टेशन बनाएगा। इसरो ने दिल्ली में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का मॉडल लॉन्च किया है। इसका पहला हिस्सा 2028 में शुरू होगा और पूरा स्टेशन 2035 तक बनकर तैयार हो जाएगा। मोदी ने कहा कि भारत अपना एस्ट्रोनॉट पूल भी तैयार कर रहा है। मैं युवाओं से इस पूल से जुड़ने की अपील करता हूं। इसरो ने चंद्रयान-4 और वीनस ऑर्बिटर मिशन पर भी विचार करना शुरू कर दिया है। दरअसल, भारत 23 अगस्त 2023 को चांद पर उतरने वाला चौथा देश बना था। पीएम मोदी ने इस दिन को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में घोषित किया, जिसके बाद हर साल 23 अगस्त को भारत अपना नेशनल स्पेस डे मनाता है। इसरो ने युवाओं की स्पेस फील्ड में रुचि बढ़ाने के लिए भारतीय अंतरिक्ष हैकथॉन और रोबोटिक्स चैलेंज की पहल की है। इसमें अतीत का आत्मविश्वास भी है और भविष्य का संकल्प भी है। उन्होंने कहा कि स्पेस सेक्टर में एक के बाद एक माइलस्टोन्स गढ़ना देशवासियों का स्वभाव बन गया है। दो साल पहले भारत चंद्रमा के साउथ पोल पर पहुंचने वाला पहला देश बना और इतिहास रचा। (अनंत ज्ञान)

**गगनयान जल्द भरेगा उड़ान, अपना एस्ट्रोनॉट पूल भी बन रहा**



### शुभांशु से मुलाकात का जिक्र भी किया

**मोदी** ने कहा, 'हम अब स्पेस में डॉकिंग और अनडॉकिंग की क्षमता रखने वाले देशों में शामिल हो गए हैं। अभी तीन दिन पहले ही मेरी ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से मुलाकात हुई। ग्रुप कैप्टन शुभांशु के साथ मैंने नए भारत के युवाओं के सपने को देखा है। इन सपनों को आगे बढ़ाने के लिए हम भारत का एस्ट्रोनॉट पूल भी तैयार करने जा रहे हैं।

### बोले-हमने स्पेस सेक्टर में प्राइवेट सेक्टर को आने दिया

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा, 'एक समय था जब स्पेस सेक्टर को बेड़ियों में जकड़ दिया गया था। हमने उन बेड़ियों को तोड़ा और प्राइवेट सेक्टर को स्पेस सेक्टर में आने की इजाजत दी और आज देश में 350 से ज्यादा स्पेस स्टार्टअप्स हैं। जल्द ही प्राइवेट सेक्टर द्वारा बनाया गया पहला पीएसएलवी भी लॉन्च होगा। भारत की पहली प्राइवेट कम्युनिकेशन सैटेलाइट भी बनाई जा रही है। आज स्पेस डे के दिन मैं देश के स्पेस स्टार्टअप्स से कहूंगा क्या हम आने वाले 5 सालों में 5 यूनिकॉर्न खड़े कर सकते हैं?

### अगले पांच साल में इसरो हर हफ्ते लान्च करे एक रॉकेट

**पीएम** मोदी ने कहा कि अभी हम साल में 5-6 बड़े लॉन्च देखते हैं। मैं चाहता हूं कि अगले 5 सालों में इसरो हर हफ्ते एक रॉकेट लॉन्च कर सके, यानी साल में 50 लॉन्च। देश को जिन नेक्स्ट जेन रिफॉर्म्स की जरूरत है, उन्हें करने का सरकार के पास इरादा भी है और शक्ति भी। स्पेस टेक भारत में गवर्नेंस का भी हिस्सा बन रही है।

# सुक्खू सरकार ने पशु मित्र नीति-2025 को दी मंजूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के पशुपालकों की आय बढ़ाने और पशुधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पशु मित्र पॉलिसी-2025 को मंजूरी दी है। इस पॉलिसी के तहत, पशुपालन विभाग में पशु मित्रों की नियुक्ति की जाएगी, जिन्हें हर महीने 5,000 रुपए का मानदेय मिलेगा। यह भर्ती उन पशु चिकित्सालयों में की जाएगी जहां क्लास-फोर के पद खाली हैं। पशु मित्र के पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए और उनकी शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास निर्धारित की गई है।

**हर महीने मिलेगा 5000 रुपए मानदेय**

चयन प्रक्रिया के तहत, सबसे पहले उम्मीदवारों को एक फिजिकल टेस्ट पास करना होगा। इस टेस्ट में उन्हें 25 किलो वजन के साथ 100 मीटर की दूरी 1 मिनट में तय करनी होगी। फिजिकल टेस्ट पास करने वाले उम्मीदवारों को शैक्षणिक योग्यता के आधार पर अधिकतम 85 अंक दिए जाएंगे। इसके बाद, उनका चयन मेरिट के आधार पर किया जाएगा, जिसमें कुछ अतिरिक्त अंक भी शामिल होंगे। जिन उम्मीदवारों के घर पर पंजीकृत पशु हैं, उन्हें 4.5 अंक दिए जाएंगे। यदि उम्मीदवार उसी पंचायत का स्थानीय निवासी है, जहां उसकी नियुक्ति होनी है, तो उसे 1 अतिरिक्त अंक मिलेगा। एससी-एसटी, ओबीसी को 1 अंक, विधवा, तलाकशुदा और सिंगल वुमन को 1.5 अंक, बीपीएल परिवार और आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थियों को 1.5 अंक, सिंगल बेटी और अनाथ को 1 अंक मिलेगा।

### पशु मित्र को रोजाना 4 घंटे करना होगा काम

**पशु** मित्र को रोजाना 4 घंटे काम करना होगा और वे हर महीने एक दिन की छुट्टी के हकदार होंगे। महिला पशु मित्रों को 180 दिन का मातृत्व अवकाश और गर्भपात की स्थिति में 45 दिन का अवकाश भी मिलेगा। हालांकि, इस पॉलिसी में यह स्पष्ट किया गया है कि ये नियुक्तियां स्थायी नहीं होंगी और पशु मित्र नियमितीकरण के लिए कोई दावा नहीं कर सकेंगे।

# हाईकोर्ट ने कचरा प्रबंधन पर राज्य सरकार व निकायों से मांगी रिपोर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने ठोस अपशिष्ट और सीवरेज प्रबंधन को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए तीन अहम मामलों में राज्य सरकार और निकायों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।



अदालत ने स्पष्ट किया कि खराब प्रबंधन और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हमीरपुर के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र पर उठी शिकायतों पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश जीएस संधावालिया और न्यायमूर्ति रंजन शर्मा की खंडपीठ ने नगर पंचायत पर छह लाख रुपए का मुआवजा लगाया। अदालत ने पाया कि संयंत्र से दुर्गंध फैल रही है और संचालन में गंभीर कमियां हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को साइट निरीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया गया है।

### कोर्ट ने नारकंडा के सीवरेज प्लांट पर जताई चिंता

**एक** अन्य मामले में नारकंडा स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के ओवरफ्लो होने की शिकायत पर अदालत ने चिंता जताई। स्थानीय ग्रामीणों की परेशानी को गंभीर मानते हुए न्यायालय ने संबंधित विभाग को नोटिस जारी कर वर्तमान स्थिति की रिपोर्ट तलब की है।

### निकायों को पर्यटन शुल्क वसूलने का दिया का सुझाव

**तीसरे** मामले में अदालत ने राज्य सरकार को सुझाव दिया है कि स्थानीय निकायों को प्रवेश बिंदुओं पर पर्यटकों से अपशिष्ट प्रबंधन शुल्क वसूलने का अधिकार दिया जाए। साथ ही, प्लास्टिक अपशिष्ट और ईपीआर नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी जारी किए गए। इन तीनों मामलों की अगली सुनवाई 7 अक्तूबर को होगी।

# अनिल अंबानी के घर सीबीआई की छापेमारी

**एजेंसी, मुंबई।** सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने एक और बड़े बैंक फ्रॉड केस में कार्रवाई शुरू की है। मामला 2929 करोड़ रुपए के बैंक घोटाले का है, जिसमें रिलायंस कम्युनिकेशन लिमिटेड, डायरेक्टर अनिल अंबानी, अज्ञात सरकारी अफसरों और अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक, सीबीआई की टीमों ने सुबह 7 बजे से ही दिल्ली और मुंबई में अनिल अंबानी के छह ठिकानों पर छापेमारी की। यह मामला स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से जुड़ा है, जिसने 13 जून 2025 को अंबानी के एक अकाउंट को फर्जी घोषित किया था और 24 जून को इसकी जानकारी आरबीआई को दी थी। इससे पहले ईडी ने भी अनिल अंबानी और उनकी कंपनियों से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की थी। ईडी ने 17,000 करोड़ रुपए के बैंक लोन घोटाले को लेकर उनसे कई घंटों तक पूछताछ की थी। फिलहाल सीबीआई की छापेमारी जारी है और एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं। (अनंत ज्ञान)



# स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 12वीं कक्षा का रिवैल्यूएशन रिजल्ट किया घोषित

## अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं अपना परिणाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शनिवार शाम 12वीं कक्षा की नियमित परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन-पुनर्निरीक्षण का परिणाम घोषित कर दिया। बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि बोर्ड की ओर से मार्च, 2025 में संचालित की गई परीक्षा के घोषित परिणाम के बाद जिन अभ्यर्थियों ने रिवैल्यूएशन और रिचेकिंग के लिए आवेदन किया था, वे अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट से अपना परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पुनर्मूल्यांकन के परिणाम के बाद जिन परीक्षार्थियों के कुल अंकों में बढ़ोतरी हुई है और जिन्होंने अपने मूल प्रमाणपत्र बोर्ड कार्यालय से प्राप्त कर लिए हैं, ऐसे परीक्षार्थी अपना पुनर्मूल्यांकन परिणाम घोषित होने के 15 दिन के भीतर अर्थात सात सितंबर तक अपना मूल प्रमाणपत्र जमा दो कक्षा की परीक्षा शाखाओं में जमा करवा कर संशोधित मूल प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

### 10वीं के छात्र अढ़ाई माह से कर रहे इंतजार

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 12वीं कक्षा का रिवैल्यूएशन का रिजल्ट तो घोषित कर दिया, लेकिन 10वीं कक्षा के छात्र अढ़ाई माह बीत जाने के बाद भी रिवैल्यूएशन के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं। जाहिर है कि इससे हजारों स्टूडेंट्स और उनके अभिभावक बेचैनी में हैं। बता दें कि बीते 5 जून को पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख थी। हैरानी तो इस बात की है कि स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा ही कंपार्टमेंट के पेपर बीती 30 जुलाई तक खत्म हो गए हैं। अब जिन स्टूडेंट्स को पुनर्मूल्यांकन के रिजल्ट के बाद नए माहौल में जाना है, वे कंपार्टमेंट का एक चांस भी गंवा चुके हैं। गौर करने वाली बात यह है कि यदि कोई फेल स्टूडेंट था और रिवैल्यूएशन में वह पास हो जाता है या फिर उसकी किसी एक सब्जेक्ट में कंपार्टमेंट आती है, तो अगली क्लास में जाने के लिए उसके लिए कई दिक्कतें खड़ी हो जाएंगी।

# अमेरिका संग ट्रेड डील में किसानों और छोटे उत्पादकों के हित से समझौता नहीं : जयशंकर

## कहा- यह सिर्फ आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों से जुड़ा मुद्दा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत अमेरिका के साथ चल रही व्यापार वार्ता में कुछ 'रेड लाइंस' तय किए हुए हैं। रेड लाइंस मतलब एक ऐसी सीमा, जिसके पार कोई समझौता नहीं किया जा सकता। कार्यक्रम में विदश मंत्री ने आगे कहा कि सरकार किसानों व छोटे उत्पादकों के हितों से किसी भी हाल में समझौता नहीं करेगी। उन्होंने साफ कहा कि यह हमारे लिए न सिर्फ आर्थिक, बल्कि सामाजिक सरोकारों से जुड़ा मुद्दा है और यही वार्ता में भारत की मूल प्राथमिकता है। आर्थिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम में बोलते हुए जयशंकर ने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है, लेकिन इस वार्ता की सफलता या असफलता इस पर निर्भर करेगी कि भारत अपनी शर्तों पर कितना कायम रहता है। जयशंकर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कार्यशैली पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि ट्रंप जिस तरह से विदेश नीति को सार्वजनिक तौर पर चलाते हैं, वह पहले कभी नहीं देखा गया। यह परंपरागत अमेरिकी नीति से बड़ा बदलाव है और पूरी दुनिया इससे प्रभावित हो रही है। (अनंत ज्ञान)

### भारतीय पेट्रोलियम उत्पाद पसंद नहीं, तो न खरीदें

**भारत**-अमेरिका संबंधों में हाल ही में तनाव तब बढ़ा जब ट्रंप ने भारतीय सामान पर शुल्क दोगुना कर दिया। इसके अलावा, रूस से भारत द्वारा सस्ता कच्चा तेल खरीदने और उसे यूरोप व अन्य जगहों पर बेचने को लेकर भी अमेरिका ने आरोप लगाए। इस पर जयशंकर ने कहा कि अमेरिका का यह आरोप बेहद अजीब है, क्योंकि अगर उन्हें भारतीय तेल या पेट्रोलियम उत्पाद पसंद नहीं, तो वे खरीदें ही नहीं। उन्होंने कहा कि भारत किसी को खरीदने के लिए मजबूर नहीं करता, लेकिन अमेरिका और यूरोप खुद खरीदते हैं।



**विधानसभा** हिमाचल विधानसभा के मानसून सत्र में दिखा सत्ता पक्ष और विपक्ष में जबरदस्त टकराव

# बेरोजगारी-जॉब ट्रेनी पॉलिसी पर हुई तीखी बहस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र इस बार बहस और टकराव का पर्याय बन गया। पांच दिनों में इस सत्र में सत्ता और विपक्ष के बीच आपदा प्रबंधन पर गहरा द्वंद्व देखने को मिला। विपक्षी दल भाजपा ने कई बार सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया। कई बार यह वॉकआउट कार्यवाही में दर्ज हुआ तो कुछ मौकों पर बिना दर्ज हुए विपक्षी सदस्य सदन से बाहर चले गए। इन विरोध प्रदर्शनों ने पूरे सत्र को तीखा और चर्चित बना दिया।

प्रदेश में मानसून सीजन में आई प्राकृतिक आपदाओं से जुड़ी राहत और पुनर्निर्माण नीतियों पर विपक्ष ने सरकार को कठघरे में खड़ा किया। भाजपा विधायकों ने कहा कि सरकार की तैयारी कागजी है और जमीनी स्तर पर पीड़ितों को राहत नहीं मिल रही। जवाब में सत्ता पक्ष ने राहत पैकेज के साथ केंद्र से सहयोग न मिलने और पुनर्वास योजनाओं का हवाला दिया। मगर विपक्ष के आक्रोश का असर इतना गहरा था कि कार्यवाही कई बार ठप हो गई और सदन वॉकआउट की गूंज से बार-बार खाली हुआ।




**पांच दिन में सत्ता और विपक्ष के बीच आपदा प्रबंधन पर हुआ संग्राम**

आपदा के साथ ही युवाओं का मुद्दा भी सत्र की मुख्य धुरी रहा। बेरोजगारी और नई घोषित जॉब ट्रेनी पॉलिसी को लेकर सदन में लंबी बहस हुई।

विपक्ष ने इस नीति को 'युवाओं को छलने वाला दस्तावेज' बताया, जबकि सत्ता पक्ष ने इसे रोजगार की दिशा में पहला ठोस कदम करार दिया। विधानसभा मे युवाओं के भविष्य और प्रदेश की आर्थिक चुनौतियों को लेकर दोनों पक्षों के बीच तीखे शब्दों के बाण चले, जिनमें नीतिगत गहराई से ज्यादा राजनीतिक व्यंग्य का स्वर गूंजता रहा।

### सदन में एक-दूसरे पर हावी होने का प्रयास

**सदन** से लगातार वॉकआउट, आरोप-प्रत्यारोप और जनता से जुड़े सवालों ने इस मानसून सत्र को लोकतंत्र की एक तपती भट्ठी बना दिया है। यहां सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ने अपनी-अपनी ज़मीन मजबूत करने की कोशिश की। सड़क से लेकर स्कूल, आपदा से लेकर रोजगार तक हर विषय पर सदन गूंजा, लेकिन अंततः सबसे गहरी छाप आपदा प्रबंधन और युवाओं की चिंताओं ने छोड़ी। यह सत्र केवल राजनीतिक दलों की भिड़ंत नहीं, बल्कि हिमाचल की चुनौतियों का आईना साबित हो रहा है। अब आगे देखना यह होगा कि यह सत्र किस रंग रूप के साथ आगे बढ़ता है और किस तरह से सत्ता पक्ष और विपक्ष एक-दूसरे पर हावी होने के प्रयास करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### शहर के कुछ क्षेत्रों में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में 24 अगस्त को लाइनों की आवश्यक मरम्मत एवं पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते वन विभाग की कॉलोनी, गांधी चौक, अप्पर बाजार, नादौन चौक, ठाकुर नर्सिंग होम, वार्ड नंबर-7 और आसपास के क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। एसडीओ सौरभ राय ने बताया कि अगर 24 अगस्त को मौसम खराब रहता है तो यह कार्य 31 अगस्त को किया जाएगा।

### सराहकड़ गांव के रिशव का नवोदय में चयन

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** साईं यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल कलंझडी देवी स्थित खरोह के छात्र रिशव ठाकुर का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी के लिए हुआ है। इस उपलब्धि पर स्कूल प्रिंसिपल सुनीता ठाकुर ने रिशव ठाकुर का मुंह मीठा करवा कर बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। रिशव ठाकुर के पिता राजेंद्र कुमार प्राइवेट नौकरी करते हैं। जबकि माता सुमन देवी ग्रहणी है रिशव ठाकुर निवासी सराहकड तहसील व जिला हमीरपुर से संबंध रखते हैं और बचपन से ही पढ़ाई में काफी होनहार है और जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा उत्तीर्ण करके रिशव ठाकुर ने अपने बौद्धिकता का परिचय दिया है और अपने माता-पिता का क्षेत्र और स्कूल का नाम रोशन किया है और स्कूल के दूसरे छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बना है।

### जयराम और सिद्धार्थन ने धूमल से की मुलाकात



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और भाजपा संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने बीती देर शाम पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से उनके समीरपुर स्थित आवास पर मुलाकात की। तीनों नेताओं के बीच विभिन्न संगठनात्मक एवं राजनीतिक मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। बैठक सकारात्मक एवं रचनात्मक माहौल में संपन्न हुई। इससे पहले जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, महामंत्री अजय रिंटू, उपाध्यक्ष चमन ठाकुर, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष कपिल शामा, मंडल अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा, मंडल महामंत्री तेन सिंह, मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष दीक्षित गौतम, एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने हमीरपुर के सर्किट हाउस में दोनों नेताओं का स्वागत किया।

### प्रशिक्षु अध्यापकों ने बनाए पौष्टिक व्यंजन

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** त्रिशा कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन में कॉलेज अध्यक्ष एन के शर्मा के मार्गदर्शन में अनुभवात्मक शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बी एड तथा डी एल एड के प्रशिक्षु अध्यापकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । जिसके तहत बिना आग के विभिन्न तरह के स्वादिष्ट व पौष्टिक व्यंजन बनाकर कार्यक्रम को रुचिकर बनाया। कॉलेज अध्यक्ष एन के शर्मा ने बताया कि इस अनुभवात्मक शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होना, शिक्षा को हस्तशिल्प के साथ जोड़ना, और बच्चों के मस्तिष्क, हृदय और हाथों का समग्र विकास करना है। इसके माध्यम से प्रशिक्षु अध्यापकों को नया ज्ञान और आत्मनिर्भर बनाना है। कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्या डॉ पूनम भारद्वाज ने कहा कि अनुभवात्मक शिक्षा जो व्यक्ति के नैतिक, बौद्धिक और शारीरिक विकास पर केंद्रित है। इस उपलक्ष पर कॉलेज के बी एड तथा डी एल एड के प्रशिक्षु अध्यापक तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### भोटा में स्काउट एंड गाइड्स ने की परेड

**संजीव, अनंत ज्ञान, भोटा।** आज पीएमश्री रावमा पाठशाला भोटा में भारत, स्काऊट एंड गाइड्स के तृतीय सोपान टैस्टिंग कैंप का तीसरा दिन है। आज सुबह छह बजे वोपी-6 में बच्चों को परेड करवाई गई। प्रधानाचार्या सनम के सानिध्य में गाइड्स ने स्काऊट एंड गाइड्स का झंडा फहराया। इसके बाद प्रथम सत्र में जिला संगठन आयुक्त प्रवीण जंबाल, सुमन, आशा और रीना कुमारी ने सभी गाइड्स को सैल्यूट, आदर्श वाक्य (मोटो) और ड्यूटी चेंज के बारे में जानकारी दी। इसके बाद एसी आई निर्मला देवी ने गाइड्स को आत्म सुरक्षा, अच्छा और बुरा स्पर्श और ट्रोफिक के बारे में जानकारी दी। जिला उपनिदेशक शिक्षा हमीरपुर ने इस कैंप का औचक निरिक्षण किया। उनके साथ प्रधानाचार्य रावमापा हमीरपुर और सचिव जिला स्काऊट एंड गाइड्स राजेश हमदर्द उपस्थित रहे।

### अरुण व युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अदालत में हुए पेश



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर में 2017 में युवा मोर्चा द्वारा तत्कालीन कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ किए गए विरोध प्रदर्शन को लेकर दर्ज मुकदमे में शनिवार को हमीरपुर में अरुण धूमल व अन्य युवा मोर्चा के उस समय के कार्यकर्ताओं के साथ अदालत में पेश हुए।

### भोरंज में पुनः दौड़ी हमीरपुर-चंदरूही बस, जताया आभार

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** लंबे समय से बंद पड़ी हमीरपुर-काले अंब-टौणीदेवी-अवाहदेवी-चंबोह-बड़ोह-भरेड़ी-जडोह-सही द घाट-बैरी-भुक्कड़-चन्दरूही रूट पर बस सेवा दोबारा शुरू हो गई है। ग्रामीण प्रकाश चंद, सुभाष चंद, रविकांत, ख्याली राम, चिरंजी लाल, रोशन लाल, कांशी राम, विजय, लता देवी इत्यादि ने विधायक सुरेश कुमार का आभार व्यक्त किया है। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी क्षेत्र की अन्य बंद पड़ी रूटों पर बस सेवाएं बहाल होंगी, ताकि आम जनता को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### स्वच्छता से ही सुंदर बनता है क्षेत्र : रमेश ठाकुर

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान, जाहू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय विशेष शिविर आयोजित हुआ। प्रधानाचार्य रमेश ठाकुर ने स्वयं सेवियों को स्वच्छता और समाज सेवा का महत्व बताया। विद्यार्थियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मार्ग और स्कूल परिसर की सफाई की। क्यारियों से खरपतवार हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी राम लाल, अमृतंजना शर्मा सहित शिक्षक उपस्थित रहे। स्वयं सेवियों ने अनुशासन में रहकर उत्कृष्ट कार्य कर दूसरों के लिए मिसाल पेश की।

# एनआईटी हमीरपुर देश के शीर्ष इंजीनियरिंग व आर्किटेक्चर संस्थानों में हो गया शुमार

## इंडिया टुडे रैंकिंग-2025 में पाया उपलब्धि भरा मुकाम, संस्थान में उत्सव का माहौल

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** यहां स्थित सूबे के एकमात्र राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) ने एक बार फिर देश के अग्रणी उच्च शिक्षा संस्थानों में अपना स्थान बना लिया है। प्रतिष्ठित इंडिया टुडे बेस्ट कॉलेज रैंकिंग 2025 (एमडीआरए के सहयोग से जारी) में संस्थान ने उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किए हैं। इसके आर्किटेक्चर विभाग को देशभर में सातवां स्थान मिला है, जिससे यह विभाग आईआईटी रुड़की, एसपीए नई दिल्ली, एसपीए विजयवाड़ा, एसपीए भोपाल और जामिया मिल्लिया इस्लामिया जैसे प्रमुख संस्थानों की श्रेणी में शामिल हो गया है। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में



सूर्यवंशी, संस्थान के निदेशक



राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जिसने शानदार उपलब्धि हासिल की है।

एनआईटी हमीरपुर ने अखिल भारतीय रैंकिंग में 22वां स्थान हासिल किया है, जो पिछले वर्ष के 24वें स्थान से एक उल्लेखनीय सुधार है।

यह रैंकिंग विभिन्न मानकों जैसे इंटेक क्वालिटी एवं गवर्नेंस, अकादमिक एक्सीलेंस, इंफ्रास्ट्रक्चर एवं लिविंग एक्सपीरियंस, प्लेसमेंट एवं परफॉर्मेंस तथा परसेप्चुअल स्कोर पर आधारित है। संस्थान के निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी ने कहा कि ये रैंकिंग संस्थान के सतत प्रयासों को दर्शाती हैं, जिनके माध्यम से छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, शोध के अवसर और उद्योग से जुड़ाव उपलब्ध कराया जाता है।

उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग और आर्किटेक्चर दोनों ही क्षेत्रों में एनआईटी हमीरपुर का चमकना गर्व की बात है, जबकि रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना संतोष नानोटी ने कहा कि दोनों श्रेणियों में शीर्ष स्थान प्राप्त करना हमारे संकाय और छात्रों की मेहनत का परिणाम है। यह उपलब्धि हमें शैक्षणिक और शोध उत्कृष्टता की दिशा में और अधिक प्रेरित करती है।

**छात्रों का बना आकर्षक गंतव्य**

इन उपलब्धियों के साथ एनआईटी हमीरपुर देशभर के इंजीनियरिंग और आर्किटेक्चर अभ्यर्थियों के लिए सबसे आकर्षक गंतव्यों में से एक के रूप में और अधिक सशक्त होकर उभर रहा है। काबिले गौर यह है कि कुछ साल पहले तक इस संस्थान का रैंकिंग के मामले को लेकर लगातार जारी गिरावट परेशानी का सबक बन गई थी, लेकिन अब इस साल से इसमें सुधार लगातार जारी है।

## सुजानपुर-पालमपुर मार्ग बार-बार बंद पहाड़ी से मलबा गिरने से बढ़ा खतरा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर-पालमपुर मार्ग पर ब्यास नदी के पास स्थित पुल के समीप लगातार पहाड़ी से मलबा गिरने से यातायात बार-बार बाधित हो रहा है। शनिवार को भी तड़के भारी मलबा गिरने से यह मार्ग बंद हो गया, जिसे लोक निर्माण विभाग ने कुछ समय बाद बहाल किया। शनिवार देर रात करीब 8 बजे भी मलबा गिरा था, जिससे सुजानपुर-पालमपुर और सुजानपुर-संधोल मार्ग पूरी तरह बंद हो गया।

इससे पहले वीरवार रात करीब 9 बजे भी भारी मलबा गिरा था, जिसे विभाग ने एक घंटे के भीतर हटाकर रास्ता खोला। शुक्रवार को फिर से भारी मलबा गिरा, लेकिन सौभाग्यवश एक दोपहिया वाहन चालक कुछ सेकंड पहले ही उस स्थान से गुजर गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। शनिवार को भी दिनभर रुक-रुक कर मलबा गिरता रहा, जिससे सड़क को भी खतरा उत्पन्न हो गया है। तीनों दिशाओं से आने-जाने वाले मार्ग बंद होने के कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

एसडीओ विजय धीमान ने बताया कि पहाड़ का बड़ा हिस्सा बार-बार सड़क पर गिर रहा है। फिलहाल जेसीबी मशीन से मलबा हटाया जा रहा है। विभाग ने इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए क्षेत्र का सर्वे करवाने और सॉइल टेस्टिंग कराने की योजना बनाई है, जिसके लिए फंड की आवश्यकता होगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगली बरसात से पहले स्थायी समाधान कर लिया जाएगा।



सुजानपुर-पालमपुर मार्ग पर गिरा ल्हासा, जिससे मार्ग अवरुद्ध हो गया।

## भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे नेता भाजपा में शामिल : कौशल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने के भाजपा नेताओं के कथन पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा है कि देश में भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे तमाम नेताओं को तो भाजपा में शामिल कर लिया गया और यह सिलसिला बदस्तूर जारी है। कौशल ने कहा कि देश में केंद्र सरकार के खिलाफ़ जो माहौल बना है, उसकी घबराहट सत्ताधारी नेताओं के चेहरे पर स्पष्ट दिखाई दे रही है और इसी घबराहट के चलते अंधे कानून बना कर विपक्षी नेताओं को डराने एवं साधने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और भाजपा एक दूसरे का प्राय: बन चुके हैं। भाजपा तो भ्रष्टाचारियों की ऐसी पनाहगाह बन चुकी है जिसमें जेल भेजने की बजाए उन्हें सरंक्षण देने के साथ साथ बड़े बड़े पदों से पुरस्कृत किया जा चुका है।



## बाघनाला में फोरलेन निर्माणाधीन क्षेत्र में जलभराव बना परेशानी का कारण

**लोगों ने लगाई प्रशासन से गुहार**

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** नादौन के बाघनाला क्षेत्र में निर्माणाधीन फोरलेन फ्लाईओवर के पास जलभराव ने स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। थोड़ी सी बारिश होने पर भी सड़क पर दो से तीन फुट तक पानी जमा हो जाता है, जिससे लोगों का आना-जाना मुश्किल हो जाता है। खासकर पैदल चलने वाले, स्कूल जाने वाले बच्चे और दोपहिया वाहन चालक इससे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

स्थानीय निवासी राजदीप कुमार, सतीश शर्मा, प्रकाश चंद, सिमरो देवी, मनीष कुमार, साविता कुमारी, राजेश कुमार व अन्य लोगों ने बताया कि फोरलेन निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है। सर्विस रोड का गंदा पानी भी मुख्य सड़क पर जमा हो जाता है। कई दोपहिया वाहन फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं और लोग चोटिल हुए हैं। लोगों ने शिकायत की है कि बारिश के पानी के साथ आने वाले दलदल और कीचड़ के कारण राहगीरों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है, क्योंकि बड़े वाहनों के गुजरने से कीचड़युक्त पानी उछलकर कपड़े और सामान गंदा कर देता है।

बेला क्षेत्र में कुछ घरों में बारिश का पानी घुस गया, जिसे निकालने के लिए प्रशासन ने फायर ब्रिगेड की मदद ली। एसडीएम राकेश शर्मा ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत राहत कार्य शुरू कर दिए गए हैं और नेशनल हाईवे अधिकारियों को जल निकासी की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए जाएंगे। बारिश के चलते नादौन के सेरी क्षेत्र में स्थित एक प्राचीन समाधि भी गिर गई, जिससे स्थानीय लोगों की धार्मिक आस्था को आघात पहुंचा है।

## उपभोक्ता संगठन ने उठाए जनहित के मुद्दे

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कालिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिलेभर की विभिन्न जनसमस्याओं पर चर्चा की गई और प्रशासन से इनका शीघ्र समाधान करने की अपील की गई। महासचिव मनोहर लाल कांगो ने बताया कि हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण सड़कों के किनारे की नालियां जाम हो गई हैं। इससे बारिश का पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे सड़कों को क्षति पहुंच रही है और वाहन चालकों को भी भारी दिक्कत हो रही है। लोक निर्माण विभाग से इनकी जल्द सफाई की मांग की गई है।

बैठक में भुआणा गांव के लिए चलने वाली तीन बसों के बंद होने का मुद्दा भी उठाया गया। बारिश के कारण सेवा अस्थायी रूप से बंद की गई थी, लेकिन अब जब मौसम सामान्य हो गया है, तो नियमित बस सेवा फिर से शुरू की जाए। साथ ही, भुआणा तक जाने वाली लिंक रोड की हालत बेहद खराब है और भूस्खलन के कारण यह मार्ग चलने योग्य नहीं रहा। संबंधित विभाग से इसे शीघ्र दुरुस्त करने की अपील की गई।



उपभोक्ता संगठन की बैठक में गणमान्यों ने कई मुद्दे उठाए तथा उनका समाधान मांगा

**जिला प्रशासन से समाधान की उठाई मांग**

अणुटियाला से सैशन हाउस तक जाने वाली सड़क पर जलभराव की समस्या का भी जिक्र किया गया। बरसात के दिनों में मेन रोड से पानी बहकर इस सड़क पर आता है, जिससे यहां रहने वाले लोगों, विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और कॉलेज के छात्रों को चलने में कठिनाई होती है। पानी की निकासी के लिए पाइपलाइन डालकर इसे मुख्य नाली से जोड़े जाने का सुझाव दिया गया।

इसके अतिरिक्त मृदुल चौक के पास ट्रकों द्वारा गंदगी फैलाने, डुग्घा स्कूल के पास तीखे स्पीड ब्रेकरों और हीरानगर चौक पर पुलिस की कमी जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। बैठक में एस. के. कौड़ा, हेमराज शर्मा, संतोष पटियाल, रोशन लाल पटियाल, पी. एन. शर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## रोटी क्लब हमीरपुर ने सीनियर सिटीजन किए सम्मानित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** विश्व सीनियर सिटीजन दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब हमीरपुर द्वारा हमीरपुर के उल्लेखनीय सीनियर सिटीजन को सम्मानित किया गया। हिमाचल पर्यटन के होटल हमीर में आयोजित इस कार्यक्रम में 12 वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। क्लब के प्रेसिडेंट डॉ. भगवती प्रशाद शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष 21 अगस्त को इस दिवस का आयोजन किया जाता है। यह दिवस सीनियर सिटीजन द्वारा समाज एवं राष्ट्र के लिए उनके अभूतपूर्व योगदान एवं सेवाओं को याद करने तथा उन्हें सम्मानित करने का एक अवसर प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में हमीरपुर के प्रतिष्ठित वरिष्ठ नागरिकों डॉ. प्रेम ठाकुर, डॉ. अनिल वर्मा, कर्नल एमएम शर्मा, डॉ. राजू चोपड़ा, समाजसेवी एनके शर्मा, इंजीनियर एसके धीमान, समाजसेवी सतीश कपिल, रोटेरियन अनिल कपिल, एडवोकेट किशोर शर्मा, डॉ. दिनेश ठाकुर, रोटेरियन विनोद ठाकुर, रोटेरियन अरुण कपिल प्रो जेपी अग्निहोत्री व डॉ. रविंदर मल्होत्रा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के डॉक्टर विवेक शर्मा सहित सभी रोटेरियन उपस्थित रहे।

## हिम अकादमी विकास नगर में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर हमीरपुर में शनिवार को कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन शहीद भगत सिंह हॉल में किया गया। प्रतियोगिता में पांच टीमों ने भाग लिया और अपनी वैज्ञानिक समझ, त्वरित सोच और टीमवर्क का शानदार प्रदर्शन किया। क्विज का संचालन सुश्री अमृता, सुश्री शिखा और श्री साहिल द्वारा किया गया, जबकि मूल्यांकन का कार्य श्री विकास, श्री सुम्मी और श्रीमती नेहा ने किया। प्रतियोगिता में टीम 'त्र' (शश्वत एवं विशेष) विजेता रही, टीम 'क्च' (नीलाक्षी एवं सादिक) उपविजेता बनी, और टीम 'श्व' (आनंदिता एवं राशी) ने द्वितीय उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। इस आयोजन ने छात्रों में ज्ञान, आत्मविश्वास, समस्या समाधान क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित किया। दर्शकों और शिक्षकों ने सभी प्रतिभागियों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। यह प्रतियोगिता विद्यालय के लिए एक यादगार शैक्षणिक उपलब्धि बन गई।

## समताना भोटा वाया जनैहण से रेलिंग गायब, ब्लैक स्पाट बना

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** बड़सर उपमंडल के अंतर्गत पड़ने बाली समताना जनैहण वाया भोटा सड़क मार्ग से पिछले काफी अरसे से रेलिंग गायब है। इसके चलते जनहैण के पास वना ब्लैक स्पॉट हादसे को न्योता दे रहा है। इस सड़क मार्ग से होकर हर रोजसेक प्राचीन शिवा मंदिर संमताणा में भी श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। कल को अगर कोई हादसा पेश आता है इसका कौन जिम्मेदार होगा ? सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार यह रेलिंग काफी टाइम पहले चोरों ने उखाड़ कर ले गए थे। लंबा अरसा बीत जाने के बाद भी विभाग की नजर इस सड़क मार्ग की संकीर्ण सड़क पर नहीं पड़ी है, लगता विभाग भी भी कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। बरसात का मौसम है अगर गलती से भी गाड़ी का पहिया थोड़ा बाहर निकल जाता है या फिर गाड़ी के साथ कोई हादसा होने से जान माल का नुकसान हो सकता है। इससे पहले भी उक्त स्थान पर एक कार क्षतिग्रस्त होने से एक महिला की मौत हो गई थी। उसके बाद भी विभाग की अगर आंख नहीं खुलती है। तो राम भरोसे पर ही सब कुछ टिका हुआ है।

स्थानीय लोगों ने विभाग से रेलिंग लगाने की पुरजोर मांग की है। इस संदर्भ में जब एसडीओ पीडब्ल्यूडी विभाग सुरेश कोंडल से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया की आपके माध्यम से जानकारी मिली है, बहुत जल्दी उक्त स्थान पर बरसात खत्म होने के बाद रेलिंग लगा दी जाएगी।

## विक्रेताओं और सचिवों का शोषण बंद करें सहकारी सभाएं : कवि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** प्रदेश डिपो संचालक समिति के अध्यक्ष अशोक कवि ने सहकारी सभाओं की प्रबंधन समितियों पर विक्रेताओं और सचिवों के आर्थिक व मानसिक शोषण का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि उन्हें सेवा नियमों के अनुसार वेतन नहीं दिया गया, तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन छेड़ा जाएगा। जरूरत पड़ी तो न्यायालय का भी सहारा लिया जाएगा। शनिवार को जारी बयान में कवि ने कहा कि समितियों को राजनीति से ऊपर उठकर सहकारी सभाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई सभाओं की हालत इतनी खराब है कि उनके पास न भवन हैं, न राशन खरीदने के लिए पूंजी। विक्रेता अपनी जेब से पैसे खर्च कर राशन वितरण करते हैं, लेकिन उन्हें उचित वेतन नहीं दिया जाता उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रबंधन समितियां खाद्य आपूर्ति निगम से मिलने वाले 4त्न कमीशन का आधा हिस्सा खुद रखती हैं, जिससे विक्रेता आर्थिक रूप से पीड़ित हो रहे हैं। उन्होंने चुनावों में राजनीतिक हथकंडों से भी बचने की सलाह दी।



## भारत के अंतरिक्ष ज्ञान का अध्ययन करें छात्र : डॉ. राजेश

**भौतिकी विभाग ने मनाया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग ने शनिवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ. राजेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस वर्ष की थीम थी 'आर्यभट्ट से गगनयान : प्राचीन ज्ञान से असीम संभावनाओं तक।'

डॉ. राजेश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत हर वर्ष 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाता है, जो चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता की याद दिलाता है, जब भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। यह न केवल एक वैश्विक उपलब्धि थी, बल्कि भारत को इस क्षेत्र में अग्रणी राष्ट्रों की श्रेणी में भी स्थापित करती है। उन्होंने बताया कि भारत की अंतरिक्ष यात्रा आर्यभट्ट जैसे महान गणितज्ञों और खगोलशास्त्रियों से शुरू होकर आज गगनयान मिशन तक पहुँच चुकी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे भारत के प्राचीन वैज्ञानिक ज्ञान का अध्ययन करें और उसे आज के विज्ञान व तकनीक में नवाचार के रूप में उपयोग करें।

इससे पूर्व कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत के योगदान के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई गई। कुलपति प्रो. राजेंद्र वर्मा व कुलसचिव कमल देव सिंह कंवर ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी और भविष्य में इस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य की प्रेरणा दी।

**आयोजन** हैप्स में रोचक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन, लिया बढ़-चढ़कर भाग

## हैप्स ऑडिटोरियम ऊर्जा और विचारों की गूंज से रहा सराबोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, हमीरपुर में जूनियर बोर्डर विद्यार्थियों के लिए एक अत्यंत रोचक, ज्ञानवर्धक और संवादात्मक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता स्कूल के ऑडिटोरियम में संपन्न हुई, जिसका विषय था – 卐पुस्तकें और फिल्में – कौन अधिक आनंददायक? इस विषय ने बच्चों की सोच, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति कौशल को उजागर करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया।

सभी जूनियर बोर्डर विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह से प्रतियोगिता में भाग लिया और पक्ष-विपक्ष में प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए। पुस्तकों के पक्ष में बोलने वाले प्रतिभागियों ने कहा कि पुस्तकें कल्पनाशक्ति को विस्तार देती हैं, गहन ज्ञान प्रदान करती हैं और जीवनभर एक सच्चे मित्र की तरह साथ निभाती हैं। वहीं, फिल्मों के पक्ष में खड़े छात्रों ने कहा कि दृश्य और श्रव्य माध्यम के कारण फिल्में अधिक प्रभावशाली होती हैं और कम समय में पूरी कहानी को रोचक ढंग से प्रस्तुत कर देती हैं।




हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, हमीरपुर में वाद-विवाद प्रतियोगिता में जूनियर छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, आलोचनात्मक सोच, तार्किक क्षमता और सार्वजनिक भाषण कौशल को विकसित करना था। कार्यक्रम को श्रोताओं की सक्रिय सहभागिता ने और भी रोचक बना दिया, जहां उन्हें भी अपनी राय साझा करने का अवसर मिला। प्रतियोगिता का मूल्यांकन आर्यन शर्मा द्वारा किया गया।

आयोजन की सराहना प्रधानाचार्या श्रीमती नैना लखनपाल, अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा, उप प्रधानाचार्य श्री अश्वनी कुमार शर्मा, डीएसडब्ल्यू श्री संजीव कुमार और डीडीएसडब्ल्यू कमल सिंह द्वारा की गई। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों की टीम को उनके सफल आयोजन के लिए बधाई दी। वाद-विवाद प्रतियोगिता का संचालन अशोक सिंह गुलेरिया और अंकीता चौहान ने किया।

इस आयोजन में होस्टल पैरेंट्स रविक्षा शर्मा और प्रतीक्षा वर्मा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा, जबकि तकनीकी सहयोग श्री रजत और श्री नवीन द्वारा प्रदान किया गया। हैप्स ऑडिटोरियम जूनियर वक्ताओं की ऊर्जा और विचारों की गूंज से सराबोर रहा।

## अध्यापकों की विज्ञान, इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी व गणित की क्षमता बढ़ाई

**4 स्कूलों के शिक्षकों ने लिया कार्यशाला में भाग**

**अनंत ज्ञान, नादौन**

विज्ञान और गणित के शिक्षकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, 'इंस्पायरिंग क्रिएटिव माइंड्स फॉर फ्यूचर इनोवेशन विद स्टेम एक्सप्लोरेशन', 20 और 22 अगस्त को डाइट हमीरपुर स्थित गौना करौर के परिसर में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम शिक्षकों में एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) की क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम का उद्घाटन उप निदेशक गुणवत्ता नवीन कुमार ने किया, जिन्होंने इस पहल की व्यापक दृष्टि और शिक्षा में हाथों-हाथ अनुभव के महत्व पर जोर दिया। डाइट के प्रिंसिपल मदन बन्याल ने भी शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी की आवश्यकता पर बात की और कहा कि यह कार्यक्रम विज्ञान और गणित को प्रौद्योगिकी के साथ मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस कार्यक्रम के लिए दो बैच बनाए गए थे। जिला समन्वयक पूनम शर्मा ने बताया कि पहले बैच में नादौन और हमीरपुर ब्लॉक के 21 स्कूलों के 42 शिक्षकों ने भाग लिया, जबकि दूसरे बैच में भोरंज और सुजानपुर ब्लॉक के 23 स्कूलों के 46 शिक्षकों ने हिस्सा लिया।

मास्टर ट्रेनर महिपाल गुर्जर और इंस्ट्रक्टर घूमी सिंह और अक्षय कुमार ने शिक्षकों को ब्लॉक-आधारित कोडिंग, पायथन प्रोग्रामिंग, मशीन लर्निंग, और 3डीएक्सआर एक्सटेंडेड रियलिटी जैसे विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया। यह कार्यक्रम समग्र शिक्षा, डाइट हमीरपुर, समर्पित शिक्षकों और डीपीओ नवीन कुमार व डाइट प्रिंसिपल शमदन बन्याल के सामूहिक प्रयासों से सफल हुआ।

## कमला के जज्बे को सलाम...

# बच्चे के टीकाकरण के लिए स्टाफ नर्स ने छह फुट जंप मार पार किया नाला



नाले को पार करती स्टाफ नर्स कमला।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले की एक निष्ठावान महिला स्वास्थ्य कर्मचारी ने अपने कर्तव्य का पालन करते हुए वह कर दिखाया जो आमतौर पर असंभव माना जाता है। चौहारघाटी क्षेत्र में तैनात कमला नाम की स्वास्थ्य कर्मी ने उफनते नाले को छह फुट लंबी छलांग लगाकर पार किया, ताकि दो महीने के शिशु को टीका लगाया जा सके। यह घटना उस समय की है जब क्षेत्र में बादल फटने से बाढ़ जैसी स्थिति बन गई थी और गांव तक पहुंचने वाला पुल बह चुका है। इस साहसी प्रयास का 47 सेकंड का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कमला नाले के तेज बहाव के ऊपर बड़ी चट्टानों से छलांग लगाकर पार करती हैं। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. संजय गुप्ता ने कहा कि कमला को ऐसा जोखिम उठाने के निर्देश नहीं दिए गए थे। यह उनका स्वैच्छिक और साहसिक निर्णय था। विभाग द्वारा उनके साहस और समर्पण की सराहना की जा रही है और उन्हें सम्मानित करने का प्रयास किया जाएगा। कमला वर्तमान में पीएचसी सुधार में तैनात है।

# सेब बागवानों के अरमानों पर निजी कंपनियों ने मारी 'चोट'

## दामों ने बढ़ाई चिंता, अडानी सहित अन्य निजी खरीदारों ने निर्धारित किए कम दाम

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**शिमला।** हिमाचल के सेब उत्पादक, भरपूर फसल के बाद अब निजी कंपनियों की कीमतों से हताश हैं। सेब की लालिमा के साथ उनके चेहरों पर जो मुस्कान थी, वह अब चिंता की लकीरों में बदल चुकी है। जब से अदानी एग्रोफ्रेश व अन्य निजी कंपनियों ने सेब खरीद के लिए अपने रेट कार्ड जारी किए हैं, तब से बागवानों के मन में यह सवाल कौंध रहा है कि क्या उनकी सालों की मेहनत का फल उन्हें मिलेगा या फिर एक बार फिर वे बाजार की शक्तियों के आगे घुटने टेकने को मजबूर होंगे।

जानकारी के अनुसार इस बार सेब का यह सफर आर्थिक चुनौतियों से भरा लग रहा है। पिछले सालों की तुलना में इस बार निजी कंपनियों की कीमतें काफी कम हैं, जिससे बागवानों की उम्मीदों पर तुषारापात हुआ है। यह स्थिति न केवल उनकी वर्तमान आय को प्रभावित कर रही है, बल्कि भविष्य के लिए भी अनिश्चितता पैदा कर रही है।

इस साल सेब की खरीद के लिए चार प्रमुख निजी कंपनियों ने अपनी दरें जारी की हैं, जिनमें कीमतों में बड़ा अंतर देखा जा रहा है। सबसे अच्छी गुणवत्ता वाले एलएमएस (लार्ज, मीडियम, स्मॉल) सेब के लिए नारकंडा फ्रूट वैली और बिलासा ट्रेडिंग कंपनी ने 91 प्रति किलो का रेट दिया है, जबकि किसान मंच ने इसे 90 और अदानी एग्रोफ्रेश ने 85 प्रति किलो पर तय किया है। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि अडानी जैसी बड़ी कंपनी ने भी सबसे अच्छी गुणवत्ता वाले सेब के लिए सबसे कम दाम रखे हैं, जिससे बाजार की अन्य दरें भी प्रभावित हो रही हैं। इसी तरह 60-80 फीसदी रंग (एक्स्ट्रा फैंसी) वाली श्रेणी में भी कीमतें अलग-अलग हैं। बिलासा ट्रेडिंग ने 71 प्रति किलो, नारकंडा फ्रूट वैली ने 65, अडानी एग्रोफ्रेश ने भी 65 और किसान मंच ने 66 का रेट दिया है। यहां भी कीमतों में 5-6 रुपए का अंतर है।

बाजार की इन दरों में सबसे बड़ा फर्क ईईएस (एक्स्ट्रा एक्स्ट्रा स्मॉल) और पिट्टू जैसी छोटी श्रेणियों में देखने को मिलता है। ये श्रेणियां उन सेबों के लिए हैं, जो गुणवत्ता या आकार में थोड़े कम होते हैं। किसान मंच ने ईईएस के लिए 66 और ईएल (एक्स्ट्रा लार्ज) और पिट्टू के लिए 54 का रेट रखा है। वहीं, नारकंडा में ईएसएस-200 के लिए 65 और पिट्टू के लिए 55 है। बिलासा ट्रेडिंग में 200 के लिए 67 और पिट्टू के लिए 50 है, जबकि अदानी एग्रोफ्रेश ने ईईएस के लिए 65 और पिट्टू के लिए 45 का रेट दिया है। इन दरों में भी बड़ा अंतर है। सबसे ज्यादा नुकसान बागवानों को अंडर साइज और कम रंग वाली श्रेणी में हो रहा है। किसान मंच और नारकंडा दोनों ने अंडर साइज (सभी रंग) के लिए 18 से 20 प्रति किलो का रेट दिया है, जबकि अडानी में यह 20 है। इन कीमतों में पैकिंग और ढुलाई का खर्च भी नहीं निकलता, जिससे बागवानों को मजबूरन इन सेबों को कम दाम पर बेचना पड़ रहा है।

### बाजार की बेरुखी और बागवानों की बदहाली

**जानकारों** का कहना है कि जब बड़ी निजी कंपनियां सेब खरीदने के लिए बाजार में उतरती हैं, तो वे अपनी दरों के साथ आती हैं, जिससे बाजार की पूरी तस्वीर बदल जाती है। वे सेब के वर्गीकरण के लिए कई जटिल मापदंड तय कर देते हैं, जिससे अच्छी गुणवत्ता वाले सेब की भी कीमत कम हो जाती है। यह सीधे तौर पर बाजार मूल्य को प्रभावित करता है, जिससे मंडियों में भी सेब के दाम गिर जाते हैं। हालांकि, कुछ बागवानों का यह भी कहना है कि निजी कंपनियों से भुगतान जल्दी मिलता है और काम में पारदर्शिता रहती है, लेकिन कम दरें उनकी आय पर सीधा असर डालती हैं। इस स्थिति को देखते हुए बागवान सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं, ताकि उन्हें उनकी मेहनत का सही दाम मिल सके और वे आर्थिक रूप से मजबूत हो सकें।

# सड़कों और विकास कार्यों के लिए केंद्र से अब तक मिले 3952 करोड़ : विक्रमादित्य



लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश में सड़कों और विकास कार्यों को गति देने के लिए केंद्र सरकार से पिछले अढ़ाई साल में 3952 करोड़ रुपए लाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग तीव्रता से कार्य कर रहा है और क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य हो रहे हैं। मंत्री ने यह बात शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत डोमैहर, हिमरी और ओगली के दो दिवसीय दौरे के दौरान आयोजित मंत्री आपके द्वार कार्यक्रम में कही।

### हिमरी डोमैहर और ओगली पंचायतों में सुनीं जनसमस्याएं

मंत्री ने डोमैहर में बताया कि पंचायत में वर्तमान में 8.16 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य चल रहे हैं। मतलोड़ मार्ग के लिए वन विभाग की टीम जल्द निरीक्षण करेगी और मामले को एफसीए के तहत आगे बढ़ाया जाएगा। साथ ही विधायक निधि से डोमैहर पंचायत को 5 लाख और मतलोड़ मार्ग की मरम्मत के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की।

हिमरी में जनसमस्याएं सुनते हुए मंत्री ने घोषणा की कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और किसानों को घर-द्वार पर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए जलोग में दूध एकत्रीकरण केंद्र स्थापित किया जाएगा। हिमरी में सरकार ने पिछले अढ़ाई साल में 52 लाख रुपए स्वीकृत करवाए हैं। क्षेत्र की 17 सड़कों के अपग्रेडेशन का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित कर ने के लिए क्लस्टर स्कूल स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। मंत्री ने हिमरी और ओगली पंचायतों में भी जनसमस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार रोकने के लिए निर्णय लिया है।

# विमल नेगी मामले में 25 सितंबर तक बढ़ी पूर्व निदेशक की अंतरिम जमानत

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान, शिमला।** सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल पावर कॉरपोरेशन के तत्कालीन निदेशक देसराज को दी गई अंतरिम राहत को 25 सितंबर तक बढ़ा दिया है। यह मामला एचपीपीसीएल के चीफ इंजीनियर रहे विमल नेगी की मौत से जुड़ा है। 4 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने देसराज को अंतरिम राहत प्रदान करते हुए जांच टीम को उनके खिलाफ किसी भी दंडात्मक कार्यवाही से रोका था। न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की खंडपीठ ने सीबीआई को अपना पक्ष रखने के लिए अंतिम अवसर देते हुए अगली सुनवाई की तारीख 25 सितंबर तय की है। इस मामले में 10 मार्च को लापता हुए चीफ इंजीनियर विमल नेगी का शव 18 मार्च को बिलासपुर स्थित गोबिंदसागर झील में मिला था। नेगी की पत्नी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पावर कॉरपोरेशन के एमडी हरिकेश मीणा और निदेशक देसराज समेत अन्य अधिकारियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था। इसी शिकायत के आधार पर न्यू शिमला पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें पूर्व निदेशक देसराज और तत्कालीन एमडी हरिकेश मीणा पर गंभीर आरोप लगे। बाद में हिमाचल हाईकोर्ट ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी।

# आपदा प्रबंधन में नाकाम रही कांग्रेस सरकार : रणधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा मीडिया प्रभारी एवं विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि आपदा के समय भले नुकसान छोटा हो पर गरीबों के लिए वही बड़ा बन जाता है। फील्ड स्टाफ की जिम्मेदारी है कि मौके पर जाकर नुकसान का जायजा ले और तत्काल राहत मुहैया कराए, लेकिन स्थिति यह है कि जब तक विधायक या प्रभावशाली व्यक्ति फोन नहीं करता, तब तक राजस्व और फील्ड कर्मचारी सक्रिय नहीं होते। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि आपदा की घड़ी में ऐसे कर्मचारी प्रो-एक्टिव होकर जनता को राहत दें।



रणधीर ने शिमला से जारी बयान में कहा कि सरकार आपदा प्रबंधन में पूरी तरह असफल साबित हुई है। उनका कहना था कि हर साल जुलाई से सितंबर तक भारी बारिश होती है, लेकिन आज तक कांग्रेस सरकार ने बरसात से पहले कोई तैयारी बैठक आयोजित नहीं की। सरकार के प्रतिनिधि कहते हैं कि बादल फटने का अनुमान नहीं लगाया जा सकता, लेकिन सामान्य बारिश की आशंका तो हर किसी को रहती है। ऐसे में पूर्व योजना और राहत इंतजाम की कमी ने प्रदेशवासियों को मुश्किल में डाला है।

उन्होंने कहा कि आपदा की घड़ी में सरकार के मंत्री भी गंभीर नहीं दिखाई दिए। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह विदेश घूमने चले गए। शर्मा ने सवाल उठाया कि आखिर आपदा से बड़ा काम कौन-सा हो सकता है? राजस्व विभाग के मंत्री के बयान भी यह साबित करते हैं कि सरकार संकट के इस दौर में संवेदनशील नहीं रही। यही कारण है कि जनता का विश्वास कांग्रेस सरकार पर से उठ चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के समय ठेकेदार बिना टेंडर का इंतजार किए राहत कार्य में जुट जाते थे, क्योंकि उन्हें भरोसा रहता था कि भुगतान समय पर होगा, लेकिन मौजूदा सरकार में हालत यह है कि टेंडर लगने के बाद भी ठेकेदार काम करने से कतरा रहे हैं, क्योंकि उन्हें बिलों के अटकने का डर है।

# 58 साल वाली पक्की नौकरी की गारंटी देकर नौकरियां छीनना है वोट चोरी : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि 58 साल वाली पक्की नौकरी की गारंटी देकर सत्ता हासिल करने के बाद प्रदेश में पक्की नौकरी खत्म कर देना वोट चोरी होती हैं। कांग्रेस ने वोट चोरी से ही हिमाचल में अपनी सरकार बनवाई है। कांग्रेस वोट चोरी की मास्टर है। कांग्रेस पार्टी का छोटे से बड़ा हर नेता चौक चौराहे पर खड़ा होकर विधानसभा चुनाव के पहले 58 साल वाली पक्की नौकरी देने का ही ऐलान करता था, लेकिन सत्ता में आने के बाद से जितनी भी ठूंजा साल वाली पक्की नौकरियां थीं, सबको बंद करने में सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी।

अब सरकार के नुमाइंदों से उनकी चुनावी गारंटी और 58 साल वाली पक्की नौकरी की बात करो तो वह इधर-उधर की बात करते हैं। विधानसभा के पटल से लेकर राष्ट्रीय महत्व के मंचों और तिथियों पर सरासर झूठ बोलते हैं। सरकार का एक मंत्री अगर कहेगा कि हमने 30000 नौकरियां दे दीं, तो अगले दिन दूसरा मंत्री कहेगा हमने 35000 नौकरियां दे दीं। जुबानी जमा खर्च में और झूठ बोलने में कोई भी पीछे नहीं रहना चाहता। नौकरियों के आंकड़े पर मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा में क्या बोला जाता है, उनकी पार्टी के राजनीतिक मंचों से क्या बोला जाता है और राष्ट्रीय महत्व के दिनों में प्रदेश को संबोधित करने पर क्या बोला जाता है। वह आंकड़े देखकर कोई भी उनके बयानों की गंभीरता का अंदाजा लगा सकता है। नेता प्रतिपक्ष हमीरपुर के दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा संगठन मंत्री सिद्धार्थन के साथ समीरपुर जाकर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से शिष्टाचार भेंट की। जयराम ने कहा वर्तमान कांग्रेसनीत सुक्खू की सरकार सिर्फ झूठ और वोटो की चोरी के आधार पर ही बनी है।

### युवाओं के सपने व प्रदेश के विकास पर ताला लगाने वाली सुक्खू सरकार



कांग्रेस ने 1500 रुपए देने के नाम पर हर महिला से झूठ बोला और उनके वोट की चोरी की। जयराम ने कहा कांग्रेस ने सिर्फ वोटो की चोरी करके प्रदेश का जनादेश ही नहीं हथियाया बल्कि आज प्रदेश के विकास की राह में रोड़े भी अटका रही है।

# परमवीर संजय कुमार तैयार करेंगे सैन्य अफसर

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** परमवीर चक्र विजेता संजय कुमार अब लेफ्टिनेंट बन गए हैं, हालांकि उन्हें यह प्रोमोशन ऑनरेरी कमिशन के जरिए मिली है। संजय कुमार अब नेशनल डिफेंस अकादमी खड़गवासला पुणे में अपनी सेवाएं देंगे, जहां वह भविष्य के लिए सैन्य अफसर तैयार करेंगे।



परमवीर चक्र विजेता संजय कुमार को मानद लेफ्टिनेंट की उपाधि से सम्मानित करते सेना के अधिकारी।

गौरतलब है कि उन्हें यह ऑनरेरी कमिशन 15 अगस्त को मिला है। बिलासपुर जिले के छोटे से गांव बकैन (कलोल) में जन्मे संजय कुमार बचपन से ही सेना में जाने का सपना देखते थे। उनके पिता दुर्गा राम और माता भाग देवी ने संजय को कर्तव्य, ईमानदारी और साहस की सीख दी। एक साधारण परिवार में पले-बढ़े इस बेटे ने माता-पिता के संस्कारों को ऐसा निभाया कि आज वह पूरे राष्ट्र का गौरव बन गया।

जुलाई 1999, कारगिल युद्ध। भारतीय सेना को प्वाइंट 4875 (टाइगर हिल क्षेत्र) पर कब्जा करना था। संजय कुमार अग्रिम दस्ते में शामिल हुए। उन्होंने दुश्मन के बंकर पर अकेले धावा बोला, गोली लगने के बावजूद आगे बढ़ते रहे। दुश्मनों से हाथापाई करते हुए उनकी मशीन गन छीन ली और उसी से उन पर हमला कर दिया। लगातार दो बंकर खाली कराकर अपनी टुकड़ी को आगे बढ़ने का रास्ता दिया। उनकी इस बहादुरी से टाइगर हिल की जीत सुनिश्चित हुई और पूरा भारत विजयी होकर मुस्कराया।

उनकी शौर्यगाथा को देखते हुए उन्हें भारत का सर्वोच्च सैन्य अलंकरण परमवीर चक्र दिया गया। सेवा जारी रखते हुए वे सुबेदार मेजर के पद तक पहुंचे और अब स्वतंत्रता दिवस 2025 पर उन्हें हॉनररी लेफ्टिनेंट की उपाधि से नवाजा गया। संजय कुमार की पत्नी प्रमीला और उनके दो बच्चे उनके लिए गर्व का आधार हैं, लेकिन संजय हमेशा कहते हैं कि उनकी असली ताकत उनके माता-पिता से मिले संस्कार और आशीर्वाद हैं।

### हिमाचल और भारत का गौरव

**संजय** कुमार कहते हैं कि जो किया वह केवल अपने देश और साथियों के लिए किया। मातृभूमि की सेवा करना ही मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान है। उनकी यह उपलब्धि न सिर्फ हिमाचल बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व की बात है। संजय कुमार का जीवन आने वाली पीढ़ियों को यह संदेश देता है कि देशभक्ति और साहस से बड़ी कोई शक्ति नहीं।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत बना स्पेस महाशक्ति : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, ऊना**



'नेशनल स्पेस डे' पर स्टूडेंट्स से बात करते अनुराग ठाकुर।

हमीरपुर के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने ऊना के पेखूबेला स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में 'नेशनल स्पेस डे' पर स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए भारत की अंतरिक्ष क्षेत्र में उपलब्धियों को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में बड़ी छलांग लगाई है।

उन्होंने याद दिलाया कि 23 अगस्त 2023 को भारत ने चंद्रयान-3 मिशन के जरिए इतिहास रचते हुए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग की थी, जिससे भारत ऐसा करने वाला पहला देश बना। उन्होंने भारतीय वैज्ञानिकों की मेहनत और मोदी जी के प्रेरणादायक नेतृत्व को इसका श्रेय दिया। ठाकुर ने बताया कि भारत का स्पेस बजट 2013-14 में 5,615 करोड़ रुपए था, जो आज बढ़कर 13,416 करोड़ रुपए हो गया है। भारत अब 400 से अधिक विदेशी सैटेलाइट्स को लॉन्च कर चुका है। गगनयान मिशन के लिए 20,193 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है और 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन तथा 2040 तक चंद्रमा पर मानव मिशन भेजने का लक्ष्य तय किया गया है।

# युवाओं के लिए अवसरों का द्वार खोल रहा भारत : कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने नवोदय विद्यालय नाहन में आयोजित राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम में कहा कि भारत 140 करोड़ भारतीयों और हिमाचल के 80 लाख लोगों की प्रतिभा से प्रेरित होकर अंतरिक्ष जगत में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र में अनेक सुधार लागू किए हैं, जिससे युवाओं, निजी क्षेत्र और स्टार्टअप्स को नई संभावनाओं की तलाश करने का अवसर मिला है। भारत की यह प्रगति हमारे वैज्ञानिकों की निरंतर मेहनत और समर्पण का परिणाम है।


कश्यप ने कहा कि अंतरिक्ष में एक के बाद एक उपलब्धियां हासिल करना भारत और उसके वैज्ञानिकों का स्वाभाविक गुण बन गया है। उन्होंने बताया कि आज 350 से अधिक स्टार्टअप्स अंतरिक्ष तकनीक में नवाचार कर रहे हैं। कश्यप ने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में और ऊंचाइयां हासिल करेगा तथा युवाओं के लिए बड़े अवसर सृजित होंगे।

## हिमाचल हाईकोर्ट की सख्ती

# अवैध कब्जों पर अब लापरवाह अफसरों पर भी गिरेगी गाज : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा है कि हिमाचल हाईकोर्ट ने एक ऐसे राष्ट्रीय महत्व के मामले पर संज्ञान लिया है, जिसके कारण सरकारी भूमि के अवैध कब्जों में करोड़ों रुपए की संपत्ति नष्ट होती थी और असली अपराधियों को कभी सजा नहीं मिलती थी। उन्होंने इसके लिए हिमाचल हाईकोर्ट को बहुत बधाई दी है। हाईकोर्ट ने अतिरिक्त महावक्ता को निर्देश दिया है कि उन अफसरों की जानकारी दें जो अतिक्रमण के समय वहां पर तैनात थे, जिन्होंने इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं दी और न ही कोई कार्रवाई की।



उन्होंने कहा कि अदालत के इस आदेश के बाद यह साफ हो गया है कि अब न केवल अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध बल्कि अपनी ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर भी गाज गिरेगी।

शांता ने कहा कि पूरे देश में सरकारी भूमि पर कई जगह अवैध कब्जे होते है। अवैध कब्जे की भूमि पर बड़े-बड़े नगरों में लाखों-करोड़ों रुपए के भवन बन जाते हैं और सालों के बाद कहीं-कहीं अवैध कब्जे का मामला किसी बड़े न्यायालय में आता है, तो न्यायालय उन भवनों को गिराने के आदेश देता है। कई बार ऐसे भवनों को गिराया जाता है कई जगह उन भवनों में करोड़ो रुपए का व्यापार का समान रखा होता है। दुर्भाग्य से इस समस्या के मूल में पता नहीं क्यों आज तक किसी सरकार ने कोई विशेष कार्रवाई नहीं की।

## चिंता | हिमाचल शिक्षक संघ ने डीए, पदोन्नति व सेवानिवृत्ति नीति को लेकर राज्य सरकार से की गंभीर मांगें

# शिक्षकों की पीड़ा का सरकार के सामने खोला पिटारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल शिक्षक संघ के पदाधिकारी पत्रकार वार्ता करते हुए।

शिक्षक समाज की रीढ़ होता है और यदि वही उपेक्षित महसूस करने लगे, तो न केवल शिक्षा व्यवस्था डगमगाती है बल्कि भावी पीढ़ी का भविष्य भी प्रभावित होता है। कुछ ऐसी ही भावना हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ की ओर से तब सामने आई जब संगठन ने राज्य सरकार के समक्ष कई लंबित और ज्वलंत मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।

संघ का एक प्रतिनिधिमंडल हाल ही में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और शिक्षा सचिव राकेश कंवर से मिला। इस बैठक में लंबे समय से लंबित चल रहे 13 फीसदी डीए, शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया, सेवानिवृत्ति नीति और रिक्त पदों की भर्ती जैसे मुद्दों पर खुलकर चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों में डीए न मिलने को लेकर भारी असंतोष है और बजट भाषण के अनुरूप कम से कम एक किस्त का भुगतान अविलंब किया जाना चाहिए।

प्रेस वार्ता के दौरान राज्य अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान, महासचिव तिलक नायक और मीडिया प्रभारी सूरज नायक ने बताया कि शिक्षक वर्ग वर्तमान में कई स्तरों पर उपेक्षा का शिकार है। टीजीटी से पीजीटी की पदोन्नति सूची का स्वागत करते हुए उन्होंने मांग की कि शेष लंबित पदोन्नतियों जैसे सीएंडवी से टीजीटी, जेबीटी से टीजीटी, डीपी से पीजीटी (साइंस स्ट्रीम), टीजीटी, पीजीटी से हेडमास्टर व प्रिंसिपल को जल्द जारी किया जाए।

पदोन्नति के संबंध में एक विशेष बिंदु पर भी संघ ने ध्यान आकृष्ट किया कि प्रधानाचार्य के पदों के लिए भेजे गए पैनल में कई मुख्याध्यापक सेवानिवृत्त हो चुके हैं, जिससे चयन प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। संघ ने मांग की है कि जुलाई 2023 तक के मुख्याध्यापकों को शामिल करते हुए एक नया पैनल तैयार किया जाए, ताकि सभी योग्य अधिकारियों को समय पर पदोन्नति मिल सके। इसी क्रम में पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा उठाई गई आपत्तियों को शीघ्र निपटाने की भी मांग की गई, ताकि पदोन्नति प्रक्रिया में कोई रुकावट न रहे।

संघ ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि हाल ही में 15 अगस्त को की गई घोषणा, जिसमें शिक्षकों की सेवानिवृत्ति को एक साथ 31 मार्च को निर्धारित करने की बात कही गई, उस पर जल्द अधिसूचना जारी की जाए। उन्होंने कहा कि यदि यह अधिसूचना शीघ्र नहीं आई तो अगस्त में सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक इस लाभ से वंचित रह जाएंगे। सरकार ने इस पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए शीघ्र निर्णय का आश्वासन दिया है। संघ ने मांग की कि शिक्षकों के तबादलों को लेकर 30 किलोमीटर की वर्तमान शर्त को यथासंभव लचीला बनाया जाए और पूर्व की नीति के अनुरूप 20 किलोमीटर की सीमा को ही लागू किया जाए।

### रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए

**राज्य** में शिक्षा विभाग के तहत बड़ी संख्या में शिक्षक पद लंबे समय से खाली हैं, जिससे स्कूलों की कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है। संघ ने इस विषय को अत्यंत गंभीर मानते हुए मांग की है कि इन पदों को आयोग के माध्यम से शीघ्र भरा जाए। इससे न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित होगी बल्कि सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या भी बढ़ेगी।

# अधिसूचना के बगैर शिक्षा विभाग में ऊहापोह

## सीएम की घोषणा को अमलीजामा पहनाने वाली नोटिफिकेशन का हो रहा इंतजार

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** हिमाचल में शिक्षकों की सेवानिवृत्ति बीच सत्र में रोकने की अधिसूचना को लेकर इंतजार लंबा आगे खिंचने लगा है। शिक्षकों में इसी को लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है।

काबिले गौर यह है कि शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों के मध्य सत्र सेवानिवृत्ति रोकने के मामले में मुख्यमंत्री द्वारा किए गए ऐलान पर अधिसूचना जारी होने में देरी हो रही है। हिमाचल में विधानसभा का सत्र जारी है। अब यदि तत्काल अधिसूचना जारी नहीं होती है, तो फिर इस महीने के अंत में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों का क्या बनेगा? इसे लेकर सैंकड़ों शिक्षकों में बेचैनी है। शिक्षक संघ भी इसकी मांग अब करने लगे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इसकी घोषणा की गई थी, लेकिन अब क्योंकि घोषणा किए हुए काफी दिन बीत चुके हैं, इसलिए शिक्षक कार्मिक विभाग की अधिसूचना की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### शिक्षक संघ बोला-सत्र के बीच शीघ्र जारी हो सेवानिवृत्ति रोकने की अधिसूचना

ऐसे में 30 अगस्त 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षक असमंजस में हैं, क्योंकि एकतरह कुछ शिक्षकों ने रिटायरमेंट के कार्यक्रम रखे हैं। कुछ शिक्षकों ने मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद ऐसे कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं, क्योंकि इस घोषणा के बाद उनकी सेवानिवृत्ति 31 मार्च 2026 को होगी।

मगर एक सप्ताह से उनका यह इंतजार खत्म नहीं हो रहा है और समय पर अधिसूचना नहीं होने पर ट्रेजरी से उनको रिटायर मान लिया जाएगा। जिसके चलते आगे वेतन आहरण में दिक्कत आ सकती है। यदि यह अधिसूचना इस माह नहीं हुई तो ये शिक्षक रिटायर हो जाएंगे, जिसके चलते मुख्यमंत्री की घोषणा का उनको कोई लाभ नहीं मिलेगा।

### राजकीय टीजीटी कला संघ के महासचिव बोले-

**राजकीय** टीजीटी कला संघ महासचिव विजय हीर ने बताया कि इस मामले में संघ ने कार्मिक विभाग और मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजकर अविलंब अधिसूचना जारी करने की मांग उठाई है। इस ज्ञापन को मुख्य सचिव ने शनिवार को शिक्षा सचिव को भेज दिया है। अभी क्योंकि विधानसभा का सत्र एक सप्ताह से ज्यादा और चलना है। इसलिए अधिसूचना जब तक जारी नहीं होती है, तब तक शिक्षा विभाग में अलग तरह का माहौल जो तैयार हुआ है, उसका उफान बैठने वाला नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### नौरा कॉलेज में चलाया सफाई अभियान



**रीतिका कठियाल, अनंत ज्ञान, सुलह।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय नौरा में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर की सफाई की तथा सड़क किनारे उगी झाड़ियों को भी काटा। इसके अतिरिक्त, फूलों की पुरानी क्यारियों को साफ कर नई क्यारियों का निर्माण भी किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मनोज कुमार की देखरेख में चलाए गए इस अभियान में 45 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। यह स्वच्छता अभियान पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ परिसर की दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

### शिव और पार्वती के विवाह का सुनाया वर्णन

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा शाहपुर में आयोजित पांच दिवसीय शिव कथामृत के चतुर्थ दिवस पर कथा व्यास डॉ. सर्वेश्वर जी ने भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह प्रसंग को प्रस्तुत किया। यह प्रसंग केवल एक दैविक विवाह नहीं, बल्कि गूढ़ आध्यात्मिक संदेशों से युक्त है। डॉ. सर्वेश्वर जी ने समझाया कि माता पार्वती जीवात्मा की प्रतीक हैं और भगवान शिव परमात्मा का स्वरूप हैं। उनके मिलन के माध्यम से यह दर्शाया गया कि हर जीवात्मा को परमात्मा से मिलने के लिए एक ब्रह्मनिष्ठ तत्ववेत्ता सद्गुरु की आवश्यकता होती है, जैसे नारद मुनि माता पार्वती के मार्गदर्शक बने। सद्गुरु की कृपा से ही परमात्मा का साक्षात्कार संभव है।

### पठानिया आज करेंगे कोचिंग कक्षाओं का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय स्नातक महाविद्यालय लंज में रविवार को उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ऑनलाइन माध्यम से निशुल्क कोचिंग कक्षाओं का उद्घाटन करेंगे। महाविद्यालय द्वारा यह पहल क्षेत्रीय विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं और उच्च शिक्षा के लिए गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से की जा रही है। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार शर्मा ने बताया कि यह कक्षाएं केवल सिंह पठानिया के सहयोग और मार्गदर्शन में शुरू की जा रही हैं। इसमें न केवल कॉलेज के विद्यार्थी, बल्कि क्षेत्र के अन्य इच्छुक युवा भी शामिल हो सकते हैं। यह कोचिंग सुविधा सभी के लिए निशुल्क उपलब्ध रहेगी, जिससे अधिक से अधिक युवाओं को शैक्षिक लाभ मिल सकेगा।

### बलदेव बने नामदेव समाज के राष्ट्रीय सह सचिव



**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर।** नामदेव सामाजिक सेवा संस्थान (भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त व पंजीकृत) ने हिमाचल प्रदेश के नामदेव समाज महासभा के मुख्य सलाहकार बलदेव सिंह नामदेव को राष्ट्रीय सह सचिव नियुक्त किया है। बलदेव सिंह जसवां परागपुर के गांव बढलठोर से संबंध रखते हैं। उनकी इस नियुक्ति पर प्रदेश महासभा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि वे समाज को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे। बलदेव सिंह का जीवन समाज सेवा को समर्पित रहा है। युवावस्था से ही उन्होंने जरूरतमंदों की सहायता को अपना उद्देश्य बनाया। वे निरंकारी मिशन से लंबे समय से जुड़े हैं और वर्तमान में बढलठोर में मिशन के मुखी के रूप में कार्य कर रहे हैं। उनका समर्पण जनसेवा के प्रति प्रेरणादायक है।

### 'लम्बरा दा छोरु' पहाड़ी गीत का पोस्टर रिलीज

**अनंत ज्ञान, गरली।** हिमाचली म्यूजिक इंडस्ट्री में अब नया पहाड़ी गीत लम्बरा दा छोरु धमाका मचाने आ रहा है। शनिवार को इस गीत का पोस्टर रिलीज हुआ। मॉडलिंग जोड़ी नीरज हिमाचली और पूजा हिमाचली, जिनकी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री पहले ही दर्शकों का दिल जीत रही है। गीत में पहाड़ी मम्मी, पूजा, आदित्य, परी, अशोक और राजू जैसे कई स्थानीय चेहरे भी अपने-अपने अंदाज में रंग जमाते नजर आएंगे। प्रोड्यूसर अर्जुन दास और शकुंतला देवी ने बताया कि यह गीत मनोरंजन के साथ-साथ हिमाचली रंग-रूप और परंपरा का भी आईना बनेगा।

# स्टेट ऑफ द आर्ट की तर्ज पर बना समृद्धि भवन

## एक माह के भीतर शिफ्ट हो सकते हैं नगर निगम व स्मार्ट सिटी कार्यालय

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** प्रदेश की दूसरी राजधानी धर्मशाला में स्टेट ऑफ द आर्ट की तर्ज पर समृद्धि भवन का निर्माण किया गया है। इस भवन में नगर निगम धर्मशाला और स्मार्ट सिटी का कार्यालय संचालित किया जाना है। भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

ऐसे में नगर निगम प्रशासन प्रयासरत है कि एक माह के भीतर दोनों कार्यालयों को समृद्धि भवन में शिफ्ट कर दिया जाए। समृद्धि भवन में हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध होंगी, ताकि स्टाफ को किसी तरह की परेशानी न हो। यही नहीं धर्मशाला के चरान में निर्मित समृद्धि भवन के चलते इस क्षेत्र को नगर निगम सेंटर ऑफ सिटी के रूप में भी विकसित करने का प्रयास कर रहा है। इसके चलते चरान में समृद्धि भवन के आसपास मनोरंजन के साथ-साथ नाइट लाइफ को भी प्रमोट करने की योजना है। नगर निगम और स्मार्ट सिटी कार्यालयों के समृद्धि भवन में शिफ्ट होने से शहरवासियों को दोनों कार्यालयों में कार्य करवाने की सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो जाएगी। वर्तमान में नगर निगम कार्यालय जहां मुख्य मार्ग किनारे स्थित है, जबकि स्मार्ट सिटी कार्यालय चीलगाड़ी में निजी भवन में चल रहा है। ऐसे में दोनों कार्यालयों के एक भवन में होने से शहरवासियों को सुविधा मिलेगी।



धर्मशाला के चरान में निर्मित समृद्धि भवन। फाइल फोटो

**मनोरंजन के साथ नाइट लाइफ को भी प्रमोट करने का प्रयास**

### ये होंगी सुविधाएं

**नगर** निगम प्रशासन की मानें तो समृद्धि भवन स्टेट ऑफ द आर्ट की तर्ज पर बनाया गया है। इसमें आईटी की व्यवस्था, एक मल्टीपर्पज हॉल, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, कॉन्फ्रेंस हॉल सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। भवन के धरातल पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है।



**समृद्धि** भवन बनकर पूरी तरह तैयार हो चुका है। प्रयास रहेगा कि एक माह के भीतर नगर निगम कार्यालय धर्मशाला और स्मार्ट सिटी कार्यालय समृद्धि भवन में शिफ्ट कर दिए जाएं। समृद्धि भवन के सामने जो अड़चनें थी, उन्हें भी दूर कर दिया गया है।

**-जफर इकबाल, कमिश्नर, नगर निगम धर्मशाला।**

### शहर का केंद्र बनाने की कोशिश

**समृद्धि** भवन के सामने ऐसी व्यवस्था की गई है, जिससे कि भवन, शहर का केंद्र बन सके। एक तरह से चरान क्षेत्र जहां समृद्धि भवन बनाया गया है, उसे शहर का केंद्र बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जहां अच्छी चहलकदमी रहे। मनोरंजन के साथ नाइट लाइफ को प्रमोट करने की भी समृद्धि भवन के आसपास कोशिश की जाएगी।

### अपात्र मजदूरों के गलत पंजीकरण पर हो रही कार्रवाई : श्रम अधिकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला स्थित जिला श्रम कल्याण अधिकारी लोकेश कुमार ने बताया कि जिला कल्याण कार्यालय कांगड़ा द्वारा चलाए गए सत्यापन और जांच अभियान में 135 मजदूरों के पंजीकरण में अनियमितताएं पाई गईं। इनमें दोहरा पंजीकरण और गलत दस्तावेज शामिल थे। सभी गड़बड़ी वाले पंजीकरण को तत्काल निरस्त कर दिया गया है और संबंधित व्यक्तियों पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा वर्तमान में 14 कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य मजदूरों और उनके परिवारों को शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सहायता प्रदान करना है।

बोर्ड यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि लाभ केवल पात्र मजदूरों को ही मिले। पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ बोर्ड आगे भी कार्य करता रहेगा।

### डीआर पब्लिक स्कूल के नन्हे बच्चों ने नृत्य से मोहा मन



डीआर पब्लिक स्कूल नैहरनपुखर में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गरली।** डीआर पब्लिक स्कूल नैहरनपुखर में शनिवार को आयोजित विशेष प्रतियोगिता में नर्सरी कक्षा के नन्हे-मुन्नों ने अपनी प्रतिभा से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने की।

बच्चों ने गीत, नृत्य, कविता पाठ और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। पहली बार मंच पर उतरे बच्चों का आत्मविश्वास और उत्साह प्रशंसनीय रहा। उनकी मासूम अदाओं और सादगी ने दर्शकों की तालियां बटोरीं। बच्चों के माता-पिता और अभिभावकों ने प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए स्कूल प्रशासन का आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के रचनात्मक विकास, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने सभी बच्चों को आगे भी पढ़ाई के साथ-साथ सह-पाठयक्रम गतिविधियों में सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया।

# पालमपुर सिविल अस्पताल की दुर्दशा पर भाजपा का प्रदर्शन

## कांग्रेस राज में विकास की दृष्टि से पटरी से उतरा पालमपुर : त्रिलोक

**स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई विशेषज्ञ डॉक्टरों सहित तकनीकी व अन्य स्टाफ कर्मी**

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**पालमपुर** सिविल अस्पताल की दुर्दशा को लेकर भाजपा के दोनों मंडलों ने रैली निकालकर विरोध-प्रदर्शन किया। इसके बाद भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने प्रेसवार्ता में कहा कि पालमपुर विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस कार्यकाल में विकास की दृष्टि से पूरी तरह पटरी से उतर गया है। यह पालमपुर का बहुत बड़ा दुर्भाग्य है कि कांग्रेस सरकार के आने के बाद पालमपुर के विकास में लगी कांग्रेस नेताओं की नालायकी के कारण हर संस्थान जर्जर होते जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पालमपुर सिविल अस्पताल हॉस्पिटल मात्र पालमपुर के लोगों की सेवा में ही काम नहीं करता है, बल्कि साथ में लगते बैजनाथ, जयसिंहपुर और सुलह क्षेत्र के कुछ भाग भी इस अस्पताल पर ही निर्भर रहते हैं।

पिछली भाजपा सरकार में पालमपुर सिविल अस्पताल को हर दृष्टि से चाहे पर्याप्त भवन का विषय हो, ऑक्सीजन प्लांट हो, डायलिसिस की सुविधा हो, हर स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञ से लेकर तकनीकी व आवश्यक स्वास्थ्य स्टाफ कर्मी शत-प्रतिशत रूप से अपनी सेवाएं दे रहे थे, लेकिन जैसे ही कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई तो पालमपुर सिविल हॉस्पिटल में कभी डॉक्टर, कभी स्वास्थ्य टेस्ट को लेकर हल्ला तो कभी दवाइयां पर्याप्त रूप से न मिलने के कारण नित दिन क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य उपचार की दृष्टि से भारी परेशानी से गुजरना पड़ रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि जो पालमपुर का ग्रामीण क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं, चाहे वह मणियाडा हो, कंडवाडी हो या गोपालपुर हो, वहां का भी यही हाल है।



पालमपुर सिविल अस्पताल की दुर्दशा को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया।

### पद जल्द नहीं भरे तो देंगे धरना

**कपूर** ने कहा कि एक साथ सात विशेषज्ञ डॉक्टरों के यहां से चले जाने से पालमपुर की गरीब जनता को बहुत समस्या से गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि पालमपुर में विशेषज्ञ डॉक्टरों को और अन्य आवश्यक स्वास्थ्य कर्मियों के पदों को तुरंत भरा नहीं गया तो पालमपुर की एक-एक पंचायत हर दिन नियमित रूप से सिविल अस्पताल के बाहर धरने पर बैठने पर मजबूर हो जाएगी।

### इंदौरा में अवैध खनन पर कार्रवाई 80,000 रुपए जुर्माना वसूला



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा लगातार अवैध माइनिंग के कारण सुर्खियों में बना हुआ है। माइनिंग विभाग द्वारा अवैध खनन पर शिकंजा कस रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को अवैध खनन पर कार्रवाई करते हुए खनन विभाग नूरपुर के माइनिंग ऑफिसर सुरेश ठाकुर के दिशा निर्देशानुसार गुप्त सूचना के आधार पर माइनिंग इंस्पेक्टर अश्विनी कुमार, माइनिंग इंस्पेक्टर मदनलाल तथा फ्लाइंग गार्ड सनी जसवाल ने भद्रोया गांव में छापेमारी की। इस दौरान एक जेसीबी मशीन तथा एक टिप्पर अवैध खनन करते हुए पाए गए।

टीम ने मौके पर ही 80000 रुपए का जुर्माना वसूला। माइनिंग ऑफिसर नूरपुर सुरेश ठाकुर ने बताया की खनन माफिया माजरा, कंदरोड़ी, मिलवां भद्रोया चक्की दरिया में काफी सक्रिय नजर आ रहा है, जिसके चलते स्पेशल टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# कृषि विवि और 'निफ्टेम-के' में एमओयू

## खाद्य प्रसंस्करण, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास को दिया जाएगा बढ़ावा

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान-कुंडली (निफ्टेम-के), सोनीपत, हरियाणा के साथ अपने मौजूदा सहयोग को और मजबूत करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू पर निफ्टेम-के के खाद्य प्रौद्योगिकी विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी चोपड़ा ने औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए।

दोनों संस्थानों के बीच मौजूदा साझेदारी, जिसकी शुरुआत 2023 में हुई है, महिला सशक्तिकरण, खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों के प्रचार और विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के प्रसार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग के ग्राम अंगीकरण कार्यक्रम के माध्यम से क्षमता निर्माण कार्यक्रमों पर केंद्रित है। यह सहयोग भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की 'उन्नत भारत अभियान' पहलों के अनुरूप है और जमीनी स्तर पर एक परिवर्तनकारी प्रभाव डाल रहा है। नए समझौता ज्ञापन के तहत, दोनों संस्थानों का लक्ष्य संयुक्त अनुसंधान और प्रचार पहलों के माध्यम से खाद्य उद्योगों और कृषि के लिए अभिनव समाधान विकसित और प्रसारित करना है।

यह समझौता छात्रों को छात्र विनिमय कार्यक्रमों के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव और कौशल वृद्धि के अवसर भी प्रदान करेगा, जबकि संकाय सदस्यों को विशेषज्ञता साझा करने और सहयोगी अनुसंधान पहलों से लाभ होगा। इसके अलावा, ज्ञान साझा करने और अकादमिक संवाद को सुविधाजनक बनाने के लिए सम्मेलन, सेमिनार और कार्यशालाएं संयुक्त रूप से आयोजित की जाएंगी।

दोनों संस्थानों के बीच दीर्घकालिक सहयोग में एक मील का पत्थर बताया गया। इस साझेदारी से अनुसंधान क्षमताओं में वृद्धि, स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देने और कृषि और खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में अकादमिक उत्कृष्टता के माध्यम से ग्रामीण विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।



एमओयू पर निफ्टेम-के के खाद्य प्रौद्योगिकी विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी ने औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए।

### जनता को कर्ज के बोझ तले दबा रही प्रदेश सरकारें : सूद

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस तथा भाजपा सरकारें प्रदेश की जनता को भारी कर्जे में धकेलती जा रही हैं। स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा भारत गठबंधन के राष्ट्रीय संयोजक बलदेव राज सूद ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा लिए जा रहे 2500 करोड़ के कर्जे के बाद हिमाचल प्रदेश की जनता 1,01575 (एक लाख, एक हजार पांच सौ पचहतर हजार हजार करोड़) के कर्जे में डूब जाएगी।

उन्होंने कहा कि 1992 में प्रदेश पर 500 करोड़ कर्जा था, 2007में बढ़कर 19977 करोड़, 2012 में 27598 करोड़, 2017 में 46385 करोड़ हुआ। उन्होंने कहा कि मार्च 2017 से अगस्त 2025 तक आठ वर्षों में कांग्रेस, भाजपा सरकारों ने 55190 करोड़ रुपए का कर्जा लेकर प्रदेश की जनता को 1,01,575 करोड़ के कर्जे के नीचे दबा दिया है। कर्जे का ब्याज चुकाने के लिए भी कर्जा लेना पड़ रहा है। इन सारे प्रकरणों का परिणाम जनता पर दिनोंदिन टैक्सों का बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वाभिमान पार्टी तथा भारत गठबंधन से जुड़ी पार्टियां प्रदेश की जनता के हित के मुद्दों, सत्ता के विकेंद्रीकरण, ग्राम सभा को तीसरी सरकार का दर्जा देने, आर्थिक विकेंद्रीकरण, प्रकृति की रक्षा, पहाड़ों, जल, जंगल, जमीन की रक्षा, गोरक्षा, सहकारी समितियों के गठन, कृषि संरक्षण आदि मुद्दों के लिए शीघ्र ही प्रदेश व्यापी अभियान चलाएगी।

### वॉरियर्स को जैविक, रासायनिक खतरों के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कांगड़ा डॉ. अनुराधा शर्मा की अध्यक्षता में सीएमओ कार्यालय के सभागार में वेस्ट वॉरियर्स के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में डॉ. आरके सूद, डॉ. कोमल वशिष्ठ और डॉ. अनुराधा ने प्रतिभागियों को शारीरिक, जैविक, रासायनिक खतरों और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सावधानियों के बारे में जागरूक किया। डॉ. कोमल ने हाथ की स्वच्छता, सुरक्षात्मक उपकरणों जैसे दस्ताने, मास्क, गम बूट और चश्मे के महत्व पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने प्राथमिक चिकित्सा और टीकाकरण की जानकारी भी दी। इस मौके पर डॉ. सुमित और डॉ. दीपिका भी मौजूद रहीं। कार्यशाला का उद्देश्य कचरा संग्रह और पृथक्करण से जुड़े श्रमिकों को सुरक्षा उपायों की जानकारी देना था।

### द्रोणाचार्य कॉलेज में फ्रेशर पार्टी 'उमंग' की धूम

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर शिक्षा महाविद्यालय रैत में बीबीए, बीसीए और बीकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी 'उमंग' का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। लिया। मिस्टर फ्रेशर बीबीए में विरांश, बीसीए में हर्ष, बीकॉम में मयन रहे, जबकि मिस फ्रेशर का खिताब बीबीए में निशिता, बीसीए में आन्या और बीकॉम में दीपाली ने जीता। मिस्टर पर्सनेलिटी बीबीए में आर्यन, बीसीए में उद्देश्य तथा मिस पर्सनेलिटी बीबीए में रागिनी और बीसीए में पायल रहीं। कार्यक्रम के अंत में मिस्टर व मिस फ्रेशर ने केक काटा और सभी ने प्रीति-भोज का आनंद लिया। कार्यकारी निदेशक डॉ. बीएस पठानिया ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

**चिंता** कृषि विश्वविद्यालय की डिस्ट्रिक्ट डायग्नोस्टिक टीम ने किया गांवों का दौरा

# धान में साउदर्न राइस ब्लैक स्ट्रिक्ड ड्वार्फ वायरस के लक्षण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**चौधरी** सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की संयुक्त डिस्ट्रिक्ट डायग्नोस्टिक टीम की ओर से परेई, पारसेल, पुहाड़ा तथा गोरडा गांव में किसानों के खेतों का सर्वेक्षण किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने साउदर्न राइस ब्लैक स्ट्रिक्ड ड्वार्फ वायरस के लक्षण पाए, जो कि धान में बौनेपन के लिए जिम्मेदार एक वायरस है। यह साउदर्न राइस ब्लैक स्ट्रिक्ड ड्वार्फ वायरस सफेद पीठ वाले फुदके द्वारा फैलता है।

ब्लॉक रैत के शाहपुर क्षेत्र में खेती की जाने वाली किस्मों में ब्लॉक रैत के शाहपुर क्षेत्र में खेती की जाने वाली किस्मों में स्टार-795, एपीएच-111, श्रीराम खुशबू, 312, एलजी 303, 834 इत्यादि किसमें शामिल हैं। धान की गुलाबो तथा एपीएच-111 किस्म सबसे ज्यादा प्रभावित पाई गई है। यह रोग मुख्यत: उन खेतों में फैला जहां 25 जून से पहले रोपाई की गई और सफेद पीठ वाले का नियंत्रण नहीं हुआ। इस वायरस से संक्रमित पौधे अपनी सामान्य ऊंचाई के केवल एक तिहाई तक ही बढ़ पाते हैं और उनकी जड़ें कमजोर हो जाती हैं। परिणामस्वरूप फसल के समय से पहले ही नष्ट हो जाने की संभावना रहती है, जिससे किसानों को परेशानी होती है। डॉ. सुमन कुमार, पादप रोग वैज्ञानिक कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर द्वारा किसानों को नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए सलाह दी है कि चावल के पौधों के आधार को हल्के से झुकाकर और थपथपाकर साप्ताहिक जांच करें। यह विधि के नवजातों या वयस्कों को हटाने में मदद करती है, जिन्हें बाद में पानी की सतह पर तैरते हुए देखा जा सकता है। संक्रमित पौधों को निकालकर खेत से बाहर करें। खेतों में जलभराव न होने दें। फसल में प्रकाश प्रपंच (लाइट ट्रैप) लगाएं। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे फसल की नियमित निगरानी करें, लक्षण दिखने पर निकटतम कृषि अधिकारी से संपर्क करें और सुझाए गए उपायों का पालन करें, ताकि उत्पादन हानि से बचा जा सके।



कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की संयुक्त डिस्ट्रिक्ट डायग्नोस्टिक टीम धान की फसल का निरीक्षण करती हुए।

### सीमा देवी बनी मटौर कॉलेज की पीटीए प्रधान

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय मटौर में अभिभावक प्राध्यापक संघ की वार्षिक पहली आम सभा का आयोजन किया गया। इसमें वर्ष 2025-26 के लिए पीटीए की नई कार्यकारिणी का गठन किए गया। इसमें सर्वसम्मति से सीमा देवी को प्रधान, बिनता देवी को उपप्रधान, डॉ. नीतू सिन्हा को सचिव, अवतार सिंह को सह-सचिव, अनिल कुमार को कोषाध्यक्ष, और डॉ. अजय कटोच को मुख्य सलाहकार बनाया गया। इसके साथ सिमरन, सुरेंद्रपाल, मधुबाला, नीलम देवी, बीना देवी, (अभिभावक), प्रो दिनेश जंबाल, प्रो. अजय कुमार, प्रो. शिवानी दत्ता, प्रो. सुदेश कुमारी, प्रो. राजलक्ष्मी को कार्यकारिणी के सदस्यों के रूप में नामांकित किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने नई गठित कार्यकारिणी को बधाई दी व सभी अभिभावकों से चल रहे सत्र में विद्यार्थियों के विकास के लिए सुझाव मांगे। वहीं, पीटीए फंड के आय-व्यय का ब्यौरा भी अभिभावकों के समक्ष रखा गया।

## भाजपा उपाध्यक्ष बनने पर विपिन परमार का ननाओं में स्वागत

# बोले- कांग्रेस सरकार पूरी तरह विफल



विपिन परमार को भाजपा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर ननाओं में स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

**अनंत ज्ञान टीम, पालमपुर/सुलह/डरोह**

**सुलह** विधायक और पूर्व मंत्री विपिन परमार को भाजपा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर उनके निवास ननाओं (सुलह) में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित प्रेसवार्ता में विपिन परमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, जयराम ठाकुर व भाजपा नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है। न बेरोजगारों को रोजगार मिला और न ही कर्मचारियों को न्याय। पालमपुर उपमंडलीय अस्पताल की बदहाल स्थिति का हवाला देते हुए उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्दशा पर सवाल उठाए। परमार ने कहा कि पात्र लोगों को महीनों से सामाजिक पेंशन नहीं मिल रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं का अपमान कांग्रेस सरकार को भारी पड़ेगा। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में पालमपुर जिला की चारों सीटों पर कमल खिलेगा और कार्यकर्ता हर चुनौती के लिए तैयार हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### परणिका शर्मा का टांडा मेडिकल कॉलेज में चयन



**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बैजनाथ की मेधावी छात्रा परणिका शर्मा ने नीट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके स्कूल, परिवार और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। परणिका का चयन डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में हुआ है। प्रधानाचार्य अरुण कपूर ने परणिका शर्मा की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि परणिका शर्मा एक मेधावी और अनुशासित छात्रा रही है। इसकी यह उपलब्धि न केवल उसकी मेहनत का परिणाम है, बल्कि हमारे स्कूल की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का भी परिणाम है। हम उम्मीद करते हैं कि वह आगे भी इसी तरह सफलता के नए आयाम स्थापित करेगी।

### राजीव को पुनः सोशल मीडिया संयोजक का दायित्व



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** राजीव राणा को सोशल मीडिया संगठनात्मक जिला पालमपुर का पुनः संयोजक बनाया गया है। इसके लिए राजीव राणा ने प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, कांगड़ा-चंबा के प्रभारी एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार, हिमाचल भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर, जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान, बैजनाथ के पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी, और संगठनात्मक जिला पालमपुर की अध्यक्ष रागनी रकवाल सहित सभी वरिष्ठ नेताओं का धन्यवाद किया है।

### सहज ने स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** राजपुर की 10 वर्षीय सहज भारद्वाज ने पुलिस की 6 आईआर बटालियन द्वारा धौलाकुआं, सिरमौर में 14 से 18 अगस्त में आयोजित 30वीं हिमाचल प्रदेश की स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। इस प्रतियोगिता में सहज भारद्वाज ने अंडर-12 राइफल वूमेन कैटेगरी में 400 में से 394 स्कोर किया और स्वर्ण पदक लेकर राजपुर का नाम रोशन किया। कोच नरेश कटोच ने बताया सहज ने इस प्रतियोगिता में अंडर-12 कैटेगरी में लड़कों और लड़कियों में सबसे ज्यादा स्कोर मारा है। सहज आधारशिला स्कूल देहन में छठी कक्षा में पढ़ती है। सहज ठाकुरद्वारा में कटोच शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी में प्रैक्टिस करती है। सहज भारद्वाज ने अपनी जीत का श्रेय अपने परिवार और अपने स्कूल के गुरुजनों और कटोच शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी के कोच नरेश कटोच को दिया है।

### ऋचा ने डॉक्टर बन चमकाया डीएवी स्कूल का नाम



**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** डीएवी स्कूल नगरोटा सूरियां की छात्रा ऋचा ने चंबा मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की और पहली बार में ही कमीशन पास करके स्कूल का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के बाद डॉ. ऋचा विद्यालय पहुंचीं और शिक्षकों से मिलकर इस सफलता का श्रेय माता-पिता और अध्यापकों को दिया। ऋचा के पिता अरविंद कुमार खंड शिक्षा अधिकारी हैं, जबकि माता संतोष कुमारी डीएवी स्कूल में अध्यापिका है। स्कूल के प्रधानाचार्य शेखर मोदगिल और समस्त शिक्षक वर्ग ने डॉ. ऋचा को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### जयसिंहपुर कॉलेज में चलाया सफाई अभियान

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व ईको क्लब की ओर से दो दिवसीय पौधरोपण व सफाई अभियान का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह अभियान 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' थीम पर आधारित रहा। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. हरजिंदर सिंह व प्रो. शिवानी की अध्यक्षता में किया गया। अभियान के पहले दिन स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर में लगभग 50 पौधे लगाए। इस अभियान में एनएसएस इकाई व ईको क्लब के प्रभारी सहित सभी सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हुए और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

### हथकरघा वस्त्रों की आधुनिकता को दर्शाया

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफटी) कांगड़ा में हैंडलूम पखवाड़ा 2025 का समापन सांस्कृतिक गरिमा के साथ हुआ। इस आयोजन के दौरान भारतीय हथकरघा कला की विरासत और समकालीन प्रासंगिकता को रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से उजागर किया गया। छात्रों ने क्राफ्ट रिसर्च प्रोजेक्ट्स को रील्स के रूप में सोशल मीडिया पर साझा किया। समापन अवसर पर साड़ी एवं धोती ड्रेपिंग कार्यशाला तथा क्राफ्टप्रेन्योर प्रस्तुतिकरण भी हुए। फैशन वॉक के माध्यम से विद्यार्थियों ने हथकरघा वस्त्रों की आधुनिकता को दर्शाया। निदेशक प्रो. (डॉ.) राहुल चंद्र ने कहा कि यह आयोजन छात्रों में सांस्कृतिक जिम्मेदारी और रचनात्मकता का संतुलन विकसित करता है। विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### किसानों को दी सुविधाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** ब्लॉक परियोजना प्रबंधन इकाई शाहपुर की प्रभारी डॉ. अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन में छोटे किसानों के लिए एपीएमसी कांगड़ा में संयुक्त बाजार सर्वेक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को बाजार की मांग, मूल्य निर्धारण और व्यापारिक प्रक्रिया की जानकारी देना था। ट्रैंबल ओल्ला, रिढुआण व भड्डुल की फ्लो इरिगेशन योजनाओं से जुड़े 30 किसानों ने भाग लिया। किसानों ने सब्जियों की डिमांड और पैकेजिंग के महत्व को जाना। एपीएमसी सचिव दीक्षित जरियाल ने भी किसानों से संवाद कर व्यापार प्रक्रिया और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। यह पहल किसानों को बाजार-आधारित खेती की दिशा में प्रेरित करने में सहायक सिद्ध हुई।

वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट के अध्ययन में सामने आया आंकड़ा, अधिकतर व्हाइट रम्प्ड प्रजाति के गिद्ध

# जिले में 500 के करीब गिद्ध

**गिद्धों के संरक्षण व अध्ययन पर आधारित कार्यशाला 5 को**

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** भले ही कुछ समय पूर्व गिद्धों की संख्या में कमी दर्ज की गई थी, लेकिन आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो जिले में 500 के करीब गिद्ध हैं। यह खुलासा हाल ही में वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट के अध्ययन में हुआ है। जिला कांगड़ा में पाए जाने वाले गिद्धों में अधिकतर व्हाइट रम्प्ड प्रजाति के हैं। इसके अलावा 2 से 3 तीन प्रजातियों के गिद्द भी यहां पाए जाते हैं।




वाइल्ड लाइफ विभाग की ओर से गिद्धों के संरक्षण के लिए अध्ययन किया गया है, जिसके सार्थक परिणाम सामने आए हैं। इस अध्ययन को आगे ले जाने के लिए 5 सितंबर को धर्मशाला में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। 6 सितंबर को विश्व गिद्ध जागरूकता दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी 5 सितंबर को धर्मशाला में कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जबकि 6 सितंबर को नगरोटा सूरियां में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। गौरतलब है कि पूर्व में सामने आया था कि गिद्धों की संख्या कम हो रही है, जबकि वन्य प्राणी विभाग की ओर से किए गए अध्ययन में जिला कांगड़ा में गिद्धों के कई घोंसले पाए गए हैं तथा इनकी संख्या में इजाफा हो रहा है। कार्यशाला में वन्य प्राणी विभाग के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित स्कूल व कॉलेजों के बच्चों को भी बुलाया जाएगा, जिससे उन्हें भी गिद्धों के संरक्षण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की जानकारी उपलब्ध हो सके।



> कांगड़ा जिले में व्हाइट रम्प्ड गिद्ध ज्यादा पाए जाते हैं। इसके अलावा अन्य प्रजाति के गिद्ध भी पाए जाते हैं। हाल ही कि वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट के माध्यम से करवाए गए अध्ययन में जिला कांगड़ा में गिद्धों की संख्या 500 के लगभग आंकी गई है। गिद्धों के संरक्षण के लिए जा रहे अध्ययन को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से 5 सितंबर को धर्मशाला में कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।
>
> **सरोज भाई पटेल, सीसीएफ, वाइल्ड लाइफ धर्मशाला**

### गोवंश की समस्या को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** शिवसेना हिंद के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र धीमान ने शनिवार को एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा कि पिछले काफी समय से बेसहारा गोवंश की समस्या जस की तस बनी हुई है। इसके समाधान के लिए आपकी व पूर्व की सरकारों ने कई प्रयास किए, लेकिन आज भी समस्या सुलझ नहीं पाई है। सड़कों पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसमें गोवंश भी घायल होता है और लोग भी घायल होते हैं। गो तस्करी की भी घटनाएं लगातार जारी हैं। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए प्रत्येक पंचायत में भूमि उपलब्ध करवाकर गोशाला, गोबर से खाद व अन्य सामान बनाने का संयंत्र, गोमूत्र से कीटनाशक दवाएं बनाने का संयंत्र व गोबर गैस प्लांट लगाया जाए। इससे गांवों का पशुधन गांव में ही रहेगा। गोबर व अन्य सामान के संयंत्र लगने से होने वाली आय से भविष्य में ऐसी गोशालाएं आत्मनिर्भर भी हो जाएंगी।

## हैप्पी बर्थडे



मोक्ष ठाकुर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



ठारू की सनाया को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



संतोषगढ़ के दिव्यांश सैनी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



धर्मशाला की अन्वी चौधरी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



नैहरनपुखर के इवान शर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## यूरोप भेजने के नाम पर युवकों से ठगी, एजेंट का मोबाइल ऑफ

**न्याय की गुहार लगाने पहुंचे एसपी कार्यालय**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**यूरोप** भेजने के नाम पर युवकों से ठगी का मामला सामने आया है। वहीं, अब एजेंट का मोबाइल ऑफ आ रहा है। ठगी का शिकार हुए युवक शनिवार को न्याय की गुहार लगाने एसपी कार्यालय धर्मशाला पहुंचे थे। पुलिस को सौंपे शिकायत पत्र में युवकों ने बताया कि एक व्यक्ति ने खुद को एजेंट बताकर युवकों को नौकरी के लिए यूरोप भेजने का झांसा देकर उनसे पैसों की ठगी की है। युवकों का कहना है कि उस व्यक्ति ने उन्हें अपने झांसे में लेकर यूरोप में नौकरी देने का झांसा दिया। इसके बदले में उसने युवकों से पैसों की मांग की।

रोजगार की आस में झांसे में आकर युवकों ने संबंधित व्यक्ति को पैसों की रकम दे दी, लेकिन युवकों को विदेश में किसी प्रकार का कोई रोजगार नहीं मिला। युवकों ने शिकायत पत्र में बताया कि उनके द्वारा एजेंट से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन उसका मोबाइल कुछ समय से स्विच ऑफ है। इस सारे मामले में युवकों ने पुलिस कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, पुलिस प्रशासन की ओर से इस मामले की जांच के लिए यह शिकायत पत्र पुलिस थाना धर्मशाला को सौंप दिया गया है।

> एसपी कार्यालय में शिकायत लेकर कुछ युवक आए थे। युवकों का कहना है कि उन्हें यूरोप में नौकरी देने के नाम पर खुद को एजेंट बताने वाले किसी व्यक्ति ने ठगी की है, लेकिन उन्हें कोई नौकरी नहीं मिली। अब वे संबंधित व्यक्ति का मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा है। शिकायत पत्र को पुलिस थाना धर्मशाला में मामले की जांच के लिए भेजा गया है।
>
> **-हितेष लखनपाल, एएसपी, जिला कांगड़ा**

## सुधेड़ मार्ग पर खतरा बनी इमारत को डिस्मेंटल करने का कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला** में भूस्खलन के चलते आबादी के लिए खतरा बनी बहुमंजिला इमारत को गिराने का कार्य शुरू कर दिया है। धर्मशाला से चंबी वाया सुधेड़ के साथ नेशनल हाइवे को जोड़ने वाले स्टेट हाइवे पर सुधेड़ के पास धर्मशाला प्रशासन ने बहुमंजिला इमारत को गिराने के आदेश जारी कर दिए हैं।

प्रशासन ने यह फैसला इमारत के मालिक को विश्वास में लेकर किया है। एसडीएम धर्मशाला मोहित रत्न ने बताया कि लगातार बारिश के चलते धर्मशाला के इस क्षेत्र में जमीन धंस रही है और उस भूस्खलन की जद्द में एक बहुमंजिला इमारत भी आ चुकी है। इस इमारत को जमींदोज नहीं किया गया तो इससे न केवल इस इमारत को नुकसान होगा, बल्कि इसके नीचे जो रिहायशी मकान हैं, उन्हें भी नुकसान हो सकता है। ऐसे में स्थानीय प्रशासन ने इस इमारत को ही गिराने का फैसला लिया है और इमारत के मालिक को भी विश्वास में लिया है।



मकानों के लिए खतरा बन चुकी इमारत को गिराने के लिए अब हैवी मशीनरी मंगवाई।

फिलहाल हैवी मशीनरी को मौके पर डिप्लॉय कर दिया गया है और जल्द ही इस इमारत को जमींदोज करने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शुरुआती तौर पर छोटी मशीनरी मंगवाई गई थी, जिससे कार्य नहीं हो पाया, जिसके चलते हैवी मशीनरी मंगवाई गई है। गौरतलब है कि शनिवार सुबह छोटी मशीनों से इमारत को डिस्मेंटल करने का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन धंस रही जमीन के चलते अब हैवी मशीन का इंतजाम किया जा रहा है।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## मंडवासियों को राहत : पौंग बांध से छोड़े पानी का कम हुआ स्तर



पौंग बांध का शनिवार को जलस्तर घटकर 59,978 क्यूसेक रह गया।

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

**लगातार** 18 दिनों तक ब्यास नदी के उफान ने मंड क्षेत्र के लोगों की नींद हराम कर रखी थी। लोगों के खेत डूब गए और घरों तक पानी पहुंच गया। ग्रामीणों को हर वक्त सतर्क रहना पड़ा। शनिवार शाम को आई ताजा जानकारी ने लोगों को थोड़ी राहत दी है।

**एसडीएम बोले- खतरा टला नहीं सतर्क रहें**

पौंग बांध से पिछले 18 दिनों से लगातार बड़ी मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा था। बारिश और बढ़ते जलस्तर के चलते प्रबंधन को मजबूरन डिस्चार्ज बढ़ाना पड़ा। इसका सीधा असर मंड क्षेत्र पर पड़ा, जहां कई खेत पानी में समा गए और कुछ घरों तक पानी पहुंच गया। 21 और 22 अगस्त को आउटफ्लो 74-75 हजार क्यूसेक तक बना रहा। वहीं, शनिवार को यह घटकर 59,978 क्यूसेक रह गया। बांध का जलस्तर भी घटा है और इनफ्लो कम हुआ है यानी मंड क्षेत्र के लिए खतरा थोड़ा कम हुआ है। एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती ने कहा कि पानी का स्तर घटा जरूर है, लेकिन खतरा पूरी तरह टला नहीं है। लोगों से अपील की गई है कि वे पूरी सतर्कता बरतें, नदी किनारे न जाएं और सुरक्षा निर्देशों का पालन करें।

## चढ़ियार अस्पताल में दो नर्सों की जल्द होगी तैनाती : किशोरी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उपमंडल बैजनाथ के चढ़ियार स्थित सरकारी अस्पताल में लंबे समय से रिक्त पड़े पदों को लेकर स्थानीय विधायक किशोरी लाल ने स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्सकों के 6 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 4 चिकित्सक वर्तमान में सेवाएं दे रहे हैं। वहीं, 10 नर्सिंग पदों में से केवल एक नर्स कार्यरत है। विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान उठाए गए प्रश्न का हवाला देते हुए विधायक ने कहा कि बैजनाथ अस्पताल में चिकित्सकों के 14 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 8 चिकित्सक कार्यरत हैं। शेष पदों को भरने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा भर्ती प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। विधायक ने कहा कि किसी भी सरकारी अस्पताल में पदों की स्वीकृति वहां की ओपीडी संख्या पर निर्भर करती है।

**बोले- डॉक्टरों के स्वीकृत 6 पदों में से 4 दे रहे सेवाएं**

उन्होंने जानकारी दी कि जल्द ही चढ़ियार अस्पताल में दो नर्सों की तैनाती कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा में बैजनाथ के ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति भी उठाई गई है। पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 35 पदों में से 33 पद और महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 37 पदों में से 26 पद इस समय रिक्त हैं। इन पदों को शीघ्र भरने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और स्वास्थ्य मंत्री से आग्रह किया है।

## कांगड़ा वैली कार्निवल के लिए 14 कमेटियां गठित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**एडीएम को सौंपी फंड रेसिंग व ग्राउंड अलॉटमेंट व सोवेनियर कमेटी की कमान**

**धर्मशाला** में आयोजित होने वाले कांगड़ा वैली कार्निवल के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि इस बार कुल 14 कमेटियों का गठन किया गया है, जो समारोह की विभिन्न व्यवस्थाओं का जिम्मा संभालेंगी। कल्चर, साउंड एवं ऑर्केस्ट्रा कमेटी की अध्यक्षता एडीसी कांगड़ा करेंगे, जिसमें 7 सदस्य शामिल होंगे। फंड रेसिंग, ग्राउंड अलॉटमेंट और सोवेनियर कमेटी की कमान एडीएम कांगड़ा को सौंपी गई है।

एक्सपेंडिचर और बोर्डिंग कमेटी के लिए एसी-टू-डीसी कांगड़ा की अध्यक्षता में 7 सदस्यीय टीम बनाई गई है। इसके साथ ही ट्रांस्पोर्टेशन व लाइसेंसिंग, हॉस्पिटैलिटी और फेलिसिटेशन के लिए 4 व 9 सदस्यीय कमेटियों का गठन भी एसी-टू-डीसी कांगड़ा की अध्यक्षता में हुआ है। सीटिंग, पंडाल और स्टॉल से संबंधित जिम्मेदारी एसडीएम की अध्यक्षता वाली 8 सदस्यीय कमेटी को दी गई है।

विज्ञापन, प्रिंटिंग और डिजाइनिंग का कार्य डीपीओ प्लानिंग की अध्यक्षता में 4 सदस्यीय कमेटी को सौंपा गया है। मीडिया प्रबंधन जिला लोक संपर्क अधिकारी की अध्यक्षता वाली 3 सदस्यीय टीम करेगी। सेनिटेशन का जिम्मा नगर निगम धर्मशाला के ज्वाइंट कमिश्नर की अध्यक्षता वाली 5 सदस्यीय कमेटी को दिया गया है। फोटोग्राफी, लाइव स्ट्रीमिंग और वीडियोग्राफी का दायित्व डीआईओ धर्मशाला की अध्यक्षता में गठित 4 सदस्यीय कमेटी निभाएगी।

टूरिज्म ट्रेड फेयर के लिए जिला पर्यटन अधिकारी के नेतृत्व में 6 सदस्यीय टीम बनाई गई है। वहीं, मैराथन की जिम्मेदारी नगर निगम कमिश्नर की अध्यक्षता वाली 8 सदस्यीय कमेटी को दी गई है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एडीएम धर्मशाला की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय कमेटी बनाई गई है।

## दूसरी बार प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष बने पवन काजल का स्वागत



पवन काजल ने मंडल पदाधिकारियों के साथ बनाई पंचायत चुनाव की रणनीति।

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश भाजपा कार्य समिति में लगातार दूसरी बार उपाध्यक्ष बनाए जाने के बाद विधायक पवन काजल का कांगड़ा पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

मटौर स्थित भाजपा कार्यालय में जयंती और बज्रेश्वरी मंडल के पदाधिकारियों ने उनका अभिनंदन किया। काजल ने कहा कि यह ताजपोशी पार्टी कार्यकर्ताओं की एकजुटता और क्षेत्रवासियों के समर्थन का परिणाम है। उन्होंने बताया कि उनका कोई राजनीतिक पारिवारिक पृष्ठभूमि नहीं है, फिर भी एक ट्रैक्टर चलाने वाले गरीब परिवार के युवा को भाजपा ने पहले राष्ट्रीय कार्य परिषद सदस्य और अब प्रदेश उपाध्यक्ष बनाकर सम्मान दिया है। काजल ने कहा कि वह आगामी चुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित कर पार्टी का ऋण चुकाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने क्षेत्र में सड़कों की खराब स्थिति पर चिंता जताई और पंचायत चुनावों को लेकर मंडल पदाधिकारियों संग रणनीति भी बनाई।

कार्यक्रम | मुख्य सचेतक ने तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए की 11 लाख रुपए देने की घोषणा

## पर्यावरण संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी: केवल

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** भनाला में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने शिव मंदिर गोरडा परिसर में आंवले का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि आज हम पौधरोपण करेंगे और उनकी देखभाल सुनिश्चित करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और स्वच्छ पर्यावरण मिलेगा।

**नाहलन एवं मछलान महिला मंडल को दिए 11-11 हजार रुपए**

मुख्य सचेतक पठानिया ने गोरडा स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 11 लाख रुपए देने की घोषणा की तथा शिव मंदिर में शेड एवं सीढ़ियां बनाने का प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि समुचित धनराशि उपलब्ध करवाई जा सके।




केवल पठानिया ने शिव मंदिर गोरडा परिसर में आंवले का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

नाहलन एवं मछलान महिला मंडलों को 11,000-11,000 रुपए की नकद धनराशि भेंट की। एटीसी शाहपुर द्वारा संचालित एक पेड़ अपने नाम तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए गए। इस दौरान 20 वरिष्ठ नागरिकों को बिल के पौधे वितरित किए गए। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फील्ड में जाकर लोगों से मिलें और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

## महाकाल मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भाद्रपद माह के दूसरे शनिवार मेले के दिन श्रद्धालुओं की भारी संख्या महाकाल मंदिर में देखने को मिली। सुबह 4 बजे मंदिर के कपाट खुलते ही सैकड़ों श्रद्धालुओं का तांता मंदिर परिसर में लगना शुरू हो गया था, जो मंदिर से बाहर तक जा पहुंचा। एसडीएम संकल्प गौतम व मंदिर अधिकारी रमन ठाकुर ने बताया कि मंदिर न्यास की ओर से श्रद्धालुओं के लिए बेहतर दर्शनों का प्रबंध किया गया था, जबकि सुरक्षा के चलते महिला व पुरुष पुलिसकर्मी मंदिर परिसर पर पैनी नजर रखे हुए थे।

मंदिर अधिकारी ने बताया कि दूसरे शनिवार मेले में भारी संख्या को देखते हुए मंदिर न्यास की ओर से पुख्ता व्यवस्थाएं की गई थी। इसके अलावा स्थानीय लोगों के सहयोग से लाइनों में लगे श्रद्धालुओं को पानी की व्यवस्था में सहयोग दिया गया। गौरतलब है कि हर वर्ष भाद्रपद माह में महाकाल मंदिर में प्रदेश के दूरदराज इलाकों से हजारों की तादाद में श्रद्धालु महाकाल मंदिर में आते हैं व यहां शनि मंदिर, महाकाल व माता के मंदिर में अपना माथा टेकते हैं। दूसरे मेले के दिन सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# शिमला जिले में 6 नए मतदान केंद्र प्रस्तावित

## राजधानी में चुनाव से पहले मतदान केंद्रों का पुनर्गठन, खस्ताहाल भवनों से 14 मतदान केंद्र होंगे स्थानांतरित

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** शिमला जिला प्रशासन ने आगामी चुनावों को देखते हुए मतदाताओं की सुविधा और मतदान प्रक्रिया को अधिक सुलभ और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में शनिवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक अहम बैठक आयोजित की गई जिसमें मतदान केंद्रों के पुनर्गठन, नए केंद्रों के निर्माण तथा पुराने भवनों की जगह नए भवनों में मतदान केंद्र स्थानांतरित करने जैसे विषयों पर गंभीरता से विचार किया गया।

बैठक की शुरुआत में निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यह प्रक्रिया न केवल निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप है, बल्कि इसका उद्देश्य उन इलाकों में सुविधाजनक और समावेशी मतदान का वातावरण तैयार करना है जहां मतदाताओं की संख्या अत्यधिक हो चुकी है या फिर मतदान भवन अब उपयोग के योग्य नहीं रहे।

सभी राजनीतिक दलों को प्रस्तावित बदलावों की पूरी जानकारी दी गई और उनकी प्रतिक्रिया ली गई। बैठक में बताया कि जिला शिमला में 6 नए मतदान केंद्र बनाए जाने प्रस्तावित हैं। चौपाल, शिमला ग्रामीण, जुब्बल-कोटखाई और रामपुर जैसे क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक हो जाने के कारण, अलग-अलग विद्यालय भवनों में नए मतदान केंद्र खोले जाएंगे। इन केंद्रों का निर्माण विशेष रूप से बुजुर्ग मतदाताओं और दूर-दराज़ के नागरिकों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है, ताकि उन्हें मतदान के दिन किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इसके अतिरिक्त, 6 मतदान केंद्रों में युक्तिकरण के तहत उनके सेक्शन को समीपवर्ती या अधिक उपयुक्त केंद्रों में समायोजित करने का प्रस्ताव है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता वितरण को संतुलित करना और चुनावी कार्यप्रणाली को अधिक कारगर बनाना है। बैठक में बताया कि जिले के 14 मतदान केंद्रों को उनके मौजूदा भवनों की खस्ताहाल स्थिति के कारण अन्य भवनों में स्थानांतरित किया जाएगा। कई स्कूलों के निर्माण कार्य चलने या भवनों के अनुपयुक्त होने की स्थिति में उन्हें पास के मिडिल स्कूल, पंचायत घर, या महिला मंडल भवनों में स्थानांतरित किया जाएगा। यह परिवर्तन मतदाता अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में उठाया गया एक व्यावहारिक व आवश्यक कदम है।



### नए केंद्रों से पूर्व होगा चुनावी भागीदारी विश्लेषण

**उपायुक्त** ने कहा कि नए मतदान केंद्रों के प्रस्ताव भेजने से पहले संबंधित क्षेत्रों में पिछले चुनावों की मतदाता भागीदारी का विश्लेषण अवश्य किया जाए। साथ ही, उन्हें अपने क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण करने और वैकल्पिक भवनों की पहचान करने के निर्देश भी दिए गए ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका उपयोग स्ट्रॉन्ग रूम अथवा अन्य चुनावी कार्यों के लिए किया जा सके। इस बैठक में सभी प्रमुख राजनीतिक दलों कांग्रेस, भाजपा, सीपीआईएम और बीएसपी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और प्रस्तावित बदलावों पर अपनी सहमति प्रदान की।

### मतदाताओं को नाम बदलने पर दें सूचना

**जिला** निर्वाचन अधिकारी ने विशेष रूप से यह निर्देश दिए कि मतदान केंद्रों के नामों में बदलाव की स्थिति में मतदाताओं को समय रहते सूचित किया जाए। उन्होंने कहा कि नामों में परिवर्तन अक्सर मतदाताओं में भ्रम पैदा करता है, इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि वोटर स्लिप में पुराने नाम के साथ नया नाम भी स्पष्ट रूप से अंकित हो। इससे मतदाता समय पर और सही स्थान पर पहुंच सकें और मतदान प्रक्रिया में किसी भी असमंजस की स्थिति से बचा जा सके।

# राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के तहत 2 नए आवेदन स्वीकृत: उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**उपायुक्त** शिमला अनुपम कश्यप ने शनिवार को जानकारी दी कि शिमला में आयोजित राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक में दो नए आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। यह स्वीकृति ई-टैक्सी योजना के तहत दी गई है, जिससे चयनित युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

उपायुक्त ने बताया कि जिन दो लाभार्थियों के आवेदन स्वीकृत किए गए हैं, उनमें पहला नाम संदीप कुमार है, जो मान सिंह के पुत्र हैं और डाकघर जुन्गा गड़ावन, भड़ेच, खंड मशोबरा, तहसील जुन्गा से हैं। दूसरा नाम ईश्वर दास है, जो ठाकुर दास के पुत्र हैं और वार्ड संख्या 3, झाकड़ी, खंड व तहसील रामपुर से हैं। इस योजना के अंतर्गत अब तक कुल सात युवाओं को आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं। उपायुक्त ने बताया कि ई-टैक्सी योजना के तहत लाभार्थियों को वाहन की कुल लागत का 50 प्रतिशत अनुदान स्वरूप प्रदान किया जा रहा है, जिससे युवाओं को आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिल रही है।

बैठक में समिति के सदस्य सचिव एवं जिला रोजगार अधिकारी देवेंद्र कुमार, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनिल शर्मा, डीआरडीए के परियोजना अधिकारी कार्तिक तथा यूको बैंक के अग्रणी जिला प्रबंधक कुलवंत भी उपस्थित रहे।



उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

### युवाओं से योजना का लाभ उठाने का आग्रह

बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के अन्य पात्र बेरोजगार युवाओं से भी इस योजना का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह योजना युवाओं को स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती है।

# बिना लाइसेंस के पटाखा बेचने पर होगी सख्त कार्रवाई : पंकज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- **एडीएम ने लाइसेंस धारकों के लिए जारी किए जरूरी दिशा- निर्देश**
- **लोगों से अपील-अधिकृत लाइसेंसधारकों व चिन्हित स्थानों से ही करें खरीद**

**अतिरिक्त** जिला दण्डाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था), शिमला पंकज शर्मा ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध लाइसेंस के पटाखों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति पटाखों की अनधिकृत बिक्री, भंडारण या वितरण में संलिप्त पाया गया, तो उसके विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम 1884 और संबंधित नियमों के अंतर्गत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने चेतावनी दी कि उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ न केवल स्टॉक जब्त किया जाएगा, बल्कि उनके विरुद्ध मामला भी दर्ज किया जाएगा। यह कदम आगामी दीपावली पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचने के उद्देश्य से उठाया गया है।

पंकज शर्मा ने कहा कि सभी लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं को अपने लाइसेंस की शर्तों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे केवल अधिकृत लाइसेंसधारकों और प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थानों से ही पटाखों की खरीद करें।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन को जानकारी मिली है कि कुछ व्यक्ति अथवा दुकानें बिना वैध लाइसेंस के पटाखों की बिक्री करने की कोशिश कर रहे हैं, जो पूरी तरह अवैध है और इसके खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई बेहद सख्त होगी।

# मुख्य न्यायाधीश ने देवदार का पौधा रोपित कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को नालदेहरा स्थित गोल्फ कोर्स के समीप पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया, मुख्य न्यायाधीश, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा देवदार का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में न्यायाधीश, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय एवं कार्यकारी अध्यक्ष, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक सिंह ठाकुर सहित न्यायाधीश अजय मोहन गोयल, संदीप शर्मा, सत्येन वैद्य, सुशील कुकरेजा, वीरेंद्र सिंह, रंजन शर्मा एवं राकेश कैंथला ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और पौधारोपण किया।

इस अवसर पर विभिन्न न्यायाधीशों की धर्मपत्नियां भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर वन विभाग ने पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथिगणों को पुष्प पौधा भेंट कर सम्मानित किया। पौधारोपण कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल भूपेश शर्मा, रजिस्ट्रार विजिलेंस विकास भारद्वाज, रजिस्ट्रार रूल्स एवं जजेज शाखा अमन सूद, रजिस्ट्रार न्यायिक एवं प्रोटोकॉल हरीश शर्मा, रजिस्ट्रार सामान्य प्रशासन एवं सूचना प्रौद्योगिकी पंकज शर्मा, रणजीत सिंह, अनूप कुमार रत्न, लवनीश कंवर, पीयूष वर्मा, बुनेश पाल, निशांत, अनिल वालिया, डॉ. संजय सूद, अनिकेत वानवे सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया, नालदेहरा में देवदार का पौधा रोपित करते हुए।

# 17.150 ग्राम चिट्टे के साथ 3 युवक गिरफ्तार

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर पुलिस ने नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे व्यापक अभियान में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। थाना रामपुर की टीम, प्रभारी थाना/निरीक्षक आशीष कौशल की अगुवाई में, 22 अगस्त को निरसु निरथ की ओर गश्त पर थी।

पुलिस टीम को विश्वसनीय स्रोतों से सूचना मिली कि प्रशांत नेगी पुत्र स्व. राजकुमार नेगी, अविनाश ठाकुर पुत्र विनोद कुमार और दीवान जोश पुत्र स्वर्गीय चंद्र भगत तीनों निवासी किन्नौर जिला के हैं। पुलिस को खबर मिली कि भैरा खड्ड के पास अपनी सफेद हुंडई 20 नंबर एच पी 25ए -2807 में हेरोइन बेचने के लिए मौजूद हैं। सूचना के आधार पर रेडिंग पार्टी तैयार की गई और गाड़ी की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान तीनों के कब्जे से 17.150 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस मामले में पुलिस थाना रामपुर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज कर आगामी तफ्तीश शुरू कर दी गई है।

डीएसपी रामपुर नरेश शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि नशे से जुड़े किसी भी गिरोह को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस उपमंडल रामपुर में पिछले डेढ़ साल में एनडीपीएस एक्ट के तहत 66 मुकदमे दर्ज किए गए, जिसमें 183 व्यक्ति गिरफ्तार हुए। इसी पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# विधायक ब्राक्टा ने दिए सड़कों की मरम्मत तेज करने के निर्देश



रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र की सड़कों पर विधायक ब्राक्टा समीक्षा बैठक करते हुए।

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**

**रोहड़ू।** रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने शनिवार को रोहड़ू में विशेष बैठक की। बैठक में रोहड़ू, चिड़गांव और डोडरा क्वार मंडल के अधिशासी अभियंता सहित अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान एसडीएम रोहड़ू धर्मेश रमोत्रा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

विधायक ब्राक्टा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारी बरसात से क्षतिग्रस्त हुई सभी मुख्य व संपर्क सड़कों को तुरंत दुरुस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सेब सीजन जोरों पर है और बागबानों को अपना माल मंडियों तक पहुंचाने में किसी भी तरह की समस्या नहीं आनी चाहिए।

ब्राक्टा ने कहा कि रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र जिला शिमला का सबसे बड़ा सेब उत्पादक क्षेत्र है। छौहारा और डोडरा क्वार इलाकों में भी बड़ी मात्रा में सेब का उत्पादन हो रहा है, ऐसे में सड़कों का सुव्यवस्थित रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि चांशल घाटी से होकर डोडरा क्वार को जोड़ने वाली सड़क पर मरम्मत कार्य युद्ध स्तर पर किया जाए।

## डीसी ने टीबी मुक्त पंचायत को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त राहुल कुमार ने इस वर्ष टीबी मुक्त घोषित 29 पंचायतों के प्रतिनिधियों को गांधी जी की प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं गतवाड, लंजटा, मरहाणा, मैहरी काथला, सलोन उपरली, कोठीपुरा, बैहल, लैहरी, रोड जामण, तरसूह और टोबा संगवाणा सिल्वर कैटेगरी में रही। वहीं दाबला, घण्डालवीं, हम्बोट, कसारु, कोट, कुठेड़ा, संडयार, बलघाड़, गालियां, जांगला, झबोला, नघ्यार, विजयपुर, द्रोबड़, कचौली, सुई सुरहाड, कोटखास और माकड़ी पंचायतें ब्रॉन्ज कैटेगरी में रही।

## समृद्ध हिमाचल पहल के लिए दें सुझाव

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** 'समृद्ध हिमाचल-2045' पहल के तहत ऑनलाइन नागरिक सहभागिता प्रश्नावली 26 अगस्त तक भर सकते हैं। सहायक आयुक्त नरेंद्र अहलूवालिया ने बताया कि यह पहल सहभागी शासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें नागरिक हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में अपने सुझाव दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने जिलावासियों से अपील की कि समय रहते प्रश्नावली भरकर हिमाचल के सुनहरे भविष्य के निर्माण में योगदान दें।

## प्राकृतिक खेती किसानों के लिए सुरक्षित विकल्प

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) विकास खंड घुमारवीं द्वारा 'प्राकृतिक खेती-खुशहाल किसान योजना' के तहत खंड स्तरीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश धर्माणी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने में सहायक है बल्कि यह किसानों की आय बढ़ाने और उपभोक्ताओं को स्वास्थ्यवर्धक खाद्यान्न उपलब्ध कराने का एक प्रभावी माध्यम है। मंत्री धर्माणी ने कहा कि आज के समय में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अत्यधिक प्रयोग भूमि, जल और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा बन चुका है। ऐसे में प्राकृतिक खेती किसानों के लिए एक सुरक्षित विकल्प है।

## शिव मंथन बने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट अधिकारी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** एमबीएस इंटेलेक्चुअल्स घुमारवीं के छात्र शिव मंथन ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट अधिकारी बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। ग्राम पंचायत अमरपुर, तहसील घुमारवीं के निवासी शिव मंथन पुत्र चमन लाल ने तकनीकी प्रवेश योजना (टीईएस-54) के अंतर्गत सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) साक्षात्कार को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया है। शिव मंथन का एसएसबी साक्षात्कार 12 अगस्त 2025 से इलाहाबाद स्थित एसएसबी चयन केंद्र में आयोजित हुआ था, जिसमें उन्होंने स्क्रीनिंग टेस्ट, मुख्य साक्षात्कार एवं चिकित्सा परीक्षण के सभी चरणों को सफलतापूर्वक पार किया। इसके उपरांत उन्हें 11 एसएसबी, इलाहाबाद द्वारा अंतिम चयन के लिए अनुशंसित किया गया है। एमबीएस इंटेलेक्चुअल्स घुमारवीं के फाउंडर, सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर भूपेंद्र सिंह ने कहा कि शिव मंथन ने बड़ी सफलता हासिल की है।



## विधायक रणधीर ने कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** सर्किट हाउस में श्री नयना देवी मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष नंद लाल ठाकुर की अध्यक्षता में हुई, जिसमें विधायक रणधीर शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर उन्हें सम्मानित किया गया। रणधीर शर्मा ने संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को आगामी पंचायती राज चुनावों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की 10 गारंटियां पूरी तरह असफल रही हैं और जनता अब पछता रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं को ट्रेनी पॉलिसी के तहत स्थायी नौकरी से वंचित किया गया है, शराब के ठेकों को बढ़ावा दिया जा रहा है और ठेकेदारों को भुगतान न होने से विकास कार्य ठप हैं। शर्मा ने कहा कि सरकार की विश्वसनीयता पूरी तरह खत्म हो चुकी है।

## छात्रों को उद्यमिता के महत्व का दिया मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं की इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल द्वारा छात्रों के लिए एक ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया, इसमें महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्रों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। कार्यक्रम में आईआईसी के अध्यक्ष प्रो. विवेक कुमार, कन्वीनर डॉ. अंजना कुमारी तथा सदस्य डॉ. प्रवीण कुमार और प्रो. राजीव शर्मा उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रसिद्ध उद्यमी एवं लेखक अंकुर वारिकू रहे, जिन्होंने छात्रों को नवाचार, स्टार्टअप और उद्यमिता के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। यह कार्यक्रम एमओई इनोवेशन सैल के द्वारा राष्ट्र प्रथम एपीसोड तीन के अंतर्गत देश भर के छात्रों के लिए ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया गया।

# लोक संस्कृति को जीवंत रखना मेरा धर्म : काकू राम

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान**

**बिलासपुर।** बरमाना में आयोजित किए जा रहे गुग्गा मेले के अवसर पर सांस्कृतिक संध्या में पधारे हिमाचल प्रदेश के प्रमुख प्रसिद्ध लोकगायक काकू राम ठाकुर ने लोक संस्कृति, सफलता और गायन यात्रा को लेकर अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत की।

**सवाल :** लोक संस्कृति और आपके जीवन में इसकी भूमिका को आप कैसे देखते हैं?

**जवाब :** लोक संस्कृति हमारी पहचान है। इसे जीवंत रखना हर कलाकार का कर्तव्य है। मेरे लिए मंच केवल प्रस्तुति का स्थान नहीं है, बल्कि एक मंदिर है। यही मेरी कर्मभूमि है, यही से मुझे रोजी-रोटी मिलती है और यही मेरे भाग्य का आधार है। मंच के माध्यम से समाजसेवा भी की जा सकती है।

**सवाल :** पहली बार गुग्गा जी की पावन धरती पर आकर अनुभव कैसा रहा?

**जवाब :** यह मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है। यहां आकर मुझे अपार आत्मिक शांति मिली है। मैं इसे अपने जीवन का एक खास क्षण मानता हूं।

**सवाल :** अपनी सफलता का श्रेय आप किसे देते हैं?

**जवाब :** मेरा यह मुकाम मेरे माता-पिता के आशीर्वाद और लंबे संघर्ष का परिणाम है। इस क्षेत्र में आए हुए मुझे 22 वर्ष हो गए हैं। निरंतर प्रयास और संघर्ष के बाद ही आज मैं यहां तक पहुंचा हूं।

**सवाल :** आपकी गायन यात्रा कब और कैसे शुरू हुई?

**जवाब :** वर्ष 2003 में, जब मैं स्कूल में पढ़ता था, तब पहली बार चंबा के मिंजर मेले में मंच पर गाने का अवसर मिला। वह अनुभव आज भी मेरी यादों में ताजा है और वहीं से मेरी गायन यात्रा ने दिशा पकड़ी।

**सवाल :** आपने देश के कई हिस्सों में प्रस्तुतियां दी हैं। वहां अपनी संस्कृति को किस तरह आगे बढ़ाया?

**जवाब :** मैंने हमेशा अपनी स्थानीय भाषा और संस्कृति को प्राथमिकता दी। जहां भी गया, वहीं की सांस्कृतिक जड़ों को छूने और अपनी संस्कृति की छाप छोड़ने का प्रयास किया। यही हमारी असली ताकत है। संस्कृति ही हमारी सबसे बड़ी पहचान है।



### अपने बच्चों को नशे से दूर रखें अभिभावक

**काकू** राम ठाकुर ने कहा कि मेरा संदेश है कि अभिभावक अपने बच्चों को नशे से दूर रखें और उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। हमारा भविष्य बच्चों के हाथ में है। अगर वे संस्कारित होंगे, तभी समाज और देश सुरक्षित रहेंगे।

**काकू राम ठाकुर की अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत**

## गुग्गा मेले की पहली संध्या काकू राम और हंसराज के नाम

**अनंत ज्ञान, बरमाणा।** पारंपरिक गुग्गा मेला-2025 की पहली सांस्कृतिक संध्या हिमाचली कलाकारों के नाम रही। मुख्यातिथि उदय तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

लोकगायक काकू राम ठाकुर ने गणेश वंदना से शुरुआत कर हिंदी, पंजाबी और हिमाचली गीतों पर दर्शकों को झूमने पर मजबूर किया। वहीं मधुर गायक हंसराज हमीरपुर ने गायकी से श्रोताओं का दिल जीत लिया। संध्या में कत्थक नर्तक दिनेश गुप्ता ने शिव भजन पर मनमोहक प्रस्तुति दी। लछिया राम, पूजा कुमारी, सचिन, सीता, रवींद्र, ऋषभ सोलंकी, वंदना सहित कई कलाकारों ने शानदार गीत प्रस्तुत किए। काजल और श्रेयांशी ने हिमाचली नृत्य से समां बांधा।

अनुभवी मंच संचालक संजीव भारद्वाज ने शायरी और अपनी मधुर आवाज से कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा। इस अवसर पर ग्राउंड को दुल्हन की तरह सजाया गया था, जिसमें बिलासपुर, मंडी और सुंदरनगर से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## टोल प्लाजा शुरू होने पर कांग्रेस नेता का विरोध



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** गरमोड़ा और बलोह टोल प्लाजा पर एक बार फिर से टोल वसूली शुरू कर दी गई है, जिस पर कांग्रेस नेता गौरव शर्मा ने कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा कि जब सरकार ने पूर्व में इन टोल प्लाजा को बंद करने का ऐलान किया था, तो फिर बिना किसी आधिकारिक सूचना के दोबारा क्यों शुरू की गई ?

गौरव ने आरोप लगाया कि यह कदम जनता के साथ धोखा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से टोल वसूली बंद की जाए और पूरे मामले पर पारदर्शी जानकारी दी जाए। गौरव शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि सरकार और प्रशासन ने कदम नहीं उठाया तो आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष अनीश ठाकुर ने भी फोरलेन सड़क की दुर्दशा पर चिंता जताई है।

**राहत** हड्डियों की जांच अब होगी मिनटों में, परेशानी होगी खत्म

# एम्स में लगेगी अत्याधुनिक डेक्सा मशीन

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। एम्स बिलासपुर में एंडोक्रिनोलॉजी विभाग ने प्रदेश की पहली हाईटेक डेक्सा मशीन (ड्यूल एनर्जी एक्सरे अब्सोलुर्पिशमेट्री) स्थापित करने की तैयारी पूरी कर ली है।

करीब 1.25 करोड़ रुपए की लागत से लगाई जा रही यह मशीन अब मरीजों को घर-द्वार पर ही हड्डियों की घनत्व जांच (बोन डेंसिटी टेस्ट) उपलब्ध करवाएगी।

### एम्स प्रशासन का दावा

**एम्स** प्रशासन का कहना है कि मशीन का ट्रायल पूरा हो चुका है और आने वाले कुछ ही दिनों में यह सेवा मरीजों के लिए शुरू कर दी जाएगी। साथ ही, प्रदेश के अन्य जिलों से आने वाले मरीजों के लिए भी यह सुविधा आसानी से उपलब्ध होगी।

### बीमारियों पर लगेगा समय रहते अंकुश

**इस** मशीन के जरिए ऑस्टियोपोरोसिस, हड्डियों की कमजोरी, बार-बार फ्रैक्चर और कैल्शियम जैसी समस्याओं का पता शुरुआती स्तर पर ही चल जाएगा। डॉक्टरों का कहना है कि हड्डियों से जुड़ी बीमारियां धीरे-धीरे सामने आती हैं और जब तक मरीज को समस्या का अहसास होता है, तब तक स्थिति गंभीर हो जाती है। डेक्सा मशीन से समय रहते निदान होगा और इलाज भी अधिक प्रभावी होगा।

### बुजुर्गों के लिए वरदान

**डॉक्टरों** का मानना है कि खासतौर पर 60 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग, रजोनिवृत्ति (मनोपाउज) के बाद की महिलाएं और वे मरीज जिन्हें लंबे समय तक दवाइयां लेनी पड़ती हैं, उनके लिए यह तकनीक वरदान साबित होगी। क्योंकि यही वर्ग सबसे अधिक हड्डी रोगों से प्रभावित होता है।

### अब चंडीगढ़ जाने से मिलेगा छुटकारा

**प्रदेश** के मरीजों को बोन डेंसिटी टेस्ट के लिए चंडीगढ़ या अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। खासकर बुजुर्ग, महिलाएं और हड्डियों से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित लोग लंबे समय से इस सुविधा की कमी महसूस कर रहे थे, लेकिन एम्स बिलासपुर में मशीन लगने से यह परेशानी खत्म हो जाएगी।

### प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा कदम

**विशेषज्ञ** इसे प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बड़ा कदम मान रहे हैं। उनका कहना है कि आधुनिक तकनीक की उपलब्धता से बिलासपुर न केवल हिमाचल बल्कि पड़ोसी राज्यों के मरीजों के लिए भी हड्डी रोगों के इलाज का प्रमुख केंद्र बन सकता है।

## नम्होल में 24 अगस्त को मेला समिति की बैठक

**अनंत ज्ञान, नम्होल।** पशु मंडी एवं किसान मेला समिति नम्होल की बैठक 24 अगस्त को दोपहर 3 बजे मेला मैदान नम्होल में होगी। बैठक में समिति की गतिविधियों पर चर्चा के साथ आगामी अक्तूबर 2025 में संभावित पशु मंडी व किसान मेले की रूपरेखा तैयार की जाएगी। पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों से समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

## पेंशन पुनर्निर्धारण में देरी पर पेंशनर्स की चिंता

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन बिलासपुर के प्रधान जगदीश दिनेश व महासचिव नरोत्तम धीमान ने कहा कि जनवरी 2016 से पहले सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन पुनर्निर्धारण मामलों की स्वीकृति बहुत धीमी गति से हो रही है। कई मामले दो-दो वर्षों से अधिक समय से महालेखाकार कार्यालय में लंबित पड़े हैं। उन्होंने कहा कि अनेक वरिष्ठ पेंशनर्स स्वीकृति की प्रतीक्षा करते हुए दुनिया से चले गए, जो अत्यंत दुखद है। एसोसिएशन ने महालेखाकार शिमला से सभी लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने और लाभ दिलाने की मांग की है।

## कांग्रेस का लोकतंत्र भाजपा के लिए सबक : संदीप

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस मीडिया कोऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने कहा कि कांग्रेस का भीतरी लोकतंत्र भाजपा के लिए सीख है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता अपने नेताओं पर अटूट विश्वास रखते हैं और यही लोकतंत्र की असली पहचान है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा में गुटबाजी हावी है और कार्यकर्ता मूकदर्शक बनकर रह जाते हैं। सांख्यान ने कहा कि भाजपा वोट खरीदकर लोकतंत्र की हत्या कर रही है जबकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विश्वास के बल पर आगे बढ़ रही है।

## हिमाचल के 33 हजार अध्यापक होंगे प्रशिक्षित

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश में शिक्षा को आधुनिक स्वरूप देने के लिए राज्य सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत एक नई पहल शुरू की है। इसके अंतर्गत 33,000 से अधिक अध्यापकों को कक्षा मूल्यांकन का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण से अध्यापक केवल अंक देने तक सीमित न रहकर विद्यार्थियों में अवधारणात्मक समझ, आलोचनात्मक सोच और अनुप्रयोग आधारित शिक्षा को बढ़ावा देंगे। तीन स्तरों पर चल रहे इस प्रशिक्षण से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है।

## वरिष्ठ नागरिक राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** वरिष्ठ नागरिक सभा ने विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्यातिथि अतिरिक्त मुख्य न्यायाधीश प्रतीक गुप्ता ने वरिष्ठ नागरिकों को राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव बताया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों ने अपने अनुभव साझा किए और न्यायिक सेवाओं से जुड़े सवाल पूछे, जिनका समाधान शालीनता से किया गया। सभा ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में सहयोग देने का भी निर्णय लिया।

## राष्ट्रीय स्तर पर चमका पहलवान नवीन का दम

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** झारखंड के रांची में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में बिलासपुर के हनुमान अखाड़ा लखनपुर के पहलवान नवीन ने 70 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया। अखाड़ा के कोच बलवीर ठाकुर ने इसे इलाके के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि नवीन की मेहनत और लगन ने यह मुकाम दिलाया है। हनुमान अखाड़ा समिति व खेल प्रेमियों ने नवीन और उनके कोच को बधाई दी।

## स्वास्थ्य टीम ने जांचा 55 लोगों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** प्रयास संस्था द्वारा हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन व सहयोग से संचालित अस्पताल सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने ग्राम पंचायत बाला गांव बाला में निशुल्क स्वास्थ्य जांच का आयोजन किया। झंडूता विधानसभा के संयोजक आकाश चंदेल ने बताया की अस्पताल सेवा टीम ने स्वास्थ्य जांच शिविर में 25 पुरुषों व 30 महिलाओं सहित कुल 55 लोगों की स्वास्थ्य जांच करते हुए अच्छे स्वास्थ्य, संतुलित आहार, अच्छी दिनचर्या के प्रति लोगों को जागरूक किया।

## कल दोकड़ू में लगेगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** प्रयास संस्था के संयोजक धनंजय ठाकुर ने बताया की 25 अगस्त को ग्राम पंचायत रोहल के गांव दोकड़ू, 26 अगस्त को धरोटी, 27 अगस्त गांव रैली, 28 अगस्त को गांव मलांगण, 29 को गांव बहना ब्राह्मण, 30 को ग्राम पंचायत गालियां में मैडिकल कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन मैडिकल कैंप में निशुल्क दवाइयों के साथ निशुल्क टेस्ट भी किए जाएंगे।

# धरवाला बाजार में पार्किंग संकट व चूड़ी सीएचसी में डॉक्टरों की कमी

## पूर्व वार्ड सदस्य संजय राजपूत ने एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर को सौंपा ज्ञापन

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** ग्राम पंचायत लोथल के पूर्व वार्ड सदस्य संजय राजपूत ने कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) चंबा के अध्यक्ष ललित ठाकुर से भेंट कर क्षेत्र की दो गंभीर समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और ज्ञापन सौंपा। संजय राजपूत ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चूड़ी 24 पंचायतों की लगभग 60 हजार आबादी को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। बावजूद इसके, यहां केवल एक ही डॉक्टर का पद स्वीकृत है। जबकि हिमाचल प्रदेश के अधिकांश सीएचसी में पांच से आठ डॉक्टर तैनात हैं।

उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की भारी कमी के कारण मरीजों को इलाज के लिए दूर दराज के अस्पतालों में जाना पड़ता है और आपातकालीन हालात में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। राजपूत ने मांग की कि यहां कम से कम पांच डॉक्टरों के पद तत्काल स्वीकृत किए जाएं।

ज्ञापन में दूसरा मुद्दा उप-तहसील धरवाला बाजार की पार्किंग समस्या का रहा। राजपूत ने कहा कि यह बाजार गैर-जनजातीय क्षेत्र की 24 पंचायतों का केंद्र है, जहां उपतहसील कार्यालय, जल शक्ति उप-मंडल, सीएचसी, कृषि विभाग कार्यालय, दो सरकारी बैंक और एक निजी स्कूल मौजूद हैं। प्रतिदिन यहां हजारों लोग कामकाज के लिए आते हैं, लेकिन पार्किंग स्थल न होने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चल रही मणिमहेश यात्रा के दौरान स्थिति और भी विकट हो गई है, जिससे स्थानीय लोग व श्रद्धालु परेशान हो रहे हैं।

मुलाकात के दौरान ललित ठाकुर ने दोनों मांगों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि चूड़ी सीएचसी में डॉक्टरों के पद स्वीकृत करवाने और धरवाला बाजार में पार्किंग निर्माण को प्राथमिकता पर लिया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि जनता की सुविधा और क्षेत्र के विकास के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।



पूर्व वार्ड सदस्य संजय राजपूत एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर को ज्ञापन सौंपते हुए।

## चंबा कॉलेज में लगा रोजगार मेला विभिन्न पदों पर हुए साक्षात्कार मिलेगा 20 से 50 हजार तक वेतन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा के करियर काउंसलिंग, गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में तथा हिमालयन संस्थान के सहयोग से महाविद्यालय परिसर में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव एवं रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पे टी एम, हिमालयन वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड, एकलवर्स, आरओआई मंत्रा, केपीबी सपोर्ट सोल्यूशन और सेंटिव्यटिक्स जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। करियर काउंसलिंग सेल के सदस्य सचिव प्रो. अविनाश ने बताया कि इस रोजगार मेले का उद्देश्य जिला चम्बा के योग्य, दक्ष और सुशिक्षित युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाना है।

रोजगार मेले के दौरान कस्टमर रिलेशनशिप ऑफिसर, रिलेशनशिप मैनेजर, सेल्स एवं मार्केटिंग स्टाफ, क्लर्क, डाटा एनालिस्ट, सॉफ्टवेयर डेवलपर, हेल्थकेयर एडवाइजर और ऑनलाइन मैनेजर सहित विभिन्न पदों हेतु साक्षात्कार आयोजित किए गए। स्नातक, स्नातकोत्तर, बीबीए, बीसीए, एमसीए, एमबीए और आईटीआई पास युवक-युवतियों ने इसमें भाग लिया। कंपनियों द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को आवश्यक प्रशिक्षण उपरांत 20,000 से 50,000 रुपये तक मासिक वेतन के साथ रोजगार प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया, हिमालयन संस्थान के प्राचार्य डॉ. आर. वी. शर्मा, अमर सिंह चौहान, सेल प्रभारी प्रो. पविन्द्र कुमार, सदस्य सचिव प्रो. अविनाश, डॉ. चमन सिंह, डॉ. शैली महाजन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## संस्कृत कॉलेज में खाली शिक्षकों के पद

### भवन की कमी से पढ़ाई प्रभावित, छात्रों ने डीसी को ज्ञापन सौंपा



**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय संस्कृत महाविद्यालय चम्बा शिक्षा व्यवस्था की बदहाल स्थिति से जूझ रहा है। अध्यापकों के पद वर्षों से रिक्त पड़े हैं और भवन की कमी के चलते विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसी समस्या को लेकर शनिवार को महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपा और शीघ्र समाधान की मांग की।

विद्यार्थियों ने ज्ञापन में कहा कि अंग्रेज़ी, राजनीति शास्त्र, साहित्याचार्य, दर्शनाचार्य, हिन्दी तथा इतिहास विषयों के प्राध्यापकों के पद लंबे समय से खाली हैं। अध्यापकों की कमी के कारण पढ़ाई बाधित हो रही है और परिणाम लगातार प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि शास्त्री प्रथम वर्ष के 137 विद्यार्थियों में से केवल 36 उत्तीर्ण हो पाए हैं।

महाविद्यालय में कक्षाओं और बैठने की उचित व्यवस्था तक नहीं है। सीमित कमरों के कारण एक साथ कई कक्षाओं को चलाना मुश्किल हो जाता है और विद्यार्थियों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है।

छात्रों का कहना है कि शिक्षा उनके भविष्य की नींव है और जिला प्रशासन व सरकार से उम्मीद है कि वे शीघ्र ठोस कदम उठाकर महाविद्यालय को फिर से शिक्षा का आदर्श केंद्र बनाएंगे।

## छात्र संघ चुनाव को बहाल न करना छात्रों के अधिकारों का हनन: वर्मा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**कहा- सरकार युवाओं की आवाज से भयभीत**

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने प्रदेश सरकार द्वारा छात्र संघ चुनाव बहाल न करने के फैसले की कड़ी निंदा की है। जिला संयोजक ललित वर्मा ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के उस बयान को अलोकतांत्रिक और छात्र विरोधी बताया जिसमें उन्होंने कहा था कि हिंसा की घटनाओं को देखते हुए छात्र संघ चुनाव बहाल करना उचित नहीं है।



ललित वर्मा ने कहा कि छात्र संघ चुनाव विद्यार्थियों का लोकतांत्रिक अधिकार है, जिसे प्रदेश सरकार वर्ष 2013 से लगातार छीन रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं की आवाज़ से भयभीत है और इसीलिए चुनाव बहाल करने से बच रही है।

जिला संयोजक ने कहा कि छात्र संघ चुनाव केवल नेतृत्व निर्माण का मंच नहीं, बल्कि छात्रों में लोकतांत्रिक संस्कार विकसित करने का सबसे बड़ा साधन है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि यदि मंत्रीगण लोकतांत्रिक व्यवस्था पर विश्वास करते हैं तो फिर छात्रों को उनके अधिकारों से क्यों वंचित किया जा रहा है।

अभाविप ने साफ चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने शीघ्र ही छात्र संघ चुनाव बहाल नहीं किए तो परिषद पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन छेड़ेगी। वर्मा ने कहा कि अब छात्र और अभाविप चुप बैठने वाले नहीं हैं, बल्कि हर स्तर पर संघर्ष करेंगे ताकि विद्यार्थियों को उनका लोकतांत्रिक अधिकार वापस मिल सके।

## सलूणी कॉलेज के आर्ट्स ब्लॉक भवन में अधूरे पड़े कार्य जल्द किए जाएं पूरे

**अनंत ज्ञान, सलूणी**

**छात्र सुरक्षा और खेल सुविधाओं पर भी ध्यान देने का आग्रह**

**सरकारी** डिग्री कॉलेज (जीडीसी) सलूणी के नए बने आर्ट्स ब्लॉक भवन में अभी तक अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करने की मांग उठी है। डीके राणा ने उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण समस्याओं को उजागर किया। उन्होंने बताया कि भवन का निर्माण कार्य रिकॉर्ड और नक्शे के अनुसार पूरा नहीं हुआ है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 50 लाख रुपये की शेष राशि 16 अक्तूबर 2024 को ई-चालान के माध्यम से जमा कर दी गई थी, इसके बावजूद भवन पूरी तरह से हस्तांतरित नहीं हो पाया है। संयुक्त निरीक्षण के दौरान अधूरे कार्यों की सूची तैयार की गई थी, जिसे कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग डिवीजन सलूणी को कई बार पत्राचार कर भेजा गया। 20 नवंबर, 05 दिसंबर और 19 दिसंबर 2024 को भी पत्र लिखकर अधूरे कार्य पूरे करने का आग्रह किया गया, लेकिन कार्य अब तक अधूरा है।

कॉलेज प्रशासन ने कहा कि भवन के प्रवेश द्वार पर ऑर्नामेंटल स्क्रीनिंग, ग्रिलिंग और कोलैपेसेबल गेट लगाना अत्यंत आवश्यक है ताकि छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा भवन की योजना में शामिल अन्य कार्य और वॉलीबाल व बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण भी अधूरा है। प्रशासन ने लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता, सातवां सर्कल डलहौजी से आग्रह किया है कि संबंधित डिवीजन को निर्देश देकर अधूरे कार्य शीघ्र पूरे करवाए जाएं, ताकि छात्रों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और भवन का पूर्ण लाभ उठाया जा सके।



डीके राणा ने उपायुक्त चंबा मुकेश को ज्ञापन सौंपते हुए।

## लापरवाही से पानी छोड़ने पर बीबीएमबी प्रबंधन पर एफआईआर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला मंडी के पंडोह डैम से जुलाई 2023 में लापरवाही से पानी छोड़ने के कारण डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में भारी तबाही मचाने पर बीबीएमबी के संबंधित अधिकारियों के खिलाफ पुलिस थाना सदर ने एफआईआर दर्ज की है। शिकायत चीफ इंजीनियर ऊर्जा निदेशालय, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा की गई थी।

शिकायत में बताया गया कि भारी वर्षा के दौरान अचानक पानी छोड़ने से हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करना पड़ा और संपत्ति का भारी नुकसान हुआ। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 125, 324(5), आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 56 तथा डैम सेफ्टी अधिनियम, 2021 की धारा 41 और 42 के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने पुष्टि की कि प्रबंधन ने पहले जारी चेतावनी और अलार्म सिस्टम के निर्देशों की अवहेलना की थी, जिसके कारण 2023 में यह गंभीर स्थिति उत्पन्न हुई।

## चुवाड़ी में महिला की संदिग्ध मौत से दहशत, एक आरोपी गिरफ्तार

**बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान**

**डीएसपी बोले- एक नाबालिग आरोपी अभी फरार**

**भटियात।** तहसील मुख्यालय चुवाड़ी के साथ लगती पंचायत कुडनू में स्कूल परिसर से महिला का शव नग्न अवस्था में मिलने से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। मृतका की पहचान 62 वर्षीय कमला देवी पत्नी मघ्घर सिंह निवासी कुडनू के रूप में हुई है, जो एक सरकारी महकमे से सेवानिवृत्त थीं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी है।

डीएसपी चुवाड़ी योगराज चंदेल ने बताया कि तीन दिन की गहन पूछताछ के बाद पुलिस को दो संदिग्धों पर शक हुआ। इनमें से 40 वर्षीय राकेश कुमार निवासी कुठेड गांव को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दूसरा आरोपी जो नाबालिग बताया जा रहा है, फरार है। राकेश ने पंचायत प्रतिनिधि के समक्ष गुनाह कबूल किया, हालांकि उसने दावा किया कि आपराधिक कृत्य उसके साथी ने किया।

### पुलिस कार्रवाई तेज तलाश में जुटी टीम

**पुलिस** के अनुसार, दोनों आरोपित कृष्ण मंदिर चुवाड़ी में भंडारे का काम खत्म करने के बाद शराब पी रहे थे। उसी दौरान उन्होंने बेसुध अवस्था में मिली कमला देवी को उठाकर स्कूल परिसर में ले गए। वहां महिला के साथ गंभीर अत्याचार किए गए, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को चार दिन के रिमांड पर लिया है और फरार साथी की तलाश जारी है। डीएसपी ने कहा कि दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ही मामले की पूरी तस्वीर स्पष्ट होगी। यदि किसी और की संलिप्तता सामने आती है तो उस पर भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## छात्रों ने वेल्स फैक्टरी का किया शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**प्री-वोकेशनल** कार्यक्रम के अंतर्गत पीएमश्री बाल उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा के छात्रों ने उद्योगिक क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध वेल्स फैक्टरी का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण डॉ. राजेश सहगल की अगुवाई में हुआ।

भ्रमण के दौरान छात्रों ने आचार, जूस, डिब्बाबंद खाद्य सामग्री, जैम इत्यादि के निर्माण से लेकर पैकेजिंग और लेबलिंग तक की पूरी प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा। फैक्ट्री के मालिक पंकज चौफला ने विद्यार्थियों को विस्तार से उत्पादन की सभी तकनीकी जानकारियां दीं। उन्होंने चम्बा की प्रसिद्ध चूख, मधरा कसरोड़ का आचार और सब्जियों से बने उत्पादों की विशेषताओं के बारे में भी बताया। इस अवसर पर नीरजा सोनिका और ज्योति नरयाल भी उपस्थित रहीं। ज्योति नरयाल ने छात्रों को रिटेल और ऑनलाइन बिक्री से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

डॉ. सहगल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान देने के साथ ही उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं और भविष्य में इन्हें निरंतर जारी रखा जाएगा।



**औद्योगिक प्रक्रियाओं की जानकारी लेने से छात्रों का बढ़ा उत्साह**

## राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि पर 85 ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि पर ब्रह्माकुमारीज सरकाघाट एवं समाज सेवा प्रभाग (आरईआरएफ) के संयुक्त तत्वावधान में शिव मंदिर सरकाघाट में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) स्वाति डोगरा ने किया। शिविर में स्थानीय लोगों के साथ-साथ स्कूल, कॉलेज और आईटीआई के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मेडिकल कॉलेज नेरचौक से डॉ. सरव की अगवाई में आई विशेषज्ञ चिकित्सक टीम की देखरेख में 85 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदाताओं के जोश और सेवा भाव ने आयोजन को विशेष बना दिया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज शिव दर्शन केंद्र बरच्छबाड़ की प्रभारी बीके उर्मिला और बीके निर्मला ने मुख्य अतिथि एसडीएम स्वाति डोगरा, मेडिकल टीम तथा सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। साथ ही समाज सेवा में सहयोग देने वाले विभिन्न सामाजिक संगठनों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि रक्तदान वास्तव में महादान है और दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि जैसे पावन अवसर पर आयोजित यह अभियान मानवता की सच्ची सेवा का संदेश देता है। शिविर में मौजूद लोगों ने भी संकल्प लिया कि वे भविष्य में समाजहित के ऐसे अभियानों में निरंतर भाग लेकर जनकल्याण की राह को आगे बढ़ाएंगे।

## प्रीणा के लोगों ने दिखाई एकता, बनाया पैदल रास्ता

**अनंत ज्ञान, धरवाला**

**मैहला** ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत प्रीणा में हाल ही में भारी भूस्खलन के कारण जनसंपर्क मार्ग पूरी तरह से टूट गया था। इससे ग्रामीणों को आवाजाही में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय लोगों ने शुक्रवार को एकता और समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए फावड़ा और बेलचा लेकर बंद पड़े मार्ग पर पहुंचकर कड़ी मेहनत के बाद इसे पैदल चलने योग्य बना दिया।

इस दौरान प्रीणा पंचायत के प्रधान ठाकुर राम ने इस समस्या को गंभीरता से देखते हुए किलोड वार्ड से जिला परिषद सदस्य ललित ठाकुर को एक मांग पत्र सौंपा। पत्र में उन्होंने भूस्खलन से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए ब्रोड नामक मार्ग को दूसरी ओर से बनाने की मांग की।

मांग के तुरंत बाद जिला परिषद सदस्य ललित ठाकुर ने लोक निर्माण विभाग को इस समस्या से अवगत करवा दिया और मार्ग को शीघ्र खोलने का निर्देश दिया। ग्रामीणों के प्रयास और जिला प्रशासन की त्वरित पहल से प्रीणा में जनता की आवाजाही सुगम हुई। इस घटना ने यह साबित कर दिया कि स्थानीय एकता और सक्रिय प्रशासन मिलकर किसी भी आपदा को अवसर में बदल सकते हैं।



**प्रधान ठाकुर राम ने जिप सदस्य ललित को निर्माण के लिए सौंपा मांगपत्र**

### सूडोकु नवताल- 7531 (★★★★ मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7530 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## बासा कॉलेज में पीटीएफ कार्यकारिणी ने संभाला कार्यभार

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गोहर।** राजकीय महाविद्यालय बासा में अभिभावक-शिक्षक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन हो गया है। इसमें प्रकाश चंद को नए अध्यक्ष के रूप में चुना गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीसी चौहान ने नवनिर्वाचित समिति को बधाई दी।

सभा की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीसी चौहान ने की। महासचिव प्रो. एमएल ठाकुर ने वार्षिक आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवारों के नाम प्रस्तावित किए गए थे। मृगेंद्र पाल संधू, प्रकाश चंद और भोलादत्त ने अपनी उम्मीदवारी पेश की। भोलादत्त ने बाद में अपना नाम वापस ले लिया। सर्वसहमति न बन पाने पर चुनाव प्रक्रिया अपनाई गई जिसमें प्रकाश चंद विजयी रहे। उपप्रधान पद के लिए दिनेश कुमार और सुरेश कुमार नामांकित हुए। सुरेश कुमार के नाम वापस लेने के बाद दिनेश कुमार को सर्वसम्मति से उपप्रधान चुना गया। महासचिव पद पर प्रो. एमएल ठाकुर को पुनः चुना गया। डॉ. वेद प्रकाश सह-सचिव और डॉ. विकास ठाकुर कोषाध्यक्ष बने।

संतोष कुमार को मुख्य सलाहकार के रूप में चुना गया। आचार्य सदस्यों में डॉ. विजय ठाकुर, प्रियंका ठाकुर और ज्योति ठाकुर शामिल हैं। अभिभावक सदस्यों में ऐलावती, केवल कृष्ण, वीर सिंह और गीता देवी का चयन किया गया।

## प्राइवेट ट्रांसपोर्ट कंपनी ने चालक ठाकुर को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** अधिराज ट्रांसपोर्टेशन के चालक ठाकुर दास राजू निवासी गांव दूसरे खाबू बल्ह विधानसभा क्षेत्र का निधन बैंगलोर में दिल का दौरा पड़ने से हो गया था। शनिवार को उनका पार्थिव शरीर हिमाचल पहुंचा। सबसे पहले उनकी देह को अधिराज ट्रांसपोर्टेशन के रत्ती यार्ड नेरचौक लाया गया, जहां कंपनी के प्रबंध निदेशक कैप्टन नीरज कुमार नेगी, मैनेजर नंद लाल तथा कंपनी के सभी सहकर्मियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अधिराज ट्रांसपोर्टेशन हिमाचल की पहली निजी कंपनी है, जिसने अपने कर्मचारियों को 10 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा, 70 लाख का दुर्घटना बीमा, ईपीएफ व ईपीएस खाते तथा पीएनबी बैंक में वेतन खाते की सुविधा उपलब्ध करवाई है।

# अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

रविवार, 24 अगस्त 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** भाद्रपद, **तिथि** प्रतिपदा (11:50) **: नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी (02:06), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** शिव (12:29), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:57-12:49)। **राहुकाल** (05:14-06:52)।

### विशेष दिन

- 24 अगस्त 2025: मौन व्रत आज से शुरू।
- 24 अगस्त 2025: तान्हा पोला आज।

**मेषः** व्यवहार में आये परिवर्तन से लोग अचंभित होंगे। अपने कार्य में मन नहीं लगेगा। मेहनत के अनुरूप धन नहीं मिलने से नौकरी छोड़ने का मन बना रहे हैं।

**वृषः** आर्थिक पक्ष कमजोर होने से परेशानी बढ़ सकती है। परिवारिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। अपने हुनर से ख्याति मिलेगी। प्रशासनिक सेवा से जुड़े जातको को नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मिथुनः** वैवाहिक जीवन में तनाव बढ़ सकते हैं। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आप की उन्नति में आ रही बाधा बरकरार रहेगी। समय रहते उचित विद्वानों का मार्गदर्शन लें।

**कर्क**: आपके निकटतम लोग ही नहीं चाहते की आप आगे बढ़ें, थोड़ा सतर्क रहें और अपना काम पूरी ईमानदारी से करें। कार्यस्थल पर विवाद की स्थिति निर्मित होगी।

**सिंहः** विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। स्वयं को गंभीर रखें। आप का व्यवहार ही लोगों को आकर्षित करता है। व्यापार विस्तार के लिए कर्ज लेना पड़ सकता है।

**कन्याः** रुके कार्यों में गति आएगी। स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। न्यायालयीन फैसला आप के पक्ष में हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखमय होगा। समय अनुकूल है।

**तुलाः** किसी के जवाब का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नौकरी में बदलाव के योग है। तकनीकी के प्रयोग से विद्यार्थी सफल होंगे। दांतों में विकार की संभावना है।

**वृश्चिकः** राजनीति से जुड़े जातकों के लिए समय सफलता लिए हैं। आप के कार्य की प्रशंसा होगी। अध्ययन के लिए कर्ज लेना पड़ सकता है। विवाह योग्य जातकों के लिए समय उपयुक्त है

**धनुः** आय के नए स्रोत स्थापित होंगे। भाग्य का साथ और इष्ट आशीर्वाद से नई सफलता को प्राप्त करेंगे। कार्यस्थल पर कुछ कर्मचारी आप का विरोध कर सकते हैं।

**मकरः** अध्ययन में अवरोध आ सकते हैं। कार्यस्थल पर कर्मचारियों से परेशान रहेंगे। पेट संबंधित विकार उभर सकते हैं। जीवनसाथी से अनादर प्राप्त हो सकता है। वाहन सुख संभव है।

**कुंभः** पराक्रम में वृद्धि होगी। कार्य पद्धति बदलने से लाभ होगा। रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। विरोधी परास्त होंगे। किसी वृद्धजन का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

**मीनः** आज दिन की शुरुआत में क्रोध हावी रहेगा। आत्मविश्वास में कमी होगी एवं कार्यों में सफलता मिलने में संदेह है। पूर्व में हुई गलतियों को सुधारने का मौका मिलेगा।

**समाजसेवा** श्री मणिमहेश लंगर समिति चैरिटेबल ट्रस्ट मुकेरियां ने कुराह में लगाया लंगर

## पंजाब से आई समिति ने निभाई सेवा की मिसाल

**अनंत ज्ञान, कुराह (चंबा)**

**श्री** मणिमहेश लंगर समिति चैरिटेबल ट्रस्ट, मुकेरियां द्वारा कुराह में आयोजित सातवां वार्षिक लंगर शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पंजाब से आई समिति की टीम ने श्रद्धालुओं को लंगर प्रसाद और विश्राम की सुविधा उपलब्ध करवाई। इस सेवा भाव और समर्पण ने श्रद्धालुओं का दिल जीत लिया।

समिति के प्रेसीडेंट परमिंदर महाजन ने बताया कि प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु लंगर में पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि पानी और शौचालयों की कमी सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है, विशेष रूप से महिलाओं के लिए यह चुनौती गंभीर हो जाती है। महाजन ने अनुरोध किया कि थोड़े सहयोग से श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकती हैं।

महाजन ने बताया कि समिति हर वर्ष लंगर आयोजन के लिए प्रशासन को 20,000 रुपए एनओसी शुल्क जमा करती है, जिसमें से 5,000 रुपए बाद में लौटाया जाता है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मूवेबल टॉयलेट्स और पर्याप्त पानी की व्यवस्था अनिवार्य की जाए। उनका कहना था कि प्रशासनिक सहयोग से सेवाएं और भी बेहतर और अनुकरणीय बन सकती हैं।



### समिति के पदाधिकारी व श्रद्धालुओं की प्रशंसा

**इस** अवसर पर समिति के पदाधिकारी विपन महाजन, रत्तन लाल धनोया, परमिंदर महाजन घुग्गी, अश्वनी महाजन, राजीव सोहल, विनय कुमार, इंदरजीत सिंह बंटी, विनोद महाजन और गुरदियाल सिंह गोल्डी ने सक्रिय भागीदारी निभाई। श्रद्धालुओं ने सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि लंगर केवल भूख मिटाने का माध्यम नहीं है, बल्कि मन को संतोष और सुकून देने वाला कार्य भी है।

### अदालती नोटिस

**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि. प्र.।**

मुकदमा न.- 89/NT/2025

तारीख पेशीः 25.08.2025

पूनम पुत्री बालक राम हाल पत्नी कृष्ण चन्द निवासी गांव ऐहजू, तहसील जोगिन्द्रनगर, जिला मण्डी हि.प्र.।

**बनाम**

**आम जनता**

पूनम पुत्री बालक राम हाल पत्नी कृष्ण चन्द निवासी गांव ऐहजू, तहसील जोगिन्द्र नगर, जिला मण्डी हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि प्रार्थी का जन्म गांव टाण्डा, डाकघर राजपुर तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा में दिनांक 05.05.1974 को हुआ है, लेकिन सम्वन्धित ग्रांम पंचायत टाण्डा हाल नगर निगम पालमपुर के अभिलेख में दर्ज न है।

अतः अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो वह दिनांक 25.08.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी आपती दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले समायत न होगा तथा प्रार्थी के जन्म पंजीकरण के आदेश नगर निगम पालमपुर को पारित कर दिये जायेंगे।

आज दिनांक 08.08.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**कार्यकारी दंडाधिकारी पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.**

जो आपकी बात को सुनते हुए इधर-उधर देखे, उस आदमी पर कभी भी विश्वास न करें। - चाणक्य

## संपादकीय

# हिमाचल में डिजिटल सुधार

हिमाचल में लोगों को अब घर बैठे जमाबंदी मिल जाया करेगी। प्रदेश की सुक्खू सरकार ने यह सुविधा प्रदान करने की अनुमति देकर लाखों लोगों को बहुत बड़ी राहत दी है। यह सुविधा ऑनलाइन मिलेगी। ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर आवेदन आने के बाद पटवारी इसी पोर्टल पर इसे अपडेट कर डिजिटल हस्ताक्षर करेंगे। हालांकि, इस काम के लिए लोगों को सिर्फ 50 रुपए बतौर आवेदन शुल्क चुकता करना होंगे, लेकिन इससे लोगों को ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला, क्योंकि उनका समय भी तो बचेगा और पटवारखाने के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। हिमाचल प्रदेश में आम लोगों के लिए जमीन और भू-राजस्व से जुड़े काम हमेशा से बड़ी चुनौती रहे हैं। दरअसल, जमाबंदी जमीन के मालिकाना हक और हिस्सेदारी का एक आधिकारिक रिकॉर्ड होता है, जिसे पटवारी तैयार करते हैं। इसमें मालिक का नाम, भूमि का क्षेत्रफल, खसरा नंबर, भूमि का उपयोग आदि महत्वपूर्ण विवरण शामिल होते हैं। यह दस्तावेज जमीन से जुड़े लेन-देन, ऋण लेने, कोर्ट के मामलों और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आवश्यक होता है। सुक्खू सरकार के इस फैसले के बाद अब प्रदेश के लोग ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर जाकर जमाबंदी की प्रति के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए नागरिकों को ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर लॉगिन कर आवेदन करना होगा।


आवेदन की जानकारी संबंधित पटवारी के पास पहुंचेगी। पटवारी पोर्टल पर ही रिकॉर्ड अपडेट करेंगे और अपने डिजिटल हस्ताक्षर से उसे प्रमाणित करेंगे। इसके बाद लोग अपने खाते से उस दस्तावेज को डाउनलोड कर पाएंगे। निश्चित रूप से यह सुविधा विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वरदान साबित होगी, जहां पटवारखाने कई बार दूर-दराज के स्थानों पर होते हैं और लोगों को दिनभर की मेहनत के बाद भी काम पूरा नहीं हो पाता। किसानों और छोटे भूमिधारकों को बैंकों से ऋण लेने, फसल बीमा या अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए तुरंत दस्तावेज मिल सकेगा। जमीन से जुड़े कार्यों में भ्रष्टाचार लंबे समय से एक गंभीर समस्या रही है। पहले लोग अपने काम को समय पर करवाने के लिए पटवारियों या अन्य कर्मचारियों को नजराना देने पर मजबूर होते थे। कई मामलों में एक साधारण प्रति निकलवाने के लिए भी लोगों से सौ-दो सौ रुपए वसूले जाते थे। अब ऑनलाइन प्रणाली लागू होने के बाद इन समस्याओं पर लगभग पूर्ण विराम लग जाएगा। इस सुविधा के सफल संचालन के लिए कुछ चुनौतियां भी सामने आ सकती हैं। यदि पटवारी समय पर ऑनलाइन पोर्टल पर एक्टिव नहीं होंगे तो आवेदन लंबित रह सकते हैं। इससे लोगों में असंतोष पैदा होगा। प्रदेश के कई दुर्गम इलाकों में इंटरनेट की समस्या है। वहां लोग आवेदन करने या पटवारी को रिकॉर्ड अपडेट करने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं। ग्रामीण इलाकों में अभी भी कई लोग ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग करना नहीं जानते। इसके लिए सरकार को जागरूकता अभियान चलाने होंगे। यदि पोर्टल में तकनीकी खामियां आईं तो लोग परेशानी महसूस कर सकते हैं इसलिए तकनीकी रख-रखाव और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा। सुक्खू सरकार भू-राजस्व रिकॉर्ड को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में शुरू से ही काम कर रही है। पहले खसरा-गिरदावरी और अन्य दस्तावेजों को धीरे-धीरे ऑनलाइन लाया गया। अब जमाबंदी की सुविधा भी घर बैठे मिलने से सरकार की डिजिटल गवर्नेंस को मजबूती मिलेगी। भविष्य में सरकार इस प्रणाली को और सरल बनाकर मोबाइल ऐप्स और कॉमन सर्विस सेंटर्स के माध्यम से भी विस्तारित कर सकती है।

इस कदम से ग्रामीण समाज में पारदर्शिता बढ़ेगी और जमीन से जुड़े झगड़े भी कम होंगे। बैंकों और वित्तीय संस्थाओं को भी तुरंत सत्यापित रिकॉर्ड मिलने से ऋण वितरण में तेजी आएगी। लंबे समय में यह प्रणाली भूमि सुधारों और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायक सिद्ध होगी। हिमाचल प्रदेश सरकार का यह निर्णय निस्संदेह आम लोगों को राहत देने वाला और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने वाला ऐतिहासिक कदम है। घर बैठे ऑनलाइन जमाबंदी मिलने से लोगों को पटवारखानों की पुरानी जटिलताओं से भी मुक्ति मिलेगी। यदि सरकार और प्रशासनिक मशीनरी इसे पूरी गंभीरता से लागू करती है तो यह व्यवस्था हिमाचल को डिजिटल भू-राजस्व प्रबंधन की दिशा में देश के अग्रणी राज्यों में ला खड़ा करेगी। आने वाले समय में यह पहल ग्रामीणों और किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाली साबित होगी। हालांकि इस सुविधा को प्रदान करने में पटवारियों को ऑनलाइन एक्टिव रहना होगा, ताकि जिसका आवेदन आया हो उसे तुरंत सुविधा मिल जाए, वरना लोग सुविधा समय पर न मिलने की शिकायतें भी करने लग पड़ेंगे। दूसरा इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी कम होगी, क्योंकि इससे पहले लोग अपना काम निकालने के लिए रिश्वत भी देते थे, जिस पर अब पूर्ण रूप से अंकुश लग जाएगा। सुक्खू सरकार भू-राजस्व रिकॉर्ड को ऑनलाइन लाने के लिए शुरू से ही प्रयासरत रही है और सरकार ने कई आधारभूत सुधार भी किए हैं। जमीनी कामकाज बहुत पेचीदा होते हैं, लेकिन सरकार उनको आसान भाषा में ऑनलाइन लाने पर तेजी से काम कर रही है, जिससे आने वाले समय में लोगों को और ज्यादा सुविधा मिलना निश्चित है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक

**बसवराज** राजगुरु प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक थे, जिन्हें 'हिंदुस्तानी संगीत का राजा' कहा जाता है। पंडित मल्लिकार्जुन मंसूर और कुमार गंधर्व के साथ पंडित बसवराज राजगुरु ने संगीतकारों की धारवाड़ त्रिमूर्ति का गठन किया था। उन्हें कर्नाटक विश्वविद्यालय से कई पुरस्कार और मानद डॉक्टरेट की उपाधि मिली थी। बसवराज राजगुरु के लगभग 40 रागों का व्यापक ज्ञान था और उनके प्रदर्शनों की सूची में गजल, ठुमरी और ख्याल शामिल थे। बसवराज राजगुरु अपने समकालीनों भीमसेन जोशी और गंगूबाई हंगल के बीच जाने पहचाने जाते थे। बसवराज राजगुरु ने अपना पहला सार्वजनिक संगीत कार्य, सन 1936 में हंपी में एक संगीत कार्यक्रम अपने गुरु के साथ दिया था। सन 1940 के दशक की शुरुआत तक बसवराज की प्रसिद्धि पूरे देश में फैल गई थी। ■



बसवराज राजगुरु
जन्म : 24 अगस्त, 1917
मृत्यु : 1991

## कविता



### सैलाब है अधीर भरा

अनिल शर्मा नील, निचली भटेड़ (बिलासपुर)

*जब तक सह सकी, सहती रही पीर धरा,*
*सह नहीं पाई जब, हो गई अधीर धरा।*
*चो खड़ु अबला नारी सा सहते रहे अत्याचार,*
*नुकीले दांतों वाली मशीन रही है चीर धरा।*
*कटर के शोर में डूब गई कलरव चिंघाड़,*
*डरी सहमी वन संपदा कौन जाने पीर जरा।*
*घर-घर सड़क एनएच हुए फालतू के अतीत,*
*फोरलेन टनल की ललक में, दी चीर धरा।*
*भानु रश्मि हुई तेज, बढ़ता तापमान बढ़ाए गर्मी,*
*विचलित है हिमानी बेचैन परिंदे हुई अधीर धरा।*
*होने लगी अतिवृष्टि, बाढ़ मलवा चट्टान संग-संग,*
*हाय तौबा चीख पुकार, और आँख नीर भरा।*
*घर टूटे जमीन बह गई वाहन तिनका तिनका,*
*पहाड़ दरक गए सरिता सैलाब है अधीर भरा।*

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री **editoranantgyaan@gmail.com** पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

# पंचायत के विकास के लिए विवेक होना अति जरूरी

यह सत्य है कि विकास की सीढ़ी से ऊंचाई पर पहुंचने के लिए विवेक की सीढ़ी जरूरी है, यदि विवेक नहीं है तो विकास नहीं कर सकते हैं। मनुष्य के अंदर विवेक नहीं होगा तो वह कभी भी विकास की ऊंचाई नहीं छू पाएगा। आप कोई भी बड़ा या छोटा काम करें, पर सफलतापूर्वक काम के लिए आपके अंदर विवेक का होना बहुत जरूरी है। संविधान संशोधन के द्वारा भारत सरकार ने पंचायतों के विकास का नया रास्ता खोल दिया था। संविधान संशोधन से पहले पंचायतों को विकास के लिए पहले सीधे धन का आवंटन नहीं होता था परंतु स्व. राजीव गांधी ने पंचायतीराज में आमूल चूल परिवर्तन करके पंचायतों को स्वयं के विकास के लिए रास्ता खोल दिया कि पंचायतों को सीधे धन विकास के लिए दिया जाएगा, उसमें कोई अन्य नहीं होगा, जिसका स्वागत हुआ तथा धन के दो रिस्ते बने। एक केंद्रीय धन सीधे पंचायतों को और राज्य सरकार से धन केंद्र सरकार के धन में मनरेगा पंचायतों में सौ दिन का रोजगार गारंटी योजना यह 2005 में शुरू हुआ।



डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक पालमपुर

इस योजना से पंचायतों में विकास की हवा तो जरूर चली, पर मनरेगा में धांधली पंचायत के प्रधान करने लगे। शिकायतें होने लगीं। सरकार ने नियम बदला। मनरेगा मजदूरों को मजदूरी उनके बैंक पोस्ट पास के खाते में सीधे भेजने का प्रबंध हुआ, पर भ्रष्टाचार कम हुआ लेकिन पूर्ण रूप से रुक नहीं सका। आज भी कहीं न कहीं कुछ गड़बड़ी तो होती ही है। फिर इंदिरा आवास योजना अब पीएम आवास योजना है। गरीबों को मकान बनाने के लिए धन पर इसमें भी खेल पंचायत में आज भी हो रहा है। गांवों में नाली खड़ंजा सड़क आदि बनने को पैसा सरकार देती है। एक शौचालय निर्माण के लिए रुपए 12 हजार। पंचायत भवन आंगनबाड़ी आदि के निर्माण के साथ गांवों में नए तालाब बनाने और पुराने तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए भी धन दिया जा रहा है, पर देश की पंचायतों का जितना विकास होना चाहिए था, वह नहीं हो पा रहा है यानि पंचायतों में जो प्रधान वार्ड पंच हैं, अगर विवेक से कार्य योजना बनाकर धन का सही उपयोग करते तो देश की पंचायतें आज स्मार्ट पंचायत बन गई होतीं, पर हर पंचायत में कुछ न कुछ कमी है।

हर साल सरकार हर पंचायत को विकास कार्य करने के लिए कम से कम दस लाख रुपए देती है। यह धन राशि कम या ज्यादा पंचायत की जनसंख्या के अनुसार आवंटित होता है। इस तरह से यह कहा जा सकता है कि हर पंचायत को पांच साल में पचास लाख से ढाई करोड़ रुपए सरकार देती है। कुछ विशेष विकास के लिए अतिरिक्त धन पर पंचायतें आज भी विकास में पीछे हैं जितना धन केंद्र सरकार व राज्य सरकार पंचायतों को अब दे रही है, अगर विकास में विवेक लगाकर काम होते



तो गांव व पंचायत का कायाकल्प हो गया होता, पर पंचायत के विकास की जगह प्रधान स्वयं के विकास में विवेक लगा रहा है, उसका साथ दे रहे हैं पंचायत सचिव, अभियंता और विकास खंड के अधिकारी। यह लूट हो रही है। गांव सभा का हर वोटर देख रहा है, पर सब विवेक हीन बनकर तमाशा बने हैं कि हमारी बारी भी आएगी लूट की। आज यह हम दावे से नहीं कह सकते हैं कि फलां पंचायत आदर्श पंचायत बन गई है।

जहां पर हर तरह की सुविधा है, जैसे सही जल निकासी, स्वच्छ पीने का पानी, खेल का मैदान, तालाब, हर गली में इंटरलाकिंग ईंट लग गई हैं। हर किसी को गांव में सौ दिन का रोजगार मिल रहा है। पंचायत में जो जरूरतमंद हैं, यहां कह सकते हैं कि विकास के लिए विवेक चाहिए। ध्यान रहे विवेक एक बहुत छोटा सा शब्द है। जब यह हमारे व्यवहार में जाएं तो यह हमको बहुत बड़ा बना देता है। विवेक की आवश्यकता जीवन में और विकास दोनों में है। पंचायत को विकसित बनाने में विवेक की आवश्यकता है। कैसे पंचायत का विकास हो, गांव के लोगो का कैसे सहयोग लिया जाए, उदाहरण के तौर पर अगर पंचायत में कोई अधिकारी सेवानिवृत्त है तो उसके सहयोग से अधिकारियों का सहयोग लें, अगर कोई अभियंता या कारीगर है तो पंचायत में जो निर्माण हो रहा है, उसमें उसका सहयोग लें, उसके सुझाव को मानें उसके देख-देख में काम हो तो निश्चित ही कार्य या निर्माण गुणवत्ता पूर्ण और सही होगा। यह पंचायत प्रधान के विवेक पर निर्भर करता है कि वह पंचायत के विकास में अपने विवेक का कितना सही उपयोग करता है, अगर विवेक से सहयोग से कार्य नहीं करेगा तो निश्चित ही विकास गलत दिशा में होगा जो आज भारत के अधिकांश पंचायतों में देखने को मिल रहा है।

सरकार धन आवंटित हर साल कर रही पर खड़्जा पर खड़्जा हर पांच साल में लगा दिया जा रहा है। हर पंचायत में सार्वजनिक शौचालय भी बना हुआ है पर उसकी सही देखभाल नहीं होने से अब जर्जर होने लगे हैं। जिस तरह से पढ़ाई-नौकरी में विवेक चाहिए, उसी तरह से अब पंचायत के विकास के लिए विवेक चाहिए। पंचायतों में जो इतना पांच साल में सरकार धन दे रही, इसी धन के कारण अब चुनाव में धन बल और बाहुबल का प्रयोग पंचायत स्तर पर शुरू होगा या है, विकास के लिए विवेक नहीं, बल्कि पंचायत का प्रधान कैसे बनना है। पंचायतों के विकास के कार्य को जो धन सरकार दे रही, यही धन भ्रष्टाचार की पहली इकाई बन रहा है। विकास से भ्रष्टाचार पंचायत के मूल में समाहित हो गया है, जिस कारण देश में चुनावी हिंसा भी सबसे ज्यादा पंचायत के चुनाव में देखने को सुनने को मिलता है।

अगर सरकार पंचायतों के विकास के लिए धन आवंटन का तरीका कार्य करने का तरीके में बदलाव नही करेगी, व्यापक रूप से तो पंचायतों के चुनावों में और अधिक हत्याएं होंगी। हर आदमी का विवेक चुनाव पर लगा है। उदाहरण स्वरूप यू पी के जिला वाराणसी में विकास खंड चोलापुर के एक बाबतपुर पंचायत में कितना विकास का कार्य हुआ है, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर पूछने के बाद पंचायत प्रधान, पंचायत सचिव व सहायक विकास अधिकारी के साथ साथ प्रधान के चहेतों का विवेक प्रश्न पूछने वाले के ऊपर लग गया कि क्यों पूछा कि विकास का काम कितना हुआ। कामोवेश यही हाल हर पंचायत का होगा कि सवाल पूछने वालों को लोग धमकी देने लगें। यह एक नई परंपरा का आरंभ हो रहा है कि कोई प्रधान विधायक सांसद से यह सवाल न करे कि जो विकास के लिए धन सरकार ने दिया, कहां व कैसे खर्च हुआ।

विधायक निधी सांसद निधी पर आम जनता कभी सवाल नहीं पूछती है। उसी तरह से पंचायत प्रधान से भी न पूछें। यदि पूछेंगे तो प्रधान का विवेक प्रश्न पूछने वाले को मिटाने में लगा रहेगा। सभी चुने हुए जनप्रतिनिधि को सरकार वेतन दे रही है। पंचायत प्रधान भी अब पांच हजार महीने ले रहा है जबकि विधायकों सांसदों की तुलना में बहुत कम है जिसे तीस हजार कर देना चाहिए। पंचायतों का सही विकास न होने के पीछे कई कारण हैं। पंचायतों में महिलाओं का आरक्षण होने के कारण महिलाएं प्रधान बन जाती हैं, पर उनमें से अधिकांश एक रबर स्टैंप की तरह हैं। हर निर्णय महिलाओं के पति या पुत्र लेते हैं, जिस कारण भी विकास बाधित हो रहा है। बहुत कम महिलाएं पति बेटे को अपने कार्य से दूर रखती हैं, पर यह अंगुलियों पर देश में गिना जा सकता है नहीं तो प्रधान पति ही पंचायत में है।

हमारे देश में संविधान में यह कहीं नहीं लिखा है कि चुनाव लड़ने के लिए न्यूनतम योग्यता होनी जरूरी है, बस सरकारी नौकरी में ही न्यूनतम योग्यता का नियम है। प्रधान, सांसद, विधायक बनने की कोई योग्यता नहीं है, बस लैटर होना जरूरी है। इसी कारण विकास अवरुद्ध होता है । अगर विकास होता भी है तो वोट और वोटर के जाति की संख्या का ध्यान रख कर विकास की योजनाएं पंचायत से लेकर विकास खंड तथा जिला स्तर, फिर प्रदेश और देश स्तर पर बन रहा है। विवेक बस वोट को ध्यान में रखकर लगाया जा रहा है, पंचायत या देश को विकसित करने में विवेक का उपयोग नहीं हो रहा है। पंचायत विकसित होगा, तभी प्रदेश और भारत विकसित होगा। विकसित गांव पचायत में ही विकसित प्रदेश और विकसित भारत का मूल छिपा है। विवेक से पंचायतों का विकास ही प्रदेश और देश का विकास हो सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# हमारा स्वास्थ्य ढांचा व डॉ. भागवत का बयान

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने पिछले दिनों इंदौर में महंगी स्वास्थ्य एवं शिक्षा प्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। दुनिया की सर्वाधिक आबादी वाले भारत में महंगी चिकित्सा सुविधाएं नि:संदेह चिंता का विषय हैं। हाल ही में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि निजी अस्पताल मरीजों को एटीएम समझते हैं।



डॉ. अजय खेमरिया
स्वतंत्र टिप्पणीकार

असल में भारत का स्वास्थ्य क्षेत्र गंभीर विसंगतियों से भरा हुआ है। एक तरफ तो हम सस्ती दवाओं और वैक्सीन के उत्पादन में विश्व भर में शीर्ष पर हैं, लेकिन हमारे ही नागरिक दुनिया में अपने स्वास्थ्य पर अपनी जेब से सर्वाधिक पैसा भी खर्च करते हैं।देश में आर्थिक भेदभाव कम हो रहा है, इसे दुनिया के तमाम संगठन मान रहे हैं लेकिन यह भी तथ्य है कि देश में करीब 7 फीसदी लोग महंगे इलाज के कारण गरीबी के गर्त में हर साल पहुंच जाते हैं।

पिछले साल दिल्ली के एक निजी अस्पताल का किडनी उपचार संबंधित बिल 2473894 रुपए का बनाया गया था। यह बानगी भर है कि निजी क्षेत्र का स्वास्थ्य तंत्र किस तरह काम कर रहा है। एसीकेओ इंडिया हेल्थ इंडेक्स की हालिया रिपोर्ट कहती है कि देश में हर साल इलाज महंगा होने की दर 14 फीसदी है। एक



सरकारी आंकड़े के मुताबिक आयुष्मान भारत जैसी बेहतरीन योजना के बाबजूद देश में अभी भी 40 फीसदी लोग अपने स्वास्थ्य पर अपनी जेब से खर्च कर रहे हैं जिसे ओओपीई (आउट औफ पॉकेट एक्सपेंडिचर) कहा जाता है। यह आंकड़ा वैश्विक औसत 18 फीसदी से काफी अधिक है।

हालांकि आयुष्मान भारत के बाद स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च 29 से बढ़कर 48 प्रतिशत हुआ है, यह एक अच्छा संकेतक है। डॉ. मोहन भागवत ने जिस समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट किया है, वह आम आदमी के दर्द को अधोरेखित करने वाला है क्योंकि 23 फीसदी लोग अभी भी अस्पताल के खर्चों के लिए उधार लेने पर मजबूर हैं।

महंगी स्वास्थ्य सेवाओं का सबसे अहम पहलू दवाओं से जुड़ा है क्योंकि दवाएं अभी भी बहुत महंगी है। निजी क्षेत्र में उपचार के दौरान 70 से लेकर 90 फीसदी तक एलोपैथी दवाएं ब्रांडेड ही उपयोग में आ रही हैं,जबकि सरकार ने सस्ती जेनरिक दवाओं के लिए प्रधानमंत्री जन औषिधि केंद्र आरंभ किए है। इन केंद्रों पर 90 फीसदी तक दवाओं के दाम ब्रांडेड दवाओं की तुलना में कम होते हैं। जेनेरिक दवाओं के लिए सरकारी प्रयास फार्मा लॉबी के दबाव में फलीभूत नहीं हो पा रहे हैं। अभी तक देश भर में 15057 जेनेरिक स्टोर खुल पाए हैं और विसंगति यह है कि इन स्टोरों में ब्रांडेड दवाओं की बिक्री भी जेनेरिक के साथ में की जा रही है। भारत में एलोपैथी दवाओं का सालाना कारोबार 4.2 लाख करोड़ का है।

करीब 3 लाख करोड़ की खपत भारतीय बाजार में है और 1.2 लाख करोड़ की दवाएं निर्यात की जाती हैं। सरकार को सर्वोपरि प्राथमिकता पर इसी क्षेत्र में काम करने की आवश्यकता है। अभी जेनेरिक दवाओं की तुलना में ब्रांडेड दवाओं की कीमतें 30 से 2000 फीसदी तक महंगी बिक रही हैं। ब्रांडेड दवाओं के इस संगठित कारोबार को रोक कर महंगे इलाज को झटके में जमीन पर लाया जा सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**वैश्विक** ऊष्मीकरण हमारे पर्यावरण के लिए एक गंभीर खतरा बन चुका है। यह पृथ्वी के वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों, जैसे कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन की मात्रा बढ़ने के कारण होता है। इसके कारण धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे जलवायु परिवर्तन, बर्फबारी में कमी, समुद्र का जलस्तर बढ़ना और प्राकृतिक आपदाएं जैसे बाढ़, सूखा और तूफान अधिक हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण मानवीय गतिविधियां हैं जैसे उद्योगों से प्रदूषण, पेड़ों की कटाई और जीवाश्म ईंधन का अत्यधिक उपयोग। हमें ऊर्जा के स्वच्छ स्रोतों का उपयोग करना चाहिए, जैसे सौर और पवन ऊर्जा और अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। यदि समय रहते उपाय नहीं किए गए, तो यह पृथ्वी के अस्तित्व को खतरे में डाल सकता है।

**-आश्वी शर्मा, नगरोटा बगवां**

# सदनों की घोर अव्यवस्था राष्ट्रीय चिंता का महत्वपूर्ण विषय

तमाम प्रयासों के बावजूद संसद ठीक से नहीं चल रही है। इसी तर्ज पर राज्यों के विधान मंडल भी हल्ले-गुल्ले का शिकार हो रहे हैं। बीते बुधवार व वीरवार को संसदीय कार्यवाही में बाधा डाली गई। कुछ निर्वाचित प्रतिनिधियों ने सदन में विधेयकों की प्रतियां फाड़ दीं। बाधा-व्यवधान के कारण संसद और विधान मंडल में कार्य दिवस घटे हैं।



हृदयनारायण दीक्षित
यूपी वि के पूर्व अध्यक्ष

शांतिपूर्ण बहसें नहीं होतीं। पूरा मानसून सत्र घोर अव्यवस्था का शिकार हुआ। मानसून सत्र में लोकसभा सिर्फ 37 घंटे ही चली और राज्यसभा में कुल 41 घंटे 15 मिनट काम हुआ। मूलभूत प्रश्न है कि क्या भारतीय संसदीय व्यवस्था पूरी तौर पर असफल हो गई है? क्या इसको बचाने के लिए कोई उपाय हैं? सदनों की घोर अव्यवस्था राष्ट्रीय चिंता है। समय-समय पर लोकसभा के अध्यक्ष के नेतृत्व में इस विषय पर गंभीर चर्चा होती रहती है। पिछली लोकसभा के समय देश के सभी विधानसभा अध्यक्षों, पीठासीन अधिकारियों और राज्यसभा के पीठासीन अधिकारियों का एक सम्मेलन गुजरात के केवड़िया में हुआ था। गंभीर चर्चा हुई थी। इसके पहले भी लगभग हर साल सदनों के व्यवधान पर पीठसीनों के सम्मेलनों में गंभीर चर्चा हुई थी।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदनों के व्यवधान की समस्या पर विचार-विमर्श के लिए समिति बनाई थी। मैं इस समिति का संयोजक बना था। एक विधायक के रूप में मैंने 6 कार्यकाल सदन की कार्यवाही को निकट से देखा है। सदनों में अव्यवस्था व व्यवधान की समस्या को आसानी से नहीं सुलझाया जा सकता। इसके



लिए राष्ट्रीय स्तर पर विचार-विमर्श जरूरी है। संसद और विधानमंडल अपने कार्य संचालन की प्रक्रिया के स्वामी हैं। संविधान में संसद परिपूर्ण विचार स्वातंर्त्य है। कार्यवाही की विधि मान्यता प्रक्रियागत त्रुटि के आधार पर चुनौती न दिए जाने के अधिकार हैं।

संसदीय कार्यवाही में अध्यक्ष, पीठासीन का निर्णय सर्वोपरि माना जाता है। अध्यक्ष की एक विशेष गरिमा है। इस गरिमा का मूल आधार तटस्थता और निष्पक्षता है। दलबदल कानून को लेकर अध्यक्षों पर कई सवाल उठे हैं। बात सर्वोच्च न्यायपीठ तक पहुंची है। यह गरिमा का विषय ही था कि एक समय लोकसभा अध्यक्ष आयंगर ने कहा था कि, मैं एक दल और दूसरे दल में भेद नहीं करता, लेकिन उन्होंने कांग्रेस संसदीय दल से त्यागपत्र दे दिया। कांग्रेस के सदस्य बने रहे।

संसदीय कार्यवाही का सौंदर्य अध्यक्ष/पीठासीन पर निर्भर है। दलबदल कानून (52वें संविधान संशोधन अधिनियम 1985) विधायी सदनों के सभी सदस्यों पर लागू है, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष/विधानसभा अध्यक्ष/राज्यसभा व विधान परिषद के सभापति और उक्त सदनों के उपाध्यक्षों/उपसभापतियों को छूट है कि वे निष्पक्ष बने रहने के लिए दल त्याग कर सकते हैं। एन. संजीव रेड्डी ने भी लोकसभा अध्यक्ष होते ही कांग्रेस छोड़ दी थी। पीठासीन का दल त्याग बड़ी बात है, लेकिन यहां हाईकमान की इच्छापूर्ति के लिए सदन की कार्यवाही को कुरूप बनाने की लत बढ़ी है। संसद के असभ्य कथानकों में सत्तादल की भी भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता है। हुल्लड़ सार्वभौम है। विधायी संस्थाओं के भीतर विशेषाधिकार के चीरहरण त्रासद हैं। द्रौपदी का चीरहरण किसी निर्जन वन में नहीं हुआ था। यह सभा ही थी। सभी सभासद दोषी थे। महाभारत सभापर्व में विदुर ने कहा, सभा में हुए पाप का आधा भाग सभाध्यक्ष पर, एक चौथाई पापकर्मियों पर और शेष एक चौथाई पाप मौन रहने वालों पर होता है। क्या देश के माननीय पीठासीन विदुर की टिप्पणी पर ध्यान देंगे? राष्ट्र अवाक है, व्यथित और आहत भी है। सभा की नैतिक शक्ति घटने से ही महाभारत हुआ था। सभा की शक्ति फिर से घटी है, क्या भारत एक और महाभारत की तैयारी कर रहा है?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बिहार से बंगाल तक घुसपैठ पर प्रधानमंत्री की गहरी चोट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने बिहार एवं पश्चिम बंगाल के प्रवास के दौरान जिस एक बात पर प्रमुखता से जोर दिया, वह है घुसपैठ। उन्होंने जब यह कहा कि भारत का भविष्य घुसपैठिए तय नहीं करेंगे, बिहार के युवाओं का रोजगार छीना नहीं जाएगा और बंगाल को घुसपैठ से मुक्त कराना है, तो यह सिर्फ एक राजनीतिक नारा नहीं कहा जाएगा।



डॉ. मयंक चतुर्वेदी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

वस्तुत: यह भारत की आंतरिक सुरक्षा, सामाजिक संरचना और लोकतंत्र की बुनियाद से जुड़ी आज की एक अहम चिंता है, जिसका कि समाधान हर हाल में होना जरूरी है। उन्होंने जनता से सीधे पूछा है कि क्या आप यह बर्दाश्त करेंगे कि कोई घुसपैठिया आपकी जमीन पर कब्जा कर ले, आपका रोजगार छीन ले और आपकी बहन-बेटियों की सुरक्षा पर हमला कर दे? देखा जाए तो यह सवाल सिर्फ बिहार और बंगाल तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के हर राज्य से जुड़ा हुआ प्रश्न है, जहां पर आज घुसपैठियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। प्रधानमंत्री ने इसे डेमोग्राफी मिशन के रूप में सामने रखा है और स्पष्ट किया है कि जल्द ही यह मिशन शुरू होगा, हर घुसपैठिए की पहचान होगी और उन्हें देश से बाहर निकालकर ही दम लिया जाएगा।

वैसे घुसपैठ देश के सामने केवल सुरक्षा चुनौती नहीं है, यह हमारी सामाजिक संरचना, संसाधनों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर सीधा हमला



है। इसकी भयावहता आप इससे समझ सकते हैं कि देश के अकेले राज्य बिहार के सीमांचल क्षेत्र के जिलों किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया और अररिया में पिछले दो दशकों के दौरान जनसंख्या का संतुलन बदल चुका है। यही सच प्रधानमंत्री के शब्दों में गूंजता है, जब वे कहते हैं कि हम बिहार और बंगाल की डेमोग्राफी को घुसपैठियों के हाथों बदलने नहीं देंगे।

ताजा आंकड़े बताते हैं कि समस्या बहुत गंभीर है। गृह मंत्रालय के अनुसार 2025 में जुलाई तक पश्चिम बंगाल में 723 घुसपैठियों को पकड़ा गया। 2024 में यह संख्या 1,694 थी और 2023 में 1,547। यह भले ही गिरावट दिखाता है, लेकिन यह तो उन लोगों का आंकड़ा है, जिन्हें बहुत प्रयासों से ढूंढ-ढूंढकर पकड़ा गया है। वस्तुत: यह एक राज्य की स्थिति है, इसी प्रकार से हर राज्य में साल भर में जितने घुसपैठिए पकड़े जाते हैं, यदि उनकी संख्या जोड़ेंगे तो यह हजारों और लाखों तक जा पहुंची है।

आज इस बात के पुख्ता प्रमाण है कि हजारों हजार लोग सीमा पार कर भारत में घुस रहे हैं। असम सरकार ने तो हाल ही में बड़ा कदम उठाते हुए अक्तूबर 2025 से वयस्कों के आधार पंजीकरण को रोकने तक का आदेश दिया है ताकि घुसपैठिए पहचान-पत्र हासिल कर भारतीय नागरिक बनने का रास्ता न निकाल सकें। इसके लिए विशेष एसओपी तैयार की गई है, जिसमें विदेशी ट्रिब्यूनल, पुलिस और खुफिया एजेंसियों से जांच होगी। यह फैसला दिखाता है कि राज्य सरकारें अब कितनी सतर्क हो गई हैं।

आज घुसपैठ का सवाल भारत के वर्तमान और भविष्य से जुड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री ने बिहार और बंगाल से जो संदेश दिया है, वह पूरे देश के लिए चेतावनी है। अगर समय रहते निर्णायक कदम न उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों के लिए समस्या और विकराल हो जाएगी। लोकतंत्र की बुनियाद यह है कि देश का भविष्य उसके असली नागरिक तय करें। घुसपैठियों के हाथ में देश की डोर देना किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं किया जा सकता है, इसलिए यह जरूरी है कि इस बारे में राजनीति से ऊपर उठकर सोचा जाना चाहिए। हर दल, हर नागरिक एक स्वर में जब कहेगा कि भारत में घुसपैठ को अब ना है, तभी यह समस्या देश से समाप्त हो सकेगी, अन्यथा तो प्रधानमंत्री मोदी हों या कोई अन्य, देश घुसपैठ से मुक्त नहीं होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सुंदरनगर के कई क्षेत्रों में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** विद्युत उपमंडल सुंदरनगर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों में 24 अगस्त को सुबह 9 बजे से बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल ने बताया कि वंदेश अनुभाग लोकल-1 भोजपुर में आने वाले ट्रांसफार्मरों के रख-रखाव कार्य के चलते की जा रही है। इस दौरान भोजपुर-1 (630 केवीए), भोजपुर-2 (250 केवीए), सिनेमा चौक (250 केवीए), पुराना बस अड्डा (400 केवीए) और कोऑपरेटिव बैंक (400 केवीए) ट्रांसफार्मरों पर कार्य किया जाएगा। रख-रखाव कार्य के चलते भोजपुर बाजार, सिनेमा चौक, गर्ल्स स्कूल चौक, जवाहर पार्क और पुराना बस अड्डा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे इस अवधि में विभाग को सहयोग प्रदान करें। साथ ही उन्होंने बताया कि मौसम या अन्य परिस्थितियों के अनुसार कार्य समय में परिवर्तन भी संभव है।

### सुरजपुर वाडी में 196 लोगों की एक्स-रे जांच की

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** स्वास्थ्य खंड बल्द्वाड़ा में निक्षय कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत खलारडू स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सुरजपुर वाडी में शनिवार को विशेष एक्स-रे शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान विभागीय टीम ने 196 लोगों की जांच की। बीएमओ डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि शिविर का उद्देश्य क्षय रोग (टीबी) के संभावित मरीजों की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध कराना है। उन्होंने इसे स्वास्थ्य खंड की बड़ी उपलब्धि बताया। एक्स-रे जांच टीम में डॉ. कैलाश शर्मा, एसटीएलएस मान सिंह, रेडियोग्राफर पंकज कुमार, विजय कुमार, कार्तिक शर्मा, सीएचओ मधु बाला और एमपीएचडब्ल्यू मंजुला कुमारी शामिल रहे। वहीं आशा वर्कर संदेश, नीलमा, रक्षा और अनीता ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। स्थानीय लोगों ने कहा कि इस पहल से ग्रामीणों को न केवल जांच सुविधा मिली बल्कि टीबी मुक्त समाज के संकल्प को भी मजबूती मिली।

### मंडी की बिटिया सौम्या शर्मा बनी डॉक्टर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिले के बट्टेडा, ब्रिखमणि गांव की होनहार बेटी सौम्या शर्मा ने हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण कर चिकित्सक (एमबीबीएस डॉक्टर) बनकर क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया है। सौम्या वर्तमान में एम्स कोठीपुरा, बिलासपुर में कनिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टर के पद पर कार्यरत हैं। वह स्वर्गीय लक्ष्मी चंद शास्त्री और सीता शर्मा की पौत्री हैं। दोनों ने हटगढ़ स्कूल में शिक्षक के रूप में सेवा दी थी। सौम्या की माता सविता शर्मा बीबीएमबी विद्यालय में अंग्रेजी विषय की प्रवक्ता हैं और पिता कमल प्रकाश शर्मा एलएंडटी में वरिष्ठ अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। सौम्या ने अपने दादा-दादी और माता-पिता के सपनों को साकार करते हुए चिकित्सा क्षेत्र में कदम रखा है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष की लहर है। सौम्या की सफलता युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत है।

### 31 तक पशु बीमा योजना का लाभ लें पशुपालक

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी दीपक वर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा पशुपालकों के हित में चलाई जा रही पशु बीमा योजना के तहत किसान अपने पशुओं का बीमा करवा सकते हैं। यह योजना पशुपालकों के लिए अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ उठाने के इच्छुक लोग 31 अगस्त तक अपने नजदीकी पशु चिकित्सा केंद्र में संपर्क कर सकते हैं। डॉ. दीपक वर्मा ने बताया कि बीमा करवाने से पशुओं की आकस्मिक मृत्यु या दुर्घटना की स्थिति में पशुपालकों को आर्थिक राहत मिलती है। उन्होंने बताया कि एपीएल परिवारों के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा 60 प्रतिशत सब्सिडी और बीपीएल परिवारों के लिए 80 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है, जिसमें एक से तीन साल तक के छोटे पशु भेड़, बकरी का 1 हजार से 8 हजार तक और बड़े पशुओं का 21 हजार से 35 हजार तक बीमा करवाया जा रहा है। उन्होंने पशुपालकों से अपील की है कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपने पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

### जोगिंद्रनगर में 470 उपकरणों का हुआ सत्यापन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** रामलीला मैदान जोगिंद्रनगर में माप-तौल विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय सत्यापन शिविर रविवार को संपन्न होगा। अब तक लगभग 470 व्यापारियों और आम लोगों ने अपने तराजू, बाट, इलेक्ट्रॉनिक मशीनों व अन्य उपकरणों का सत्यापन करवाया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य व्यापारियों को उनके क्षेत्र में ही सुविधा उपलब्ध करवाना था। सत्यापन करवाना प्रत्येक व्यापारी के लिए अनिवार्य है, ताकि ग्राहकों को सही नाप-तौल मिल सके और किसी प्रकार की धोखाधड़ी की गुंजाइश न रहे। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि अंतिम दिन के बाद उपकरणों का सत्यापन न करवाने वाले व्यापारियों पर जुर्माना लगाया जाएगा। विभाग ने अपील की कि सभी व्यापारी समय रहते अपने उपकरणों का सत्यापन करवा लें।

### लड़भड़ोल में मातृ दिवस पर किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय महाविद्यालय लड़भड़ोल की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने मातृ दिवस के अवसर पर एक दिवसीय वृक्षारोपण शिविर आयोजित किया। "एक पौधा मां के नाम" थीम पर आधारित इस शिविर में 50 एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लिया और अपनी-अपनी माताओं के नाम पर पौधे रोपित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9 बजे हुआ और दोपहर 2 बजे तक चला। वृक्षारोपण महाविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में किया गया। इस दौरान छात्रों को पौधारोपण की सही तकनीक भी सिखाई गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनीष ठाकुर ने मां के महत्व और पर्यावरण संरक्षण पर विचार रखे, जबकि एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्रोफेसर संजीव कुमार ने शिविर के उद्देश्यों को विस्तार से बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने मातृत्व पर आधारित कविताएं और गीत प्रस्तुत किए। शिविर में कुल 50 पौधे रोपे गए, जिन्हें छात्रों ने अपनी माताओं को समर्पित किया।

### नवग्रह शनि मंदिर में आज लगेगा भंडारा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के जालपा मंदिर गेट के पास स्थित नवग्रह शनि मंदिर में रविवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि यह भंडारा प्रातः 11 बजे से आरंभ होकर दोपहर तक चलेगा। श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। कमेटी ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भक्ति भाव से प्रसाद ग्रहण करें और धार्मिक कार्यक्रम का हिस्सा बनें।

### विश्व बंधुत्व दिवस पर 60 यूनिट रक्त एकत्र

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** ब्रह्माकुमारीज एवं समाज सेवा प्रभाग द्वारा राष्ट्रीय रक्तदान अभियान 2025 के अंतर्गत शनिवार को विश्व बंधुत्व दिवस पर नागरिक अस्पताल सुंदरनगर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह आयोजन संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणी की 18वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में हुआ। शिविर का उद्घाटन एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने किया, जबकि एसएमओ डॉ. चमन ठाकुर और ब्रह्माकुमारीज शाखा प्रभारी शिखा दीदी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। शिविर में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लगभग 60 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। अमर नेगी ने ब्रह्माकुमारीज के योगदान की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। प्रतिभागियों को संस्था और ब्लड बैंक की ओर से प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। समापन पर सभी को प्रसाद और रिफ्रेशमेंट भी प्रदान किए गए।

# एनएच पर गिरा क्षतिग्रस्त 3 मंजिला भवन

## अन्य भी गिरने की कगार पर, सुरक्षा की दृष्टि से बिजली बोर्ड ने काटी बिजली, मची अफरा-तफरी

**नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बालीचौकी।** बालीचौकी के जीरो चौक से गुजरते एनएच पर क्षतिग्रस्त तीन मंजिला भवन सड़क पर गिर गया है। जिसके कारण एनएच 305 कुछ समय तक बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गया था, हालांकि अब एनएच 305 खुला हुआ है।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस के जवान मौके पर पहुंच गए। इस दौरान यहां पर अफरातफरी का माहौल बना रहा। सुरक्षा की दृष्टि से बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने बिजली को तुरंत प्रभाव से काट दिया। इसमें बोर्ड की तारे भी क्षतिग्रस्त होकर सड़क पर जा गिरी। इस भवन में पांच दुकानें शामिल थे जिन्हें समय रहते ही प्रशासन ने पहले


बालीचौकी के जीरो चौक के पास एनएच पर गिरा क्षतिग्रस्त तीन मंजिला भवन।

ही खाली कर दिया था। अब ऐसे में एनएच के दूसरी तरफ बने भवनों को भी खतरा बना हुआ है, जबकि अन्य क्षतिग्रस्त भवन भी गिरने की कगार पर आ गए हैं। यह घटना शुक्रवार लगभग 9:30 बजे पेश आई है। एनएच किनारे सड़क पर चल रहे लोगों ने क्षतिग्रस्त भवन से कुछ आवाज सुनी। इसके बाद सड़क के दूसरी तरफ रह रहे भवन मालिकों को भी सूचित दी कि यह भवन गिरने वाला है। देखते ही देखते कुछ देर में तीन मंजिला भवन सड़क पर जा गिरा। जिसके चलते लगभग 1 घंटे तक अफरातफरी का माहौल बना

**एनएच के दूसरी तरफ बने भवनों पर भी मंडराया खतरा**

रहा। इस दौरान सुरक्षित भवनों में रह रहे लोग मकान के गिरने की आवाज सुनकर बाहर निकले। गनीमत यह रही कि भवन के गिरने के समय कोई वाहन उसकी चपेट में नहीं आया। ऐसे में पुलिस के जवान टॉर्च सहारे रातभर ड्यूटी पर डटे रहे।

उधर, एसडीएम वाली चौकी देवी राम ने बताया है कि घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई थी। इसमें जानी नुकसान नहीं हुआ है। पुलिस के जवानों को एनएच पर तैनात कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अन्य भवन भी गिरने की कगार पर है।

### सेवानिवृत्त शिक्षिका ने राहत कोष में दिए 40 हजार

**विनोद, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** मानवता और समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए लुनापानी की सेवानिवृत्त शिक्षिका सिमरा देवी ने अपनी पेंशन से 40,000 रुपए आपदा राहत हेतु दान किए। यह राशि उन्होंने एसडीएम कार्यालय बल्ह में मंडी जिले की आपदा प्रभावित जनता की सहायता के लिए भेंट की। सिमरा देवी ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी जरूरतमंदों के लिए कार्य करना आत्मसंतोष देता है। एसडीएम बल्ह ने उनके योगदान की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

### औट में स्वयं सहायता समूहों ने दी आर्थिक मदद

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** औट क्षेत्र में रविवार को आई अचानक बाढ़ से प्रभावित चार परिवारों को नारी शक्ति ग्राम संगठन और जाह्नवी स्वयं सहायता समूह ने राहत पहुंचाई। दोनों समूहों की महिलाओं ने प्रत्येक परिवार को 4,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी। बाढ़ से प्रभावित परिवारों को घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा, वहीं स्थानीय लोगों ने एक दंपति को पानी में डूबने से बचाया। इस राहत कार्य में निर्मला देवी, सीता देवी सहित कई महिलाएं शामिल रहीं।

### प्रभावित परिवार को दिया 21,000 का चेक

**अनंत ज्ञान, मंडी।** ज्येष्ठ एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद मंडी के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेशाध्यक्ष अशोक अवस्थी की अध्यक्षता में उपायुक्त अपूर्व देवगन से मुलाकात कर जेल रोड निवासी आपदा प्रभावित कृष्णा देवी के परिवार को सहायता देने का आग्रह किया। इससे पूर्व परिषद के सदस्यों ने कृष्णा देवी से भेंट कर उन्हें 21,000 रुपये का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आरएस राणा, सचिव तेज सिंह गुप्ता, उमेश शर्मा, शमशेर मन्हास व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# टिहरा-संधोल सड़क पर दो माह से यातायात ठप

## पूर्व जिला पार्षद ने आपदा प्रबंधन व विभागीय लापरवाही को ठहराया जिम्मेदार

**रितेश, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** टिहरा लोक निर्माण उपमंडल के अंतर्गत गद्दीदार-चोलनगढ़-संधोल मार्ग, धलौन गलू-कमलाह-संधोल मार्ग व लखरेहड़-कुजाबल्ह मार्ग पिछले करीब 55 दिनों से बंद पड़े हैं। इस वजह से एक दर्जन से अधिक गांवों की हजारों की आबादी को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह बात पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह और हिमाचल किसान सभा खंड कमेटी सदस्य प्रकाश सकलानी, भाग सिंह लखरवाल, लुददर सिंह, भाग सिंह, देश राज, हेमराज, नथु राम, टोडरमल, गोपाल सिंह, लेखराज, अनिल, रामचंद, राकेश, रमेश चंद, कुलदीप, जगदीश इत्यादि ने कही है।

पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि विभागीय


सड़क पर हुआ भूस्खलन।

लापरवाही और आपदा प्रबंधन में कमी के कारण यह स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 की बरसात में इससे कहीं ज्यादा नुकसान हुआ था, लेकिन सड़कें 15 दिनों में बहाल कर दी गई थीं। इस बार विभाग द्वारा लगाए गए मल्टीटास्क वर्करों को सड़क बहाली के बजाय शराब बेचने में लगा दिया गया है।

उन्होंने कहा कि टिहरा का एसडीओ मंडप के एसडीओ को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, जिससे निगरानी और कार्यक्षमता प्रभावित हुई है। ऊपर से विधायक भी इस क्षेत्र का दौरा नहीं कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि धलौन गलू-कमलाह मार्ग पर बन रहा पुल अधूरा छोड़ दिया गया है और ठेकेदार भुगतान न मिलने के कारण काम छोड़कर चला गया है। भूपेंद्र सिंह व हिमाचल किसान सभा के नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन शुरू किया जाएगा।

# नवभारत जनविकास फाउंडेशन देगा युवाओं को रोजगार, गरीबों को मिलेगी महंगाई से छूट

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** नवभारत जनविकास फाउंडेशन ने प्रदेश में रोजगार और समाज सेवा का व्यापक अभियान शुरू किया है। संगठन का कहना है कि इसका मुख्य उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना और गरीब व असहाय परिवारों को सस्ता व मुफ्त राशन मुहैया करवाना है। इसके लिए महादेव धनोटू में प्रदेश स्तरीय हेड ऑफिस खोलने की तैयारियां चल रही हैं।

प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान ने बताया कि मंडी संसदीय क्षेत्र की 17 विधानसभा क्षेत्रों में करीब 2,500 युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा। इसमें डाटा ऑपरेटर व अन्य तकनीकी कार्य शामिल होंगे। योजना की शुरुआत नाचन विस क्षेत्र से की जा रही है, जहां 100 बेरोजगार बेटियों व बहनों को भी रोजगार दिया जाएगा।


स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनते हुए ब्रह्मदास चौहान।

**इन पंचायतों में होगी पहले शुरुआत:** कुटाहची, मसोगल, बुराहकड़ी, जाच्छ, झूंगी, धरोट, शीलहनु, शाला, जहल, दियारगी, अपर बैहली, मौविसेरी पंचायतों में सस्ते राशन के डिपु खोलने की प्रकिया शुरू कर दी है।

फाउंडेशन समाज सेवा के तहत विधवा और असहाय परिवारों की बेटियों की शादियों में सहयोग करेगा, गरीबों को मुफ्त राशन और आम जनता को खाद्य सामग्री 10 से 50 प्रतिशत छूट पर उपलब्ध कराएगा। संस्था की कार्यप्रणाली के अनुसार तीन पंचायतों को मिलाकर एक हेड जोन बनाया जाएगा। शुक्रवार को इस योजना का निरीक्षण राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. लखपतिलाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया।

# हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में पढ़ेगा अक्षत ठाकुर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सजयाओपीपलू निवासी अक्षत ठाकुर ने नीट परीक्षा में 508 अंक हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। सरकारी स्कूल के पीजीटी बायोलॉजी अध्यापक राजेश कुमार और गृहिणी अंजना देवी के पुत्र अक्षत ने हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में दाखिला प्राप्त किया। अक्षत बचपन से ही पढ़ाई में गंभीर और मेहनती रहा है। उनके पिता के अनुसार कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर ही उसने यह सफलता अर्जित की। नीट जैसी प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना आसान नहीं होता, लेकिन अक्षत ने साबित कर दिया कि लगन और निष्ठा से हर लक्ष्य संभव है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों और क्षेत्रवासियों ने हर्ष जताया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### अभिलाषी आयुर्वेदिक कॉलेज में चरक फॉर चिल्ड्रन परियोजना का शुभारंभ

# छात्रों में समग्र स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की पहल


अभिलाषी आयुर्वेदिक कॉलेज में चरक फॉर चिल्ड्रन परियोजना का शुभारंभ करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अभिलाषी आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अनुसंधान संस्थान में चरक फॉर चिल्ड्रन परियोजना का शुभारंभ कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने किया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, निदेशक आईक्यूएसी डॉ. पीसी शर्मा, डीन डॉ. डीके मिश्रा, डॉ. देवेंद्र शर्मा, उप-प्राचार्य डॉ. राहुल, संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। परियोजना टीम में डॉ. दिव्या दीपक (परियोजना प्रमुख), डॉ. राहुल (परियोजना प्रबंधक) और डॉ. विकास कुमार (परियोजना समन्वयक) शामिल हैं।

इस पहल का उद्देश्य 5वीं से 10वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों में आयुर्वेद आधारित स्वस्थ जीवन शैली और आधुनिक निवारक स्वास्थ्य अवधारणाओं को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में दिनचर्या, ऋतुचर्या, पोषण, स्वच्छता, योग तथा नेत्र व दंत स्वास्थ्य पर विशेष

**आयुर्वेद और आधुनिक निवारक स्वास्थ्य अवधारणाओं का संगम**

जोर रहेगा। कुलपति प्रो. चौधरी ने प्रायोजक संस्थाओं आप्तस आयुर्वेद ट्रस्ट, कर्नाटक और एनसीआईएसएम, नई दिल्ली का आभार जताया। कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी ने संदेश में कहा कि यह केवल परियोजना नहीं बल्कि एक मिशन है, जो स्वास्थ्य जागरूक पीढ़ी के निर्माण में सहायक होगा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। आगामी गतिविधियों में स्वास्थ्य सर्वेक्षण, जागरूकता सत्र, योग प्रदर्शन, दंत-नेत्र जांच शिविर और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

# विधायक विनोद को भाजपा उपाध्यक्ष बनाने पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत


भाजपा उपाध्यक्ष बनने पर नाचन के विधायक विनोद कुमार का स्वागत करते हुए कार्यकर्ता।

**भीम बसेड्डू, अनंत ज्ञान**

**महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद कुमार को प्रदेश भाजपा का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। शनिवार सुबह धनोटू नेशनल हाइवे पर महिला और पुरुष कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में एकत्र होकर ढोल-नगाड़ों के साथ विधायक का स्वागत किया और भाजपा के समर्थन में नारे लगाए।

विनोद कुमार ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें उपाध्यक्ष बनाने के लिए वे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और उच्च नेतृत्व के आभारी हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मौजूदा प्रदेश सरकार विकास के मामले में पूरी तरह विफल साबित हुई है, जबकि भाजपा जनता की सच्ची हितैषी पार्टी है। इसी तरह बग्गी और चैलचौक में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक विनोद कुमार का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

# छात्रों ने प्रदर्शनी से दिखाया हुनर

## विज्ञान मॉडल, पेंटिंग व हस्तकला से सबको किया प्रभावित


हिमालयन स्कूल सरकाघाट के प्रांगण में बच्चों ने लगाई प्रदर्शनी।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**हिमालयन** स्कूल सरकाघाट में छात्रों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसमें केजी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने विज्ञान मॉडल, गणित चार्ट, कैनवस पेंटिंग व हस्तकला का प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि राजकुमार शर्मा (प्रबंधन समिति अध्यक्ष) व प्रधानाचार्य प्रेमलता डोगरा ने छात्रों के कार्यों का अवलोकन किया और उनकी सराहना की। विद्यार्थियों ने हरबेरियम फाइल, इंसेक्ट बॉक्स, ह्यूमन ब्रेन, नर्व सेल, रेन अलार्म, ग्रीन हाउस, ज्वालामुखी विस्फोट जैसे मॉडल प्रस्तुत कर सबका ध्यान आकर्षित किया। पेंटिंग सेक्शन में छात्रों ने गणेश, सरस्वती, भगत सिंह, नेताजी व स्वतंत्रता दिवस पर सुंदर चित्र बनाए। बच्चों ने वेस्ट मटेरियल से सजावटी वस्तुएं बनाकर रचनात्मकता दिखाई। प्रदर्शनी ने न केवल ज्ञानवर्धन किया, बल्कि छात्रों की सृजनात्मकता और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा दिया।

# विधायक दिलीप ने भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विधायक दिलीप ठाकुर ने देव ब्राडता भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों को पांच-पांच हजार रुपए की फौरी राहत मौके पर ही देने का ऐलान किया। विधायक ने मौके पर मौजूद पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूस्खलन से नष्ट हुई तीनों सड़कों को शीघ्र बहाल किया जाए, ताकि लोगों को आवाजाही में परेशानी न हो। इसके साथ ही उन्होंने मसधवान गांव में भारी बारिश से प्रभावित परिवारों से भी मुलाकात की और राजस्व अधिकारी को तुरंत एस्टीमेट तैयार करने के आदेश दिए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पवन ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुदेश चंदेल, महामंत्री शिवम, पूर्व प्रधान संता देवी, प्रताप राजपाल चौहान, हिम्मत राम सहित कई उपस्थित रहे।

# 'बुढड़ा' फिल्म ने जगाई भाई-बहन के रिश्ते की भावनाएं

## हिमाचली लोक नाट्य पर आधारित फिल्म को दर्शकों से मिली प्रशंसा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**हिमाचल** के प्रसिद्ध लोक नाट्य बुढड़ा पर आधारित फिल्म ने साहित्य और सिनेमा जगत में हलचल मचा दी है। स्वर सेवा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्देशन और संगीत रमेश आनंद ने किया है, जबकि शोध, नाट्य लेखन और सूत्रधार की भूमिका कृष्ण चंद्र महादेविया ने निभाई है। फिल्म की शुरुआत सूत्रधार द्वारा लोकनाट्य की पृष्ठभूमि के संक्षिप्त परिचय से होती है। मंच पर एक के बाद एक दृश्य प्रस्तुत होते हैं जिनमें चंद्रावलियों का नृत्य, जोगी का आगमन, हीर-रांझा का प्रेम, किसान परिवार की झलक और ग्रामीण जीवन की छवि दर्शाई गई है।

सबसे मार्मिक दृश्य पांचवें भाग में आता है, जहां बहन बावड़ी पर पानी लेने जाती है और वहां उसे वर्षों बाद बिछड़ा भाई मिलता है। भाई की गरीबी व चिंता जानकर वह उसे नौलखा हार दे देती है। जब बहिन घर लौटती है तो सासू हार के बारे में पूछती है। हार न मिलने पर बहु को दीवार में जिंदा चिनवाने का आदेश दे दिया जाता है। बहु की करुण पुकार व प्रेम भरे संवाद दर्शकों की आंखें नम कर देते हैं।


**कलाकारों ने छुए दिल:** फिल्म में मस्त राम (बुढड़ा), शालू शर्मा (बहिन), हर्ष ठाकुर (भाई), अंजलि शर्मा (हीर), सीता राम कश्यप (रांझन) सहित अन्य कलाकारों ने शानदार अभिनय किया। गीतों को रमेश आनंद और बबिता चौहान ने स्वर दिया। यह फिल्म न केवल हिमाचली संस्कृति को जीवंत करती है बल्कि भाई-बहन के रिश्ते को भी नए भाव में प्रस्तुत करती है, जिसे दर्शकों से भरपूर सराहना मिल रही है।

# मंगल पांडे सांस्कृतिक क्रांति के जननायक और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत: राज कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**सरदार** पटेल विश्वविद्यालय मंडी के इतिहास विभाग में शनिवार को 1857 की क्रांति में मंगल पांडे का योगदान विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता प्रख्यात इतिहासकार डॉ. राज कुमार, सहायक आचार्य इतिहास, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला रहे।

कुलपति आचार्य ललित कुमार अवस्थी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मंगल पांडे का जीवन हमें यह संदेश देता है कि सच्चा राष्ट्रभक्त कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटता। उन्होंने विद्यार्थियों से मंगल पांडे जैसे नायकों से प्रेरणा लेकर साहस, नैतिकता और राष्ट्रप्रेम को आत्मसात करने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता डॉ. राज कुमार ने अपने व्याख्यान में मंगल पांडे को सांस्कृतिक क्रांति का जननायक और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का अग्रदूत बताया। उन्होंने कहा कि 29 मार्च 1857 को बैरकपुर छावनी में मंगल पांडे का प्रतिकार ही प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की चिंगारी बना, जिसने पूरे देश में क्रांति की ज्वाला प्रज्वलित की। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि को हिमाचली टोपी और पुस्तक भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम में डॉ. राम पाल, विकेश कुमार, राजेश कुमार एवं किरण, सुगंधा, नीरज, दिव्या, सुनीता, गौरव, दीपेश, सुनील, नरेंदर, रीना, शिवानी सहित प्रथम व तृतीय सत्र इतिहास के विद्यार्थी उपस्थित रहे।


सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के इतिहास विभाग में मंगल पांडे के योगदान विषय पर एक अतिथि व्याख्यान आयोजन के दौरान विद्यार्थी व आयोजक।

**आक्रोश** करला स्कूल में मर्ज बच्चों की सुरक्षा पर उठे सवाल, स्कूल को अचानक बंद करने पर ग्रामीण नाराज

# 1950 से चल रहा नेरी प्राथमिक स्कूल बंद, अभिभावकों में रोष

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** प्रदेश सरकार जहां शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के दावे कर रही है, वहीं हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। मंडी जिले की निहरी तहसील के नेरी गांव में स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला को विभाग ने हाल ही में जारी अधिसूचना के तहत बंद कर दिया। 1950 से चल रहे इस स्कूल में 7 विद्यार्थी पढ़ रहे थे, जिनमें 4 प्राइमरी और 3 प्री-प्राइमरी के छात्र शामिल थे। अब इन बच्चों को करला स्कूल भेजने का आदेश जारी हुआ है।

ग्रामीणों और अभिवावक प्रेमलाल, प्रकाश चंद और निलमा देवी सहित अन्य का कहना है कि करला स्कूल जाने वाला रास्ता बेहद खतरनाक है, जो लैंडस्लाइड जोन से होकर गुजरता है। यहां अक्सर पत्थर गिरते रहते हैं और पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। छोटे बच्चों के लिए खड्डु और जंगली जानवरों का खतरा भी हमेशा बना रहता है। अभिभावकों ने सरकार पर बच्चों की सुरक्षा को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए कहा कि शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने की बजाय ऐसे फैसले भविष्य को अधर में डाल रहे हैं। वहीं खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी निहरी, खेम चंद ने बताया कि यह निर्णय विभागीय आदेश के तहत 20 अगस्त को लिया गया है।

राजकीय प्राथमिक पाठशाला नेली के एसएमसी अध्यक्ष परमा राम ने कहा कि प्रदेश शिक्षा विभाग के इस फरमान को लेकर एसएमसी की बैठक में इसके खिलाफ प्रस्ताव भी पारित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके प्रदेश सरकार, शिक्षा विभाग निदेशक शिमला, डिप्टी डायरेक्टर मंडी और बीपीओ ब्लॉक निहारी को भी इस स्कूल को फिर से शुरू करने की मांग की गई है।

### मिडल स्कूल चालू, प्राइमरी बंद

**तहसील** निहरी के नेरी गांव में एक मिडल स्कूल पहले से सुचारू रूप से चल रहा है। इसके बावजूद सरकार ने प्राइमरी स्कूल को दूसरी जगह मर्ज कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यह शायद हिमाचल प्रदेश का पहला मामला है, जहां एक ही स्थान पर मिडल स्कूल तो चालू है लेकिन प्राइमरी स्कूल को बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि स्कूल बंद होने के बाद अभिभावकों ने बच्चों को दूसरे स्कूल भेजने से साफ इंकार कर दिया है। इस कारण बच्चे घर पर ही हैं और उनकी पढ़ाई पूरी तरह बाधित हो गई है।




**एसएमसी बैठक में भी निर्णय के खिलाफ प्रस्ताव पारित**

### कांढी गांव के बच्चों पर भी असर

**नेरी** प्राथमिक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों में से कुछ कांढी गांव के भी थे। उन्हें स्कूल पहुंचने में पहले ही एक से डेढ़ घंटा लगता था। अब स्कूल बंद होने से उनके सामने और भी बड़ी दिक्कत खड़ी हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों को दूर और खतरनाक रास्तों से होकर स्कूल भेजना उनके लिए संभव नहीं है। अभिभावकों और ग्रामीणों ने सरकार से साफ कहा है कि या तो विभाग बच्चों की पूरी सुरक्षा की जिम्मेदारी ले या फिर नेरी प्राथमिक स्कूल को दोबारा खोला जाए। उनका कहना है कि यदि मांगों पर गौर नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### ऊना-चंडीगढ़ के बीच चले रैपिड रेल : अरुण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाजपा युवा नेता अरुण कौशल द्वारा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर को मांग पत्र सौंपकर ऊना और चंडीगढ़ के बीच क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम का निर्माण कराने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण से जिला ऊना के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों के लोगों को काफी राहत मिलेगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इस प्रोजेक्ट से हिमाचल के धार्मिक व पर्यटन स्थलों को पहुंचने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों को भी काफी सहूलियत मिलेगी। आगे उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के कई ज़िलों के लोग चंडीगढ़ व आसपास के क्षेत्रों में रोजगार व शिक्षा के लिए पहुंचते हैं, ऐसे में उन्हें आवागमन के लिए सबसे ज्यादा सहूलियत होगी।

### गायक लव-कुश ने चिंतपूर्णी में की भजन की शूटिंग

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** लव और कुश सहारनपुर वाले गायक ने शनिवार को माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी लगाई और लाल मां चिंतपूर्णी दे भजन की शूटिंग की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि माता के दरबार में आज भजन की शूटिंग की गई है और जल्द ही इस भजन को यूट्यूब चैनल के माध्यम से रिलीज किया जाएगा। गायक लव और कुश ने माता चिंतपूर्णी के दरबार में भजन की शूटिंग के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि यह उनके लिए एक अद्भुत अनुभव था। उन्होंने माता की भक्ति में डूबकर भजन की शूटिंग की और जल्द ही इसे दर्शकों के साथ साझा करने के लिए उत्सुक हैं। लव और कुश का यह भजन जल्द ही उनके यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया जाएगा, जहां दर्शक इसे देख और सुन सकेंगे। गायक की यह पहल माता चिंतपूर्णी की भक्ति को बढ़ावा देने और लोगों को उनकी शक्ति और कृपा के बारे में बताने के लिए है।

### नगर पंचायत अंब ने की कैंसर पीड़ित की मदद



**अनंत ज्ञान, अंब।** नगर पंचायत अंब के सभी पार्षदों और अधिकारियों ने एकजुट होकर मानवता की मिसाल पेश की है। कैंसर से जूझ रहे हरमन के इलाज के लिए उन्होंने आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई है। नगर पंचायत की अध्यक्षा इंदु धीमान ने बताया कि हरमन गंभीर बीमारी से पीड़ित है और उसके इलाज में भारी खर्च आ रहा है। इस कठिन समय में नगर पंचायत के सभी पार्षदों और अधिकारियों ने स्वेच्छा से धनराशि एकत्र कर हरमन के परिवार को दी, ताकि उसके इलाज में कोई रुकावट न आए। हरमन के पिता ने भी भावुक होते हुए नगर पंचायत के इस सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और आगे भी समाज से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि बेटे के इलाज के लिए यह सहायता उनके लिए उम्मीद की किरण है। अध्यक्षा इंदु धीमान ने आम जनमानस से भी अपील की है कि वे हरमन की मदद के लिए आगे आएं और इस नेक कार्य में अपना योगदान दें।

### धनेटा में रोवर्स एवं रेंजर्स का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में रोवर्स एवं रेंजर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य एवं ग्रुप लीडर डॉ. ज्ञान चंद राणा तथा रोवर्स एवं रेंजर्स द्वारा सहायक राज्य संगठन आयुक्त डॉ. रतन चंद शर्मा के स्वागत से हुई। डॉ. ज्ञान चंद राणा ने रोवर्स एवं रेंजर्स के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। रोवर्स लीडर डॉ. अजय कुमार एवं रेंजर्स लीडर प्रो. नीलम अग्निहोत्री ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे। उन्होंने रोवर्स एवं रेंजर्स से अनुशासन, समर्पण एवं दल भावना बनाए रखने और ऐसे रचनात्मक प्रयासों में निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं इस संकल्प के साथ हुआ कि सभी प्रतिभागी रोवर्स एवं रेंजर्स के मूल्यों को अपने जीवन एवं सामाजिक कार्यों में आत्मसात करेंगे।

### मंडी प्रभावितों की महिलाओं ने की आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना ज़िले की महिलाओं ने सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए मंडी ज़िले की हालिया आपदा में प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए 3 लाख 1 हज़ार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की है। ज़िले के पांचों विकास खंडों के क्लस्टर स्तरीय संगठनों तथा विकास खंड कार्यालयों से जुड़े स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने अपने स्तर पर अंशदान कर यह धनराशि एकत्र की है। उनकी ओर से शुक्रवार को परियोजना निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के.एल. वर्मा और जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार ने उपायुक्त कार्यालय ऊना में जाकर उपायुक्त जतिन लाल को उक्त राशि का चेक भेंट किया। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह सहयोग न केवल प्रभावित परिवारों के लिए सहारा बनेगा, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा भी है। उन्होंने बताया कि प्राप्त राशि को अब उपायुक्त मंडी को भेजा जाएगा ताकि इसे आपदा प्रभावित परिवारों तक पहुंचाया जा सके। उल्लेखनीय है कि अंशदान देने वाले क्लस्टर स्तरीय संगठनों में बंगाणा से हिम आंचल महिला व जमावनी माता, कुटलैहड़ एनआरएलएम, गगरेट से प्रयास और नई उड़ान, हरोली से एकता और यूनाइटेड, ऊना से अंबिका और राधा तथा अंब से संजीवनी क्लस्टर स्तरीय संगठन शामिल हैं। वहीं, विकास खंड कार्यालय अंब, ऊना और बंगाणा से जुड़े महिला स्वयं सहायता समूहों ने भी अंशदान दिया है।

### केवीके रामपुर में प्राकृतिक खेती की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन की आतमा परियोजना के तहत केवीके रामपुर में 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस प्रशिक्षण शिविर में ऊना, हरोली और बंगाणा विकास खंडों के 34 सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों (सीआरपी) ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों, लाभों और व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी देना था ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में किसानों को जागरूक कर अधिक से अधिक लोगों को रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती से जोड़ सकें। उपायुक्त ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी करती है बल्कि यह स्वास्थ्यवर्धक भोजन और मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार का भी माध्यम है। इसके अलावा उपायुक्त ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। इस मौके पर आतमा परियोजना निदेशक वीरेंद्र बग्गा, डॉ. संजय कुमार, आतमा परियोजना की उप निदेशक शामली गुप्ता, तनुजा कपूर, डॉ. योगिता शर्मा, डॉ. मीनाक्षी सैनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## भारी बारिश से तीन दिन से पानी में डूबा है टकारला स्कूल, अभिभावक परेशान

# यह कैसी मुसीबत आई, पानी में पढ़ाई...

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** उपमंडल अंब के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टकारला पिछले तीन दिन से भारी बारिश के चलते जलमग्न है। बुधवार को हुई तेज बरसात के बाद स्कूल परिसर तालाब में तब्दील हो गया। हालात इतने भयावह हैं कि बच्चे घुटनों तक पानी और कीचड़ में बैठकर पढ़ाई करने को विवश हैं। पानी निकासी की कोई ठोस व्यवस्था न होने से स्थिति लगातार बिगड़ रही है। खेतों में जमा 2 से 3 फुट पानी स्कूल की दीवार की नींव से रिसकर कमरों में भर रहा है, जिससे भवन की मजबूती पर भी खतरा मंडरा रहा है। कमरे कीचड़ और दुर्गंध से भर गए हैं, जिससे किसी भी समय अनहोनी होने की आशंका जताई जा रही है।

पाठशाला में 181 विद्यार्थी और 17 शिक्षक-स्टाफ कार्यरत हैं। मगर इतनी गंभीर समस्या के बावजूद प्रशासन की अनदेखी से ग्रामीणों और अभिभावकों में गहरा रोष है। स्थानीय अभिभावकों का कहना है, जब बच्चे ही पानी में बैठकर पढ़ेंगे तो पढ़ाई कैसे होगी? अगर कोई हादसा हो गया तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? उन्होंने चेतावनी दी कि यह समस्या केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि बच्चों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन चुकी है। गांव के लोगों का आरोप है कि यह स्थिति हर बरसात में दोहराई जाती है, मगर प्रशासन केवल आश्वासन देकर चुप बैठ जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात आते ही स्कूल तालाब बन जाता है। सरकार को बच्चों की सुरक्षा और भविष्य की चिंता है तो अबकी बार स्थायी समाधान निकालना ही होगा।


कीचड़ से तथपथ बच्चों के बैठने वाले बैंच व क्लाश, जो कि बहुत बड़ी समस्या है।

स्थानीय पंचायत प्रधान और स्कूल प्रबंधन समिति (SMC) अध्यक्ष अनिल शर्मा ने वीरवार को हालात का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि स्कूल भवन सड़क और नाले से नीचा होने के कारण पानी निकासी का कोई स्थायी हल संभव नहीं हो पा रहा। प्रधानाचार्य अनिल बक्शी ने बताया कि हालात की सूचना तुरंत जिला शिक्षा अधिकारी और एसडीएम अंब को दी गई है। हमने बच्चों को अस्थायी रूप से दूसरे भवन में शिफ्ट किया है, लेकिन वहां बिजली की सुविधा न होने के कारण भारी दिक्कतें पेश आ रही हैं, प्रशासन को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए।

ग्रामीणों का कहना है कि बरसात का मौसम हर साल बच्चों की पढ़ाई और सुरक्षा पर संकट बनकर आता है। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि इस बार प्रशासन केवल आश्वासन तक सीमित न रहकर ठोस कदम उठाएगा, ताकि बच्चे सुरक्षित और स्वच्छ माहौल में शिक्षा प्राप्त कर सकें।

### किसने क्या कहा

अंब के एसडीएम सचिन शर्मा ने कहा कि स्कूल में पानी भरने की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड भेजी गई थी। खेतों से आने वाले पानी की निकासी और रोकथाम के लिए तकनीकी टीम से रिपोर्ट मांगी गई है। बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और जल्द ही स्थायी समाधान निकाला जाएगा।

जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार टकारला स्कूल में मोक्के पर पहुंचे उन्होंने स्तिथि का जायजा लिया और साथ उनका कहना है की बरसात के चलते यह अस्थायी समस्या पैदा हुई है। प्रबंधन को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। स्थायी समाधान के लिए प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा।

टकारला पंचायत के उपप्रधान राजीब शर्मा का कहना है समस्या गंभीर है जो पानी खेतों से स्कूल परिसर में आ रहा है, उसको निकलने को कोई रास्ता नहीं है, इसलिए 2 दिन के भीतर स्थायी समाधान कर दिया जाएगा।

## डीहर-राजपुरा सड़क मार्ग भूस्लखन होने से बंद

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

**उपमंडल** बंगाणा के अंतर्गत शनिवार को सुबह मूसलाधार बारिश होने से डीहर से राजपुरा सड़क पर जगह-जगह ल्हासे गिरने से आवाजाही अवरुद्ध हो गई है। बता दें कि शनिवार सुबह से ही क्षेत्र में भारी बारिश हुई।जिसमें गांव डीहर से राजपुरा सड़क पर भूस्खलन हुआ और सड़क जगह -जगह से बंद हो गई है।

सड़क के बंद होने से लगभग 100 से ज्यादा परिवारों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। बता दे कि गांव राजपुरा के लिए एकमात्र सड़क सुविधा है। स्थानीय ग्राम पंचायत डीहर के प्रधान कृष्णा देवी, उप प्रधान रघुवीर सिंह, पूर्व प्रधान डीहर बलदेव सिंह, विजय रागी, बुद्धि सिंह, सुखदेव सिंह,रिटायर्ड कैप्टन पवन ठाकुर एवं अन्य ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग बंगाणा के अधिशासी अभियंता से मांग की है कि स्कूली बच्चों और आम लोगों की समस्या को मध्य नजर रखते हुए जल्द से जल्द मलबे को हटाकर सड़क खोली जाए। ताकि इस समस्या से निजात मिल सके।

लोक निर्माण विभाग बंगाणा के जेई पंकज कुमार ने बताया कि बारिश के चलते हुए भूस्लखन के कारण बंद हुए डीहर से राजपुरा सडक को खोलने के लिए विभाग द्वारा मशीन लगा दी गई है और जल्द ही मार्ग बहाल कर दिया जाएगा।


मलबा और पेड़ सड़क पर आ गिरे, जिस कारण मार्ग अवरुद्ध हो गया।

## भारी बारिश से बेहड़ कांशी में ल्हासे व पेड़ गिरे, सड़क अवरुद्ध

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)**

उपमंडल अंब के तहत बड़ूही-टकारला-पंजोआ-चकसराय मार्ग पर मंगलवार सुबह भारी बारिश के कारण बेहड़ कांशी में बड़े-बड़े लहासे और पेड़ सड़क पर आ गिरे। अचानक गिरे मलबे से मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया और लोगों की आवाजाही रुक गई।गनीमत यह रही कि बारिश के कारण उस समय सड़क पर वाहनों की आवाजाही बेहद कम थी। यदि कोई वाहन मौके पर मौजूद होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने बताया कि तेज बारिश के दौरान पहाड़ी से अचानक जोरदार आवाज के साथ मिट्टी और पेड़ गिरे, जिससे कुछ समय के लिए लोगों में दहशत का माहौल बन गया।

सूचना मिलते ही लोक निर्माण विभाग की टीम मौके पर पहुंची। विभाग ने जेसीबी मशीन की मदद से सड़क पर गिरे मलबे को हटाने का काम शुरू किया और कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद यातायात को सुचारू कर दिया। वहीं, पेड़ों को काटकर किनारे किया गया, जिससे वाहनों की आवाजाही फिर से शुरू हो सकी। स्थानीय लोगों ने विभाग की तत्परता की सराहना की और कहा कि समय रहते सड़क बहाल होने से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिली है। ग्रामीणों ने यह भी मांग की कि बरसात के मौसम में इस मार्ग की नियमित निगरानी की जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

**लोनिवि ने बहाल की यातायात व्यवस्था, लोगों ने जताया आभार**

उल्लेखनीय है कि यह सड़क अंब उपमंडल की कई पंचायतों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है। इसके अवरुद्ध होने से टकारला, पंजोआ, चकसराय सहित आसपास की कई पंचायतों के लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ सकता था। बरसात के मौसम में यहां पर बार-बार लहासे गिरने से लोगों की चिंता बढ़ जाती है।

## धंधड़ी पंचायत के सौ घरों में घुसा पानी

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** उपमंडल अंब की पंचायत धंधड़ी में शनिवार को भारी बारिश ने कहर बरपाया। बारिश से करीब 100 घरों व पशुशालाओं में पानी घुस गया, लगभग 600लोग प्रभावित हुए, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ। पशुशालाओं में रखी तूड़ी व अन्य मवेशी-संबंधी सामान पानी में भीगकर खराब हो गया।

गांव के मदन लाल के घर में टकारला की ओर से आने वाले नाले की निकासी रुक जाने से पानी खेतों से होकर सीधा घर में घुस गया। अचानक हालात बिगड़ने पर परिजन घबराकर घर से बाहर भागे। गनीमत रही कि कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन घर में रखा काफी सामान पानी में डूबकर खराब हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि नालों की सफाई न होने के कारण हालात और बिगड़ जाते हैं। उपप्रधान मदन लाल ने कहा कि पंचायत स्तर पर समस्या का समाधान करने की कोशिश की जा रही है। साथ ही प्रशासन से मांग की जाती है कि जल निकासी के लिए उचित प्रावधान किए जाएं।

## पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीण विकास की राह दिखा रही राजीव गांधी वन संवर्धन योजना

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल सरकार की राजीव गांधी वन संवर्धन योजना पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीण सशक्तिकरण को समर्पित है। इसका उद्देश्य बंजर और अनुपयोगी वन भूमि को हरा-भरा बनाना है, साथ ही स्थानीय समुदायों को रोजगार और आय के अवसर उपलब्ध कराना भी है। प्रदेशभर में योजनाबद्ध तरीके से लागू की जा रही इस योजना में वन प्रबंधन में जनभागीदारी पर खास फोकस है। इसी कड़ी में ऊना जिले में भी योजना का क्रियान्वयन तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।



डीएफओ ऊना सुशील राणा बताते हैं कि इस योजना में पंजीकृत महिला मंडलों, युवक मंडलों, स्वयं सहायता समूहों और अन्य सामुदायिक संगठनों को वनीकरण गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। प्रत्येक समूह को 1 से 5 हेक्टेयर भूमि पर वृक्षारोपण और पांच वर्षों तक उसके रखरखाव की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। वे बताते हैं कि प्रति हेक्टेयर वृक्षारोपण पर समूहों को 1.20 लाख रुपये तक की सहायता दी जाएगी। साथ ही पौधों की जीवित रहने की दर के आधार पर प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। यदि पौधों का 50 प्रतिशत से अधिक सर्वाइवल सुनिश्चित किया जाता है, तो समूह को 1 लाख रुपये अतिरिक्त दिए जाएंगे। ऊना जिले के सभी वन क्षेत्रों (फॉरेस्ट रेंज) में पौधा रोपण का कार्य जारी है और पुराने पौधों के रखरखाव के साथ क्षतिग्रस्त पौधों के स्थान पर नए पौधे लगाए जा रहे हैं।

वहीं, उपायुक्त जतिन लाल का कहना है कि ऊना जिला प्रशासन प्रदेश सरकार की सोच के अनुरूप इस योजना को ज़मीन पर उतार रहा है। युवाओं और स्थानीय समूहों को निरंतर वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके और ग्रामीण आर्थिकी भी मजबूत हो।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस योजना की शुरुआत इस सोच के साथ की है कि यह केवल पर्यावरण संरक्षण तक सीमित न रहे, बल्कि ग्रामीण आत्मनिर्भरता और सामुदायिक सशक्तिकरण की नई राह भी खोले। मुख्यमंत्री की इसी दूरदृष्टि को आगे बढ़ाते हुए योजना को निरंतर विस्तार दिया जा रहा है। सरकार की सोच को लेकर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण और विकास के बीच संतुलन स्थापित कर सतत विकास की मज़बूत नींव रखना भी है।

## कल ऊना में आयोजित होगी भाजपा संगठन की कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाजपा जिला ऊना द्वारा प्रदेश भाजपा के नव नियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास ने बताया कि 25 अगस्त को जिला भाजपा कार्यालय में प्रदेश भाजपा संगठन की कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, कार्यशाला में प्रदेश के नव नियुक्त पदाधिकारी 17 संगठनात्मक जिलों के अध्यक्ष व महामंत्री प्रदेश के 171 मंडलों के मंडल अध्यक्ष इस कार्यशाला में भाग लेंगे जिसमें विशेष रूप से भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री सौदान सिंह जी राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष हिमाचल प्रभारी श्रीकांत शर्मा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर, सह प्रभारी संजय टंडन और प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे।

## महाराज आचुत्य नंद की जयंती धूमधाम से मनाई

**सुदीप सरोच, अनंत ज्ञान**

**मुबारिकपुर।** डेरा बाबा रूद्रानंद अमलैहड़ में कुशा अमावस्या उत्सव व महाराज श्री श्री आचुत्यनंद जी की जयंती बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई इसमें लगभग 15000 के करीब श्रद्धालुओं ने अखंड धून पर लंबी लंबी कतारों में महाराज श्री श्री हेमानंद जी से आशीर्वाद लिया।

इस मौके पर सुरेंद्र शास्त्री जी ने कुशा अमावस्या पर विस्तार से चर्चा की और इस दिन के महत्व पर विस्तार से श्रद्धालुओं को बताया गया कि कुशा लाने का साल में यही शुभ दिन होता है इस दिन विद्वान पंडित निर्वस्त्र होकर जंगल से कुशा उखाड़ते हैं। उन्होंने बताया कि इस पवित्र कुशा का उपयोग जन्म से लेकर मरने तक होता है।

महाराज जी ने बताया कि सदा भजन करना चाहिए रसोई में जूते पहनकर नहीं जाना चाहिए शाम को प्रभु का सिमरन करना चाहिए कुशा का पानी पीने से अनेकों रोगों से निजात मिलती है इस मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने धूने पर शीश नवाया और अटूट लंगर ग्रहण किया।


अमलैहड़ आश्रम में पहुंची श्रद्धालुओं की भीड़

## विधायक विवेक ने वितरित किए स्प्रे पंप और मशीनें

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने क्षेत्र के विकास और ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया। उन्होंने पंचायत डीहर, थानाकलां और दोबड़ के कुल 170 परिवारों को कृषि कार्यों के लिए स्प्रे पंप और मशीनें प्रदान कीं। इसमें 120 परिवारों को स्प्रे पंप और 50 परिवारों को मशीनें दी गईं। खंड विकास भवन बंगाणा में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और विधायक का आभार व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि उनका उद्देश्य कुटलैहड़ की गरीब और मध्यम वर्गीय जनता की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार और उनके निजी प्रयासों से किसानों, मजदूरों और छोटे व्यवसायियों के हित में विभिन्न योजनाएं धरातल पर लाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि खेती-बाड़ी से जुड़े परिवारों को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराना आवश्यक है ताकि उनकी आय में वृद्धि हो और जीवन स्तर में सुधार आए। विधायक ने यह भी उल्लेख किया कि वे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मल्टी टास्क वर्करों को भी सम्मानित कर चुके हैं क्योंकि ये कर्मचारी समाज में जमीनी स्तर पर सेवा कर रहे हैं।


कुटलैहड़ की 3 पंचायतों के 170 परिवारों को स्प्रे पंप और मशीनें आवंटित कीं।

विवेक शर्मा ने बताया कि बीते एक वर्ष में क्षेत्र में सड़क, बिजली और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। साथ ही, युवाओं को कृषि और बागवानी में स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आधुनिक उपकरण वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें।

कार्यक्रम में एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार, कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि विधायक के प्रयासों से भविष्य में भी इसी तरह की योजनाएं जारी रहेंगी।

## ब्रह्माकुमारी आश्रम में रक्तदान


एसडीएम सचिन शर्मा रक्तदान शिवर का शुभारंभ करने के पश्चात संबोधित करते हुए।

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारी आश्रम, अंब की ओर से एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ एसडीएम अंब, सचिन शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. किरण ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में क्षेत्र के कई सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। टाईडी एंड सोबर टुमारो फाउंडेशन के फाउंडर सुरेश भारद्वाज ने बताया कि हमारी संस्था की तरफ से 20 रक्तदानियों ने इस रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया सीमा धीमान, विजय कुमार, रवि दत्त, अनिल, पंकज इत्यादि एसडीएम सचिन शर्मा ने अपने संबोधन में संस्था के इस प्रयास की सराहना की।

रक्तदान शिवर में 50 रक्तदानियों ने रक्तदान किया था। शिविर के अंत में रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र और धन्यवाद पत्र भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी आशा, रीता व हरजीत विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## अनदेखी बंगाणा बाजार में बरसाती पानी की निकासी न होना बड़ी समस्या, व्यापार मंडल की भी नहीं हो रही सुनवाई

# बदहाल व्यवस्था : हर बारिश के बाद हो रहा कराड़ों रुपए का नुकसान

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** उपमंडल मुख्यालय बंगाणा, जिसे कुटलैहड़ क्षेत्र की राजधानी कहा जाता है, आज अपनी बदहाल व्यवस्था और लापरवाही भरे प्रशासनिक रवैये के कारण गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। भारी बारिश के दिनों में यहां की अव्यवस्थित निकासी व्यवस्था और नालियों पर हुए अवैध कब्जों ने स्थिति और भयावह बना दी है। यदि समय रहते प्रशासन ने ठोस कदम न उठाए, तो बंगाणा का हाल प्रदेश के मंडी शहर जैसा हो सकता है, जहां थोड़ी-सी बरसात में बाजार डूब जाता है और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है।

भारी बारिश के दौरान सबसे बड़ी समस्या ईको पार्क बंगाणा से लगी नालियों की निकासी व्यवस्था में सामने आती है। रेस्ट हाउस बंगाणा से लेकर हिमुडा कॉलोनी तक फैला पानी सीधे बाजार की ओर बह जाता है और दुकानों व मुख्य मार्गों को तहस-नहस कर देता है। बार-बार पानी भरने से यहां के दुकानदारों को भारी नुकसान झेलना पड़ता है।


बंगाणा बाजार में स्थित दुकान में घुसा बरसात का पानी।

व्यापार मंडल बंगाणा कई बार लोक निर्माण विभाग मंडल बंगाणा को इस समस्या से अवगत करा चुका है, लेकिन विभाग ने आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला। बंगाणा बाजार की नालियों पर जगह-जगह अवैध कब्जे भी प्रशासन की नाकामी को उजागर करते हैं। कई दुकानदारों और लोगों ने नालियों को ढककर अपने निर्माण कर लिए हैं। नतीजतन, पानी की निकासी बाधित हो जाती है और बारिश का पानी सड़क पर फैलकर लोगों व वाहनों के लिए खतरा बन जाता है। इससे न सिर्फ बाजार का स्वरूप बिगड़ रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ रहा है।

देशभर में स्वच्छ भारत अभियान पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन बंगाणा मुख्यालय पर आज भी सुलभ शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं है। बंगाणा मुख्यालय पर उपमंडलाधिकारी कार्यालय सहित 13 विभागीय सरकारी दफ्तर संचालित हो रहे हैं। रोजाना हजारों लोग इन कार्यालयों में अपने कार्यों के लिए आते हैं, लेकिन सुविधाओं के नाम पर यहां कुछ भी उपलब्ध नहीं है।

व्यापार मंडल बंगाणा कई बार लिखित और मौखिक तौर पर लोक निर्माण विभाग और प्रशासन को चेतावनी दे चुका है कि यदि जल्द ही निकासी व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया गया, तो बड़े हादसे हो सकते हैं, लेकिन अभी तक प्रशासन ने इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाए। व्यापारी वर्ग का कहना है कि उनका धंधा बार-बार पानी भरने और अव्यवस्था के कारण प्रभावित हो रहा है, और अगर हालात नहीं सुधरे, तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

बंगाणा बाजार और इसके आसपास के लोग प्रशासन की इस अनदेखी से नाराज हैं। उनका कहना है कि चुनावों के दौरान नेता बंगाणा को मॉडल टाउन बनाने के वादे करते हैं, लेकिन चुनाव बीतते ही सब भूल जाते हैं।

### अवैध कब्जों पर चलेगा पीला पंजा : सोनू गोयल

कुटलैहड़ की राजधानी बंगाणा बाजार में अवैध कब्जा धारकों के लिये बुरी खबर है। बंगाणा प्रशासन ने साफ कर दिया है कि 15 सितंबर के बाद अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू होगी। उपमंडल बंगाणा के उपमंडलाधिकारी (नागरिक) सोनू गोयल ने जानकारी दी कि माननीय हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में यह कदम उठाया जा रहा है। प्रशासन की ओर से पहले पूरे बंगाणा बाजार की निशानदेही की जाएगी, और उसके बाद बुलडोजर चलाकर अवैध कब्जों को हटाया जाएगा।

## व्यावसायिक सीटों पर प्रवेश 30 तक

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) पंडोगा में शैक्षणिक सत्र 2025-26/27 के लिए कुछ प्रमुख व्यवसायों में सीमित सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संस्थान के प्रधानाचार्य बीएस ढिल्लों ने जानकारी दी कि ड्राफ्टसमैन मैकेनिकल, इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी सिस्टम मेंटेनेंस तथा फैशन डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी ट्रेड्स में इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया 30 अगस्त तक जारी रहेगी, इसलिए योग्य अभ्यर्थी निर्धारित समय के भीतर आवेदन सुनिश्चित करें। आवेदन करते समय उम्मीदवारों को अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, फीस तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी किसी भी कार्यदिवस में संस्थान कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए निम्नलिखित संपर्क नंबरों 94595-71561, 82195-88540, 98052-42536, 94598-92168 पर सहायता ली जा सकती हैं।

# लगघाटी में सड़कें टूटी तो काम आया देसी जुगाड़, तार स्पेन से निकाली गाड़ियां

## बादल फटने के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त, कई गांवों का जिला मुख्यालय से टूटा संपर्क

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**कुल्लू।** जिला कुल्लू की लगघाटी में सड़कें टूटने के कारण फंसे वाहनों को निकालने के लिए देसी जुगाड़ काम आया है। घाटी की मानगढ़ पंचायत के जकड़ेल गांव में आतू राम व अन्य कुछ लोगों ने अपनी फंसी हुई गाड़ियों को तार स्पैन के माध्यम से सड़क के दूसरी ओर निकाला है।

वाहनों को इस तरह से स्पेन के माध्यम से निकालने की वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। सनद रहे कि जिला कुल्लू में बीते दिनों भारी बारिश और बादल फटने से आई बाढ़ ने जगह जगह तबाही मचाई है। कई सड़कें भूस्खलन से जहां क्षतिग्रस्त हुई हैं तो कुछ जगह सड़कों व रास्तों को बाढ़ बहा ले गई है। ऐसी स्थिति में वाहनों की आवाजाही तो दूर लोगों को भी एक जगह से दूसरी जगह तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। लगघाटी में भी पिछले दिनों बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है। घाटी में अभी तक जनजीवन अस्त-व्यस्त है। लगघाटी की ग्राम पंचायत मानगढ़ और जकड़ेल गांव में सड़कों को भारी नुकसान पहुंचा है। बरसात से नागूझौड़-दोघरी-समाणां सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। ऐसे में अब हालात यह हैं कि ग्रामीणों को अपने वाहनों को सड़क तक लाने के लिए भी मशक्कत करनी पड़ रही है। सड़क पर फंसी गाड़ियों को लोग अब तार स्पेन के सहारे एक किनारे से दूसरी ओर ले जाने का जोखिम उठा रहे हैं।

बता दें कि भारी बारिश की वजह से नागूझौड़-दोघरी-समाणां सड़क का बड़ा हिस्सा लैंडस्लाइड में टूट गया है जिसकी वजह से ये सड़क पिछले 4 दिनों बंद पड़ी है।



### कुछ लोग बता रहे सरकार की नाकामी

**इसका** वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया में लोग इस तकनीक को जुगाड़ का नाम भी दे रहे हैं। कुछ लोग इसे सरकार की नाकामी भी बता रहे हैं कि इतने दिन बीतने के बाद भी लगघाटी की सड़कों में कोई सुधार प्रशासन और सरकार नहीं कर पाई है।

# सड़क धंसने से फंसी निजी बस, बाल-बाल बची सवारियां

## मणिकर्ण घाटी के छन्नी खोड में खाई में गिरने से पेश आ सकता था बड़ा हादसा



मणिकर्ण घाटी के छन्नी खोड में सड़क धंसने से फंसी निजी बस।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

**जिला** कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के छन्नी खोड में सड़क अचानक से धंस गई और एक निजी बस वहां पर फंस गई। गनीमत यह रही कि बस नीचे खाई की और नहीं लुढ़की वरना बड़ा हादसा भी पेश आ सकता था। सड़क के अचानक धंसने से बस में बैठी सवारियों में भी हड़कंप मच गया और सवारियां चीखने चिल्लाने लगी। ऐसे में सभी सवारियों को तुरंत बस से बाहर निकाला गया। अब निजी बस को वहां से निकालने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं सड़क धंसने के चलते दोनों और वाहनों का भी लंबा जाम लग गया है।

जानकारी के अनुसार निजी बस मणिकरण से भुंतर की ओर आ रही थी। छन्नी खोड में बीते दिनों हुई भारी बारिश के चलते सड़क काफी बुरी हालत में थी और जैसे ही बस यहां से गुजरी तो अचानक सड़क धंस गई। इसी बीच बस भी वहां पर फंस गई और एक किनारे पर लटक गई। ऐसे में तुरंत सभी सवारियों को बाहर निकाला गया। उधर, जिला परिषद सदस्य रेखा गुलेरिया ने कहा है कि इस सड़क की हसल्ट खराब है और जहां पर आज हादसा पेश आया यहां हमेशा खतरा बना रहता है। उन्होंने कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह पर निशाना साधते हुए कहा है कि कहां गया इस सड़क के लिए आया पैसा। कहां गया लाडा का पैसा। मणिकर्ण घाटी की सड़कों की हालत खस्ता है। इसके अलावा लोगों को कई दिक्कतें पेश आ रही हैं लेकिन कुल्लू विधायक से जब जनता की दिक्कतों को लेकर आवाज उठाते हैं तो वह एफआईआर करवा देते हैं। उन्होंने कहा कि विधायक जानबूझकर कर मणिकर्ण घाटी और जिला परिषद बरशैणी वार्ड की जनता के साथ भेदभाव कर रहे हैं। जिसका खामियाजा जनता को झेलना पड़ रहा है।

### सीमेंट से भरा ट्रक पलटा, जानी नुकसान नहीं

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कुल्लू-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार शाम को एक बड़ा हादसा हुआ। रायसन कैच फैक्ट्री के पास सीमेंट से भरा एक ट्रक पलट गया। हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया। ट्रक की पहचान संख्या एचपी 11 7647 के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक कुल्लू के सेउबाग से ही खतरनाक तरीके से चल रहा था। चालक नशे की हालत में दिखाई दे रहा था। कुछ लोगों ने चालक के खतरनाक ड्राइविंग का वीडियो भी बना लिया था। स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक को ट्रक से बाहर निकाला गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद कुछ समय तक सड़क यातायात बाधित रहा। फिलहाल वन-वे ट्रैफिक चालू है।



# केंद्र सरकार के जीएसटी सुधार से आम जनता को महंगाई से मिलेगी राहत : गोविंद सिंह ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

केंद्र सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के ढांचे में ऐतिहासिक सुधार किए हैं, जो आम जनता को राहत देने के साथ-साथ भारतीय अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक होंगे। यह बात भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कुल्लू में प्रेस वार्ता के दौरान कही।

उन्होंने बताया कि 12 और 28 फीसद के स्लैब खत्म कर केवल 5 और 18 फीसद दरें लागू की गई हैं। इससे टूथपेस्ट, साबुन, तेल, दवाइयां, नमकीन, स्नैक्स, बर्तन, सिलाई मशीन और कृषि उपकरण जैसे रोज़मर्रा के सामान अब सस्ते मिलेंगे। 28 फीसद श्रेणी में शामिल 90त्न उत्पाद अब 18 फीसद पर उपलब्ध होंगे, जिससे टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, रेडी-मिक्स कंक्रीट जैसे सामान लगभग 10 प्रतिशत सस्ते होंगे।

पूर्व मंत्री ने कहा कि इस सुधार से किसानों, छोटे उद्योगों और एमएसएमई क्षेत्र को विशेष लाभ होगा। कृषि मशीनरी और सोलर वॉटर हीटर पर टैक्स घटने से उत्पादन लागत कम होगी और आय बढ़ेगी। एमएसएमई सेक्टर को सस्ता कच्चा माल मिलने से रोजगार के नए अवसर बनेंगे और मेक इन इंडिया तथा आत्मनिर्भर भारत को गति मिलेगी।

उन्होंने यह भी बताया कि विलासिता की वस्तुओं पर 40 फीसद कर प्रस्तावित कर सरकार ने सामाजिक न्याय और समानता का संदेश दिया है।



वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर पत्रकारवार्ता करते हुए।

### कांग्रेस की सरकारें टालती रहीं टैक्स सुधार

**पूर्व** मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कांग्रेस सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले की सरकारें टैक्स सुधारों को टालती रहीं, जबकि मोदी सरकार ने साहसिक निर्णय लेकर जनता का बोझ कम करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में कभी इतना साहस नहीं दिखाया गया कि विलासिता की वस्तुओं पर 40 फीसद टैक्स लगाकर गरीब और मध्यम वर्ग को राहत दी जाए।

# राष्ट्रीय राजमार्ग बना परेशानी का सबब : भुवनेश्वर गौड़

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

**विधायक** भुवनेश्वर गौड़ ने विधानसभा मानसून सत्र के दौरान मनाली और निचले क्षेत्रों में बने राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण अव्यवस्थित ढंग से हुआ है, जिससे क्षेत्र के लोगों को परेशानी हो रही है। विधायक गौड़ ने कहा कि सड़क मार्ग में जाम की वजह से बागबानों के उत्पाद सड़ रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग को आपदा कहना चाहिए, क्योंकि इससे क्षेत्र के लोगों को परेशानी हो रही है।

विधायक गौड़ ने कहा कि वह अपनी जनता की समस्याओं को मजबूती से सदन के पटल पर रखेंगे और उनकी आवाज़ को बुलंद करेंगे। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही उनका धर्म है और जनहित ही उनका संकल्प है। वह हमेशा अपनी जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। विधायक गौड़ के इस बयान से क्षेत्र के लोगों में उम्मीद जगी है कि वह उनकी समस्याओं को हल करने के लिए काम करेंगे। लोगों ने विधायक गौड़ के इस कदम की सराहना की है और उम्मीद की है कि वह क्षेत्र के विकास के लिए काम करेंगे। विधायक गौड़ ने कहा कि वह अपनी जनता के विश्वास और समर्थन के साथ काम करेंगे और क्षेत्र की समस्याओं को हल करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।



**बागवानों की उपज सड़ रही, जाम से बढ़ा संकट**

# माता सिंहासनी ने धूप पीने की परंपरा निभाई

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** हर साल की भांति इस वर्ष भी बड़ाग्रां की आराध्य देवी माता सिंहासनी अपने पूरे लाव-लश्कर के साथ 15 मील पहुंचीं और धूप पीने की परंपरा का निर्वहन किया। यह आयोजन बड़ाग्रां शाउण मेले के उपरांत किया जाता है, जिसमें क्षेत्र के लोग श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लेते हैं।

**श्रद्धालुओं ने भक्ति व उत्साह से लिया आशीर्वाद**

माता सिंहासनी के आगमन पर मंदिर कमेटी और स्थानीय ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। गांव की महिलाओं ने माता को धूप पिलाई और श्रद्धालुओं ने माता से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर ब्रह्मभोज का आयोजन भी हुआ, जिसमें भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया। पूरे क्षेत्र में माता सिंहासनी के आगमन से श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना रहा। लोगों ने माता की पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। यह आयोजन क्षेत्र की धार्मिक व सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है।

# गैस वितरण वाहनों पर लाउडस्पीकर लगाएं गैस एजेंसियां : अरविंद शर्मा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

- **कहा- वितरण वाहनों में भारतोलक मशीनें उपलब्ध कराना होगा जरूरी**
- **नियम तोड़ने पर होगी कड़ी कार्रवाई**

**जिला** नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले अरविंद शर्मा ने कहा कि जिला दंडाधिकारी कुल्लू द्वारा हिप्र जमाखोरी एवं मुनाफाखोरी उन्मूलन आदेश, 1977 के प्रावधान के तहत घरेलू गैस सिलेण्डरों की भाड़ा दरें निर्धारित की गई हैं। अधिसूचना के अनुसार समस्त गैस एजेंसियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति/बिक्री के समय वितरण वाहन पर लाउडस्पीकर के माध्यम से उपभोक्ताओं को सूचना दी जाए। इससे उपभोक्ता पहले से ही अधिसूचित फोकल प्वाइंट पर खाली सिलेण्डर लेकर तैयार रह सकेंगे और गैस एजेंसी के स्टाफ व उपभोक्ताओं दोनों का समय बचेगा।

जिला नियंत्रक ने बताया कि उपभोक्ताओं एवं संस्थाओं द्वारा शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि अनेक गैस एजेंसियां इस प्रावधान की अवहेलना कर रही हैं, जिससे उपभोक्ताओं को कठिनाई झेलनी पड़ रही है। माननीय विधानसभा समितियों द्वारा भी इस विषय पर उपभोक्ता सुविधा को ध्यान में रखते हुए वितरण वाहनों पर लाउडस्पीकर लगाने के निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने कहा कि सभी गैस एजेंसियों को वितरण वाहनों में लाउडस्पीकर लगवाना अनिवार्य है। उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेण्डर विक्री का कैश मेमो अवश्य दिया जाए, जिसमें सिलेण्डर का मूल्य व भाड़ा दरें स्पष्ट रूप से अलग-अलग अंकित हों। वितरण वाहन में भारतोलक मशीनें उपलब्ध करवाई जाएं, ताकि उपभोक्ता मौके पर ही सिलेंडर का वजन जांच सकें। जिला नियंत्रक ने कहा कि शीघ्र ही खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले और माप-तोल विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वाली गैस एजेंसियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 50 लोगों ने रक्तदान कर किया पुण्यदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** विश्व बंधुत्व दिवस और राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कुल्लू में विशाल रक्तदान अभियान 2025 का आयोजन किया गया। ब्रह्माकुमारीज एवं समाज सेवा प्रभाग कुल्लू द्वारा सर्किट हाउस के नजदीक ब्रह्माकुमारी आश्रम में शनिवार को एकदिवसीय रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एएसपी संजीव चौहान ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में आईटीबीपी, आईटीआई, एनएसएस और अन्य संस्थाओं के सदस्यों सहित कुल 50 लोगों ने रक्तदान किया। ब्रह्माकुमारीज एवं समाज सेवा प्रभाग ने रक्तदाताओं के लिए जलपान और प्रशस्ति पत्र की व्यवस्था की। जिला कुल्लू रक्त संग्रहालय की टीम ने भी सहयोग प्रदान किया। इसके अलावा सामाजिक संस्था री इमेजिन जिंदगी और रोटरी क्लब कुल्लू के संयुक्त तत्वाधान में शिविर सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। शिविर ने न केवल रक्तदान को बढ़ावा दिया बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत किया।

### 25 को होने वाली बाइकों की नीलामी रद्द

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काज़ा।** पुलिस स्टेशन काज़ा में 25 अगस्त को मोटरसाइकिलों की नीलामी की जानी थी। जिसे किन्हीं प्रशासनिक कारणों के कारण रद्द कर दिया गया है। नीलामी के लिए अभी कोई तारिख तय नहीं हुई है। यह जानकारी पुलिस उप-अधीक्षक काज़ा अजय भारद्वाज ने दी।

### बिनन गांव के दो भाई एमबीबीएस में चयनित

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान, आनी।** जिला कुल्लू की बाह्य सराज घाटी आनी के बिनन गांव के दो सगे भाइयों ने एमबीबीएस में चयनित होकर अपने माता-पिता सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। किसान परिवार से संबंध रखने वाले इन दोनों प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने कठिन मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल की है। प्रथम ठाकुर का चयन राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा के लिए हुआ है, जबकि छोटे भाई आदित्य ठाकुर का चयन लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक में हुआ है। दोनों भाइयों की प्रारंभिक पढ़ाई एसवीएम आनी से हुई, जबकि छठी से 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल, कुल्लू से पूरी की। शुरू से ही प्रथम और आदित्य पढ़ाई में अव्वल रहे। उनकी इस उपलब्धि से समूचे क्षेत्र में खुशी की लहर है और वे दूसरे विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गए हैं। पिता मोहन ठाकुर बागबानी से जुड़े हैं और माता किरण ठाकुर गृहिणी हैं। परिजनों ने बताया कि प्रथम ने नीट परीक्षा की तैयारी शिमला में कोचिंग लेकर की, वहीं आदित्य ने बिना कोचिंग लिए ही अपने पहले प्रयास में नीट परीक्षा उत्तीर्ण की।गांव और क्षेत्र के लोगों ने इस उपलब्धि पर दोनों छात्रों व उनके माता-पिता को बधाई दी है।



### वन अधिकार अधिनियम पर लगा प्रशिक्षण शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रावधानों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बहुउद्देश्यीय भवन में एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट की अध्यक्षता में किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण लोगों, जनप्रतिनिधियों तथा वनाधिकार समितियों के सदस्यों को अधिनियम से संबंधित अधिकारों एवं प्रावधानों की प्रति जागरूक एवं जानकारी देना था। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को वन भूमि पर व्यक्तिगत तथा सामुदायिक अधिकारों, सामुदायिक वन संरक्षण का अधिकार, पारंपरिक वनवासियों के अधिकारों, ग्राम सभा की भूमिका तथा दावों के निपटारे की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अतिरिक्त वन अधिकार समिति के गठन व कार्यशैली सहित ग्राम सभाओं व साझी ग्राम सभाओं के गठन व बैठकों के बारे मे विस्तार से चर्चा की गई। उपमंडलाधिकारी लक्ष्मण कनेट ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम से वन वासियों को सशक्त बनाने और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को अधिनियम के अंतर्गत मिलने वाले अधिकारों का सही और पारदर्शी उपयोग करने का आह्वान किया गया।शिविर में जिला पंचायत अधिकारी डीआर ठाकुर सहित नग्गर, कुल्लू और भुंतर ब्लॉक के पंचायत सचिव, पटवारी, वन रक्षक एवं विभागीय अधिकारी शामिल हुए।

# कटराईं पंचायत के जटेहड़ बिहाल में पानी के 'जायरु' की हो रही दुर्दशा

मोहन कपूर, अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** ग्राम पंचायत कटराईं के अंतर्गत जटेहड़ बिहाल में पीने के पानी के स्रोत की दुर्दशा से स्थानीय लोग खासे नाराज हैं। एचपीएमसी कैंपस के साथ पीने के पानी के प्राकृतिक स्रोत पर दूसरे राज्यों से सेब सीजन में काम करने आए लोगों ने कब्जा जमा रखा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि फल सीजन के दौरान दूसरे राज्यों से सब्जी मंडी में काम करने के लिए आने वाले प्रवासी श्रमिकों ने पीने के पानी के जायरु को बाथरूम बना दिया है। दर्जनों लोग यहां नहाने तथा कपड़े धोने के लिए पहुंच जाते हैं जिसकी वजह से पीने के पानी का यह स्रोत प्रदूषित हो रहा है।

लोगों ने बताया कि यहां नहाने बाले लोगों की बजह से पानी भरने के लिए उन्हें काफी लंबा इंतजार करना पड़ता है जिस कारण स्थानीय लोगों खासकर महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि स्थानीय महिलाएं तो अब इस जायरु पर आने से भी गुरेज करने लगी हैं । वार्ड नंबर 4 की वार्ड पंच इंदु ने बताया कि यह पानी केबल पीने में उपयोग के लिए है । लैब टेस्ट के दौरान इस पानी की गुणवत्ता उत्तम स्तर की आंकी गई है, इसीलिए आसपास के अन्य गांव के बहुत से लोग यहां से पानी भरकर अपने-अपने घरों को ले जाते हैं । इस स्थान पर नहाने तथा कपड़े धोने की सख्त मनाही का सूचना पट भी लगाया गया है फिर भी लोग यहां गंदगी फैलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। ग्राम पंचायत कटराईं की प्रधान गीता ठाकुर के ध्यान में इस मामले को लाए जाने पर उन्होंने कहा ,यहां नहाने और कपड़े धोने पर मनाही के बावजूद बाहरी राज्यों से आए प्रवासी श्रमिक इन आदेशों को नहीं मान रहे हैं । उन्होंने बताया कि पंचायत द्वारा शीघ्र ही यहां गंदगी फैलाने तथा नहाने और कपड़े धोने वालों पर सख्त कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया जाएगा। पंचायत प्रधान गीता ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राकृतिक स्रोत के जीर्णोद्धार हेतु 200000 रुपये की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है परंतु किसी तकनीकी कारण की वजह से इस पर कार्य शुरू नहीं हो पाया है , उन्होंने शीघ्र ही यहां काम शुरू होने की बात कही।



**प्रवासियों ने पीने के पानी के जायरु को बना डाला स्नानागार**

# वंशिका मिस व अभिषेक चुने मिस्टर फ्रेशर

## हरिपुर कॉलेज में विज्ञान व वाणिज्य विभाग की फ्रेशर पार्टी का आयोजन

अनंत ज्ञान, मनाली

**राजकीय** महाविद्यालय हरिपुर मनाली में विज्ञान एवं वाणिज्य विभाग के नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के स्वागत हेतु रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शेफाली रही, जिन्होंने सरस्वती दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने एकल गीत, सामूहिक गीत, एकल नृत्य एवं सामूहिक नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दीं। फ्रेशर्स पार्टी में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों में से मिस फ्रेशर वंशिका (वाणिज्य विभाग) और मिस्टर फ्रेशर अभिषेक चुने गए। मिस पर्सनैलिटी शांतिका, मिस्टर पर्सनैलिटी सुमित, मिस कॉन्फिडेंस आर्यिका तथा मिस्टर कॉन्फिडेंस वृजेश रहे।

प्राचार्या डॉ. शेफाली ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास भी महाविद्यालयीन जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। इस अवसर पर प्रो. कश्मीर, प्रो. राम सिंह, प्रो. दिनेश, प्रो. इंदु ठाकुर, प्रो. साक्षी, प्रो. देचेन, प्रो. प्रियंका, प्रो. अभिषेक आनंद एवं प्रो. शिवम सहित समस्त शिक्षण व गैर-शिक्षण स्टाफ उपस्थित रहा।



मिस व मिस्टर फ्रेशर चुने गए विद्यार्थियों के साथ अन्य।

# नए केंद्र के निर्माण और भवन शिफ्टिंग पर चर्चा



मतदान केंद्रों के युक्तिकरण को लेकर आयोजित बैठक के दौरान डीसी कुल्लू व अन्य।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला में मतदान केंद्रों के युक्तिकरण संबंधित प्राप्त सुझावों और आपत्तियों तथा विद्यमान मतदान केंद्रों में आवश्यक संशोधनों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी (उपायुक्त) तोरुल एस. रवीश की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित उच्च शिक्षा तथा प्रारम्भिक शिक्षा और निर्वाचन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने बताया कि जिला के मनाली विधान सभा क्षेत्र से 7 नये मतदान केंद्र निर्माण, एक मतदान केंद्र के भवन को बदलने तथा एक मतदान केंद्र को शिफ्ट करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि कुल्लू विधान सभा क्षेत्र में 1 नये मतदान केंद्र निर्माण का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। इसी तरह बंजार विधान सभा क्षेत्र से एक नये मतदान केंद्र निर्माण तथा एक मतदान केंद्र के भवन को बदलने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। आनी विधान सभा क्षेत्र से भी एक नये मतदान केंद्र निर्माण का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। बैठक में ज़िला से प्राप्त सभी प्रस्तावों मतदान केंद्र निर्माण, मतदान केंद्र के भवन और मतदान केंद्र को शिफ्ट करने पर चर्चा की गई।

**मरम्मत** एसएमसी ने प्रस्ताव पारित कर पीडब्ल्यूडी को राशि की स्थानांतरित

# दस लाख से होगी कुंगश स्कूल भवन की मरम्मत

अनंत ज्ञान, आनी

**आनी** खंड की वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुंगश का 40 वर्ष पुराना मरम्मत को तरसा हुआ है। भवन की हालत जर्जर हो गई है। स्कूल प्रबंधन समिति ने प्रस्ताव पारित कर भवन की मरम्मत के लिए 10 लाख रुपये की राशि लोक निर्माण विभाग की कार्यकारी एजेंसी को स्थानांतरित करने की अनुशंसा की है। पुराने डिजाइन से बना यह भवन पत्थर और लकड़ी से निर्मित है तथा कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो चुका है। छत की स्थिति बेहद खराब है, जिसके लिए पहले 36 लाख रुपये का एस्टीमेट भेजा गया था।

फिलहाल स्वीकृत बजट से छत का आंशिक कार्य और मरम्मत शुरू की जाएगी, जबकि भवन की संपूर्ण मरम्मत के लिए अतिरिक्त लाखों रुपये की आवश्यकता होगी। समिति ने सरकार से शीघ्र अतिरिक्त बजट जारी करने की मांग रखी है। स्कूल भवन की भूमि अभी शिक्षा विभाग के नाम नहीं है,जमीन का स्वामित्व शिक्षा विभाग को स्थानांतरित होगा। प्रबंधन समिति ने बताया कि स्कूल भवन जिस जमीन पर बना है, उसका स्वामित्व अभी शिक्षा विभाग के नाम नहीं है।

इस संबंध में निर्णय लिया गया है कि फॉरेस्ट विभाग और लोक निर्माण विभाग का संयुक्त निरीक्षण कर जमीन के स्वामित्व की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। स्कूल भवन की करीब 9 बीघा भूमि विभाग के नाम की जानी है। बैठक में यह भी चिंता व्यक्त की गई कि छात्रों की उपस्थिति संतोषजनक नहीं है। समिति ने तय किया कि आगामी शिक्षा संवाद कार्यक्रम के दौरान सभी अभिभावकों को बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए सख्त निर्देश दिए जाएंगे, ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो।

नवनियुक्त प्रधानाचार्य प्रबोध ठाकुर ने कहा कि वे स्कूल के विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें और स्कूल प्रबंधन का सहयोग करें।

इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष रंजू कायथ, सचिव प्रबोध ठाकुर, रविंद्र कुमार, सरणदास, प्रेम कुमार, सीमा देवी, गुड्डू राणा, जगदीश, मीना देवी, हेमू देवी, रंजना देवी, मैना, शिक्षक उमाशंकर दीक्षित, वेद प्रिया जंबाल, डालमिया ठाकुर और गुलाब ठाकुर उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान चर्चा करते हुए।

**छात्रों की कम हाजिरी पर प्रबंधन समिति ने जताई चिंता**

## न्यूज ब्रीफ

### तेज रफ्तार ट्रक ने छात्रा को कुचला, मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** कालाअंब-नारायणगढ़ रोड पर शुक्रवार सुबह दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। सेंट फ्रांसिस स्कूल के सामने सड़क पार कर रही 10 वर्षीय राध्या कुमारी को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चश्मदीदों ने बताया कि हादसा इतना भीषण था कि बच्ची की मौत मौके पर ही हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर तुरंत भाग निकला

बच्ची की मौत से गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। काफी देर तक यातायात बाधित रहा। पुलिस अधिकारियों के मौके पर पहुंचने और लोगों को शांत करने के बाद स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सका। कालाअंब (हरियाणा) चौकी प्रभारी तेजेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक बच्ची राध्या कुमारी की उम्र लगभग 11 साल थी। ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

### सोलन में बौद्धिक संपदा अधिकार पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन में महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ इकाई द्वारा महाविद्यालय के शिक्षक वर्ग और तृतीय वर्ष के सभी विद्यार्थियों के लिए बौद्धिक संपदा अधिकार पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर मनीषा कोहली ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। डॉक्टर कोहली ने प्रतिभागियों के साथ हिमाचल प्रदेश का पारंपरिक ज्ञान संस्कृति और जातीयताओं का बहरूप दर्शन विषय पर अपने बहुमूल्य विचार साझा किए । डॉक्टर कोहली ने पारंपरिक ज्ञान तथा समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा जैव विविधता के निरंतर हो रहे ह्रास पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की तथा इसके संरक्षण के लिए विभिन्न सुझावों के साथ सभी प्रतिभागियों से इसके संरक्षण पर बल देने का पुरजोर अनुरोध किया । इसी कार्यशाला की दूसरे सत्र में जेपी यूनिवर्सिटी वाकाना घाट की डॉक्टर हेमंत सूद ने संसाधन व्यक्ति के रूप में बौद्धिक संपदा अधिकार प्रबंधन और व्यवसायीकरण पर चर्चा की डॉ हेमंत ने बौद्धिक संपदा अधिकार के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट और भौगोलिक संकेतकों तथा उनकी भौगोलिक पहुंच तथा भारतीय पेटेंट अधिनियम पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। अंत में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ इकाई के समन्वयक डॉक्टर अनिल ठाकुर ने मुख्य अतिथि और संसाधन व्यक्तियों तथा सभी प्रतिभागियों का इस कार्यशाला में भाग लेने के लिए धन्यवाद किया। इस कार्यशाला में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ इकाई के सभी सदस्य तथा महाविद्यालय के अन्य सभी प्राध्यापक गण मौजूद रहे।

### 'एक प्रयास ट्रस्ट' ने विद्यार्थियों को दी स्टेशनरी



**अनंत ज्ञान, बद्दी।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला झाड़माजरी में शनिवार को बद्दी की एक प्रसिद्ध सामाजिक संस्था एक प्रयास ट्रस्ट द्वारा 200 छात्रों की स्टेशनरी वितरित की गई। जिसका शुभारंभ बी.डी.सी. सदस्य भटौली कलां ने किया। उन्होंने ट्रस्ट के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि बी.बी.एन. प्रदेश का सबसे बड़ा औधोगिक नगर है। यहां पर स्थापित उद्योग अगर अपने सामाजिक दायित्व का सही निर्वाहन करे तो बी.बी.एन. का नक्शा ही बदल जाए और किसी नेता या सरकार के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं रहेगी। एक आदर्श औधोगिक नगर बन जाएगा। इसलिए अन्य संस्थाओं और उद्योगों को सामाजिक कार्य करने के लिए आगे आना होगा।एक प्रयास ट्रस्ट के अध्यक्ष नवीन शर्मा ने कहा कि वह अपने ट्रस्टियों के माध्यम से ऐसे पुनीत कार्यों को समय समय पर करते रहते है उन्होंने स्कूल को पंखे देने को भी कहा। स्कूल की केंद्राध्यक्ष नीलम कुमारी ने ट्रस्ट के इस कार्य के लिए आभार जताया तथा भविष्य में भी सहयोग देने के लिए कहा। निलम ने कहा कि इस स्कूल की पांच कक्षाओं में 900 से अधिक छात्र छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे है। अधिक संख्या हो के चलते बहुत समस्याएं हैं। उन्होंने मंच से उन उद्योगपतियों के आभार जताया, जिन्होंने आधे बोल पर स्कूल की सहायता की। इस अवसर पर बी.डी.सी. मेम्बर पुष्पिंदर कौर, नवीन शर्मा, राजेश शर्मा, लोकेश दत्ता, डिम्पल शर्मा, बलबीर सिंह, यादवेंद्र बंटी,अर्जुन सिंह और अन्य ट्रस्टी मौजूद रहे।

# सोलन में अस्थायी बस्तियों से बिगड़ रही सुरक्षा और स्वच्छता व्यवस्था

## कबाड़ चुकने के नाम पर रिहायशी क्षेत्रों में छोटी-मोटी चोरियां बढ़ीं

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** शहर में झुग्गियों की बढ़ती संख्या से सुरक्षा और स्वच्छता व्यवस्था चुनौती बन चुका है। नगर निगम की कार्यप्रणाली से शहर के कई हिस्सों में ऐसी झुग्गियों बस चुकी हैं। झुग्गियों में रह रहे घुमंतुओं के खुले में शौच और कबाड़ चुकने के नाम पर रिहायसी क्षेत्रों में छोटी मोटी चोरियों को एन्जाम देकर स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। इतना ही नहीं यह वर्ग दिन भर शहर की सड़कों के किनारे ढेरा दाल कर छोटे छोटे बच्चों संग भीख मांगते नजर आते हैं। इससे राहगीरों सहित वाहन चालक खासे परेशान है।

हैरानी की बात है कि निगम आंखे मूंदे बैठा है। नेशनल हाईवे के रबोन और हाउसिंग कॉलोनी के नजदीक आयुर्वेदिक अस्पताल के पास अस्थायी झुग्गियां बसी है। यहां रेलवे की जमीन पर भी अतिक्रमण किया जा रहा है। रेलवे रोड के किनारे बसी झुग्गियों को बिना किसी पहुंच मार्ग के एक पहाड़ी पर बड़ी चतुराई से खड़ा किया गया है और यहां रहने वाले लोग आने-जाने के लिए रेलवे ट्रैक का इस्तेमाल करते हैं, जिससे सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई हैं। यह समस्या सिर्फ रबोन तक ही सीमित नहीं है। कथेड़ बाईपास के किनारे राष्ट्रीय राजमार्ग पर ढाबों के पास और हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रेलवे पटरियों के किनारे भी ऐसी ही अनधिकृत बस्तियां बस गई हैं।



सोलन में रबोन के नजदीक अवैध तरीके से बनाई गई झुग्गियां।

स्थानीय लोगों के अनुसार ये लोग अक्सर कालका से ट्रेन से आते हैं और बाद में अपने रिश्तेदारों को भी अपने साथ बुला लेते हैं, जिससे अतिक्रमण का दायरा और बढ़ जाता है। इन बस्तियों के पास स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रबोन, सपरून और कलीन जैसे इलाकों में छोटे-मोटे अपराधों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। स्थानीय लोगों का दावा है कि झुग्गियों में रहने वालों की मौजूदगी ने इन इलाकों को, खासकर अंधेरा होने के बाद असुरक्षित बना दिया है। उनका आरोप है कि झुग्गियों में रहने वाले कई लोग, जो कूड़ा बीनने और अन्य अनौपचारिक कामों में लगे हैं, अक्सर चोरी और झपटमारी में लिप्त रहते हैं।

इसके अलावा, इन बस्तियों में बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण स्वच्छता और सफाई की गंभीर समस्या पैदा हो गई है। खुले में शौच, कूड़ा फेंकना और प्रदूषित वातावरण आम बात हो गई है, जिससे आस-पास के निवासी और भी परेशान हैं। एक स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना शौचालय, पानी या बिजली के रहते हैं और उनके बच्चे भी गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होते हैं। उन्होंने आशंका जताई कि अनियंत्रित अतिक्रमण और भी गंभीर अपराधों को जन्म दे सकता है।

### प्रशासन से कार्रवाई की उठाई मांग

**शहर** के आसपास इस प्रकार की अस्थाई बस्तियों को हटाने की मांग चल रही है। सोलन की मेयर उषा शर्मा ने कहा कि खुले में शौच और सुरक्षा की लिहाज से झुग्गियों को हटाया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त से आयुर्वेदिक अस्पताल के पास सरकारी जमीन पर अवैध बस्तियों को हटाने का अनुरोध किया है। यहां पर झपटमारी और चोरी जैसे अपराधों की घटनाएं बढ़ रही हैं।

## समिति ने डॉ. परमार को भारत रत्न देने के लिए प्रस्ताव पर जताई खुशी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा में सर्वसम्मति से सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एकजुटता दिखाते हुए हिमाचल निर्माता व प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार को भारत रत्न सम्मान देने का प्रस्ताव एक स्वर में पारित किया। नाहन के विधायक अजय सोलंकी ने डॉ. परमार को भारत रत्न सम्मान दिए जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। सोलन की संस्था डॉ. वाईएस परमार समृति सम्मान समारोह आयोजित समिति शहर में चार दशकों से डॉ.परमार की जयंती पर हर वर्ष गोष्ठी का आयोजन करती है।

संस्था ने इस वर्ष हिमाचल निर्माता को भारत रत्न की मांग उठाई थी। इस मांग को विधानसभा में सर्वसम्मति से पास करने के लिए समिति के संस्थापक अध्यक्ष बलदेव चौहान, पूर्व सांसद व राष्ट्रीय कोली समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र कश्यप, सोलन नप के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुलराकेश पंत, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जगमोहन मल्होत्रा, एटक के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश भारद्वाज, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. धर्मचंद गुलेरिया, बसाल पंचायत के पूर्व प्रधान मोहन सिंह ठाकुर ने इसके लिए मुख्यमंत्री सुक्खू, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया, उपाध्यक्ष विनय कुमार समेत सभी 68 विधायकों का आभार जताया।

शनिवार को यहां संयुक्त पत्रकार वार्ता में समिति के संस्थापक अध्यक्ष बलदेव चौहान ने कहा कि 15 जुलाई को हुई डॉ. वाईएस परमार स्मृति सम्मान समारोह आयोजित समिति की बैठक में समिति ने डॉ. परमार को भारत रत्न दिए जाने का प्रस्ताव पारित किया। इसके लिए वह विधान सभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष को मिले और डॉ. वाईएस परमार को भारत रत्न देने के लिए विधानसभा से प्रस्ताव पारित करने की मांग उठाई थी। पूर्व सांसद व संस्था के सदस्य प्रो. वीरेंद्र कश्यप, पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद सोलन कुल राकेश पंत, संस्था के सदस्य डॉ. धर्म चंद गुलेरिया, मोहन लाल, जगमोहन मल्होत्रा, जगदीश भारद्वाज ने भी अपनी बात रखी।



पत्रकार वार्ता करते समिति के सदस्य।

## मतदान केंद्रों के युक्तिकरण पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भारत निर्वाचन अयोग के निर्देशानुसार आज यहां उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण के संबंध में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में ऐसे मतदान केंद्रों के युक्तिकरण पर सारगर्भित चर्चा की गई, जहां 1200 से अधिक मतदाता हैं। इन प्रस्तावित मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श किया गया। दूरी के कारण प्रस्तावित नए मतदान केन्द्रों पर भी चर्चा की गई।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि वर्तमान में सोलन जिले में कुल 599 मतदान केन्द्र हैं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों की संख्या मतदाताओं की संख्या के अनुरूप बढ़ाए जाने एवं मतदान केंद्रों के भवनों को बदले जाने के कुल 37 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें 28 नए प्रस्तावित मतदान केन्द्र मतदाताओं की अधिक संख्या के कारण प्रस्तुत किए गए हैं जबकि 2 प्रस्तावित मतदान केंद्र प्रस्ताव के अनुसार प्रस्तुत हुए हैं। उन्होंने कहा कि 7 मतदान केंद्रों का भवन बदला जाना प्रस्तावित हैं। उन्होंने कहा कि 50-अर्की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 7 नए मतदान केन्द्र प्रस्तावित हैं। इसमें 30 क स्यार-2, 39 क लामहो, 47 क धुंधन-2, 64 क अर्की-4, 69 क सरयांज-2, 73 क लोहारघाट-2 तथा 121 क मान-2 नए मतदान केंद्र बनाए जाने प्रस्तावित हैं। उन्होंने कहा कि 51-नालागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 6 नए मतदान केंद्र प्रस्तावित हैं। इसमें 49 क मितियां, 55 क मलपुर, 67 क रेडू झिडिवाला, 93 क खेडा-2, 100 क सलेवाल तथा 101 क नंगल उपरला नए मतदान केंद्र बनाए जाने प्रस्तावित हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 52-दून विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 7 नए मतदान केन्द्र प्रस्तावित हैं। इसमें 55 क धर्मपुर-2, 56 क भटोलीकलां-2, 88 क बिल्लांवाली लबाणा-4, 89 क बिलांवाली गुजरां, 90 क धकडूमाजरा, 92 क झाड़माजरी-3 तथा 100 क मंधाला-3 नए मतदान केन्द्र बनाए जाने प्रस्तावित हैं। उन्होंने कहा कि 53-सोलन (अ.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 06 नए मतदान केंद्र प्रस्तावित हैं। इसमें 69 क सोलन वार्ड नंबर 1(4), 87 क वार्ड नम्बर 8(3), 94 क वार्ड नम्बर 12(3), 96 क वार्ड नंबर 13(4), 108 क बैरटी, 117 क देहूं-1 नए मतदान केन्द्र बनाए जाने प्रस्तावित हैं। मनमोहन शर्मा ने कहा कि अधिक दूरी के कारण मतदाताओं की सुविधा के लिए 53-सोलन (अजा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 126 क गडोग को नया मतदान केन्द्र बनाया जाना प्रस्तावित है।

उन्होंने कहा कि 54-कसौली (अ.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 2 नए मतदान केन्द्र प्रस्तावित हैं। इसमें 31 क मंझोली तथा 54 क ठारूगढ़ नए मतदान केंद्र बनाए जाने प्रस्तावित हैं। उन्होंने कहा कि अधिक दूरी के कारण मतदाताओं की सुविधा के लिए 54-कसौली (अजा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 31 सुल्तानपुर को नया मतदान केंद्र बनाया जाना प्रस्तावित है।

### बैठक में ये रहे मौजूद

**इस** अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शिव दत्त ठाकुर, कंचन राणा, हितेष शर्मा, दर्शन लाल पंवर, भारतीय जनता पार्टी के चंद्रकांत, नरेश ठाकुर, आम आदमी पार्टी के राजीव कुमार, बहुजन समाज पार्टी के राकेश बरार, नायब तहसीलदार निर्वाचन सोलन दीवान सिंह ठाकुर, नायब तहसीलदार निर्वाचन नालागढ़ गोपी चंद डोगरा उपस्थित थे।

## रैगिंग से जुड़े मानसिक-सामाजिक दुष्परिणामों की दी जानकारी

### महर्षि मार्कंडेश्वर विवि में धूमधाम से मनाया एंटी-रैगिंग सप्ताह

**अनंत ज्ञान, सोलन**

महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय कुमारहट्टी सोलन में एंटी-रैगिंग सप्ताह का आयोजन बड़े स्तर पर किया गया, जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) एवं राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप था। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसर को रैगिंग जैसी सामाजिक बुराई से पूर्णतः मुक्त बनाना, वरिष्ठ छात्रों में जिम्मेदारी की भावना जागृत करना और नवप्रवेशी छात्रों को एक सुरक्षित, सहयोगी और सम्मानजनक वातावरण प्रदान करना था।

इस जागरूकता सप्ताह की प्रेरणा कुलपति डॉ. रवि चंद शर्मा, रजिस्ट्रार अजय सिंगल, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं डीन डॉ. मनप्रीत सिंह नंदा, उप-प्राचार्य डॉ. जे.एस. संधू, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. किरण कुमार सिंघल और नैक समन्वयक डॉ. जय गोपाल वोहरा रहे। इन सभी वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एक सशक्त और प्रभावशाली कार्यक्रम श्रृंखला आयोजित की गई।

कार्यक्रम के अंतर्गत रैगिंग की अवधारणा, इससे जुड़े सामाजिक एवं मानसिक दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों तथा रोकथाम के उपायों पर केंद्रित व्याख्यानों की एक विस्तृत श्रृंखला आयोजित की गई। वक्ताओं में डॉ. मोनिका जिंदल (प्रोफेसर, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग), डॉ. नवीन कक्कड़ (डीन, उच्च अध्ययन विभाग एवं प्रोफेसर, पैथोलॉजी विभाग), डॉ. जे.एस. संधू (उप-प्राचार्य एवं चिकित्सा शिक्षा इकाई के समन्वयक) तथा नैक समन्वयक डॉ. जय गोपाल वोहरा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## हेल्पिंग पीपल संस्था अर्की ने हेमराज को दी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अर्की हेल्पिंग पीपल संस्था ने धुंदन पंचायत के गांव दांव में हेमराज के परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान किया। हेमराज एक किसान हैं, जो सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे और पिछले दो वर्षों से बिस्तर पर हैं। उनकी दोनों टांगे फ्रैक्चर हो गई थीं, जिसके कारण वह अपने परिवार का पालन-पोषण करने में असमर्थ हो गए थे। संस्था ने हेमराज के परिवार को 5100 रुपए की राहत राशि और कुछ राशन प्रदान किया।

संस्था के अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने कहा कि भविष्य में भी संस्था परिवार की सहायता के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की मदद करना है और हम इस दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं। हेमराज के परिवार ने संस्था के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के मुख्य सलाहकार बालक राम शर्मा,सचिव मदन शर्मा, कैलाश महाजन, ओम प्रकाश शर्मा, देवेंद्र पाल, नथु राम और देवेंद्र रघुवंशी उपस्थित रहे।

# सिरमौर के आरटीओ ने 2 दिन में वसूला 3.92 लाख रुपए का टैक्स

### स्टाफ की कमी के बावजूद निरंतर कार्रवाई जारी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

स्टाफ की भारी कमी के बावजूद आरटीओ सिरमौर का लंबित टैक्स वसूली के लिए लगातार एक्शन जारी है। हाल ही में आरटीओ सोना चौहान ने मात्र दो दिन के भीतर 3.93 लाख रुपए की टैक्स वसूली की है। मिली जानकारी के अनुसार आरटीओ कार्यालय में जिसको सरकार का कमाऊ पूत भी कहा जाता है, में स्टाफ की भारी कमी है।

आरटीओ के अतिरिक्त, एक ऑफिस सुपरिंटेंडेंट व एक कलर्क के सहारे काम चलाया जा रहा है, जबकि सरकार द्वारा निर्धारित प्रति वर्ष राजस्व लक्ष्य से तय समय से पहले ही कहीं ज्यादा राजस्व सरकारी खजाने में जमा हो रहा है। इसी कड़ी में 1.50 करोड़ के लक्ष्य की एवज में आरटीओ ने तय समय से पहले 2.53 करोड़ का राजस्व एकत्रित कर दिया। उधर, पुलिस के अतिरिक्त जिले में अवैध खनन ने लगे डंपरों के खिलाफ अलग से आरटीओ कार्यालय के द्वारा शिकंजा कसा हुआ है। सड़क सुरक्षा को लेकर भी आरटीओ अलग से अपनी भूमिका में रही है।

निजी क्षेत्र के कमर्शियल वाहनों के चालकों परिचालकों को सड़क सुरक्षा ट्रेफिक रूलस को लेकर समय समय पर जागरूक अभियान में पीछे नहीं रही हैं, लेकिन कार्यालय में स्वीकृत अन्य पदों पर नियमित तैनाती न किए जाने से वर्तमान स्टाफ पर भारी दबाव बना हुआ है। ऑफिस में काम की कमी नहीं है, ऊपर से फील्ड में दिन रात वाहनों की चेकिंग भी आसान नहीं है।

### नया स्टाफ जरूरी

**सरकार** को कम से कम अपने कमाऊ पूत कहे जाने वाले विभाग के आरटीओ ऑफिस की सुध लेनी चाहिए स्टाफ़ भेजना चाहिए। कमाई करने वाले ऑफिसों की अहमियत बनाये रखें बाकि अधिकांश विभाग तो करोड़ों का बजट टिकाने लगाने वाले ही है। उधर, जिले की आरटीओ सोना चौहान ने बताया कि लंबित लाखों रुपए रोड टैक्स की लगातार वसूली जारी है। हाल ही में दो दिन के भीतर 3.93 लाख के टैक्स की वसूली की गई है। स्टाफ़ की कमी के बावजूद तय लक्ष्यों से कहीं ज्यादा राजस्व समय से पहले जुटाया जा रहा है।

## नाहन-कौंला वाला भूंड सड़क पर भारी भूस्खलन से आवाजाही ठप

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** सिरमौर जिले में शुक्रवार शाम से लगातार शनिवार सुबह तक जारी भारी बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। इसी बारिश का कहर नाहन-कौंला वाला भूंड वाया सैनवाला रोड पर भी देखने को मिला, जहां बर्मा पापड़ी पंचायत के गुलेरिया के पास भारी भूस्खलन हो गया है। भूस्खलन के कारण सड़क का एक लंबा हिस्सा मलबे से पूरी तरह ढक गया है, जिससे इस महत्वपूर्ण मार्ग पर आवाजाही पूरी तरह से ठप है।



नाहन-कौंला वाला भूंड सड़क पर हुआ भूस्खलन।

यह वही जगह है जहां 2022 में भी इसी तरह का भूस्खलन हुआ था, जिसके चलते सड़क 10-12 दिनों के लिए बंद हो गई थी। एक बार फिर, इस भूस्खलन ने क्षेत्र के लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं और उनका जिला मुख्यालय नाहन से सीधा संपर्क कट गया है। सड़क बंद होने से स्थानीय लोग भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। जिला मुख्यालय नाहन आने के लिए अब उन्हें कई किलोमीटर का लंबा सफर वाया सुरला और चासी बनोग होकर तय करना पड़ रहा है। खबर लिखे जाने तक लोक निर्माण विभाग की मशीनरी मौके पर नहीं पहुंच पाई थी, जिससे लोगों में प्रशासन के प्रति निराशा है।

## कसौली इंटरनेशनल स्कूल ने शूटिंग में जीता रजत

**अनंत ज्ञान, सोलन**

कसौली इंटरनेशनल स्कूल सनवारा की शूटिंग टीम ने हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल हांसी (हरियाणा) में 16 अगस्त से 22 अगस्त 2025 तक आयोजित सीबीएसई शूटिंग क्लस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। किप्स शूटिंग टीम के खिलाड़ी वीरेन गुलिया, गरिमन औजला और रौनक गुलिया (कक्षा 11) ने अपनी शानदार निशानेबाजी से विद्यालय का नाम रोशन किया। इन खिलाड़ियों ने पिस्टल शूटिंग अंडर-19 वर्ग में 1092/1200 अंक अर्जित कर रजत पदक हासिल किया। टीम ने इस उपलब्धि के साथ नॉर्थ ज़ोन से सीबीएसई नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरा ठाकुर, प्राचार्य राजीव गुलेरिया उप-प्राचार्या पूनम ठाकुर ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए इसे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताया।



शूटिंग में रजत पदक जीत कर लौटे खिलाड़ी एमडी हीरा ठाकुर के साथ।

### ग्रोवियंस ने बास्केटबॉल टूर्नामेंट में दिखाया दम

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू की अंडर-17 गर्ल्स बास्केटबॉल टीम ने चिन्मय स्कूल नौणी द्वारा आयोजित सीबीएसई क्लस्टर टूर्नामेंट में सराहनीय कौशल और जज्बे का प्रदर्शन किया। जोन की 8 प्रतिभागी टीमों में से, ग्रोवियंस ने अपने अभियान की शुरुआत 23-7 से शानदार जीत के साथ की और सेमीफाइनल में जगह पक्की की। गत चैंपियन के खिलाफ टीम ने बहादुरी से मुकाबला किया, लेकिन 22-36 के स्कोर के साथ अपने अभियान का अंत किया। पाइनग्रोव ने तीसरा स्थान हासिल किया, जो एक गौरवपूर्ण अंत और टीम की दृढ़ता का प्रमाण था।

**मांग** अधूरी पड़ी कुमारहट्टी-धर्मपुर-कसौली पेयजल योजना पूरा करने की उठी मांग, डीसी को सौंपा ज्ञान

# जल संकट से निपटने को सोलन शहर में शिमला की तर्ज पर हो जल बोर्ड का गठन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में उत्पन्न महाजल संकट को लेकर प्रभावी हस्तक्षेप हेतु भाजपा समर्थित पार्षदों ने डीसी मनमोहन शर्मा को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए पार्षद व भाजपा शहरी मंडल के अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने कहा कि लगभग पिछले एक माह से सोलन शहर एवं इसके आसपास का क्षेत्र अभूतपूर्व महा जल संकट से जूझ रहा है।



सोलन शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में उत्पन्न महाजल संकट को हल करने के लिए भाजपा समर्थित पार्षदों ने डीसी को ज्ञापन सौंपा ।

सोलन शहर में जलापूर्ति हेतु दो प्रमुख पेयजल योजनाएं संचालित हैं। अश्विनी पेयजल योजना एवं गिरि पेयजल योजना। इनमें से भंडारण का कार्य जल शक्ति विभाग तथा वितरण का कार्य नगर निगम सोलन करता है। दुर्भाग्य से पिछले एक माह से नगर निगम को दैनिक अपेक्षित मात्रा से बहुत कम जल उपलब्ध हो रहा है, कई दिनों तक तो एक बूंद पानी भी उपलब्ध नहीं हुआ। इससे न केवल सोलन शहर, बल्कि आसपास का ग्रामीण एरिया भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

यह उल्लेखनीय है कि अगस्त 2021 में तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर जी ने कुमारहट्टी-धर्मपुर-कसौली क्षेत्र में 104 करोड़ की लागत से नई पेयजल योजना का शिलान्यास किया था। इसी में 43 छोटी पेयजल योजनाओं का विस्तारीकरण भी प्रस्तावित था।

भाजपा शासनकाल में इस योजना का लगभग 80 फीसदी कार्य पूर्ण हुआ था, परंतु कांग्रेस की सरकार के लगभग तीन वर्ष पूरे होने के बावजूद शेष कार्य अधूरा है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। कसौली के कांग्रेस विधायक विनोद सुल्तानपुरी जिला शिकायत निवारण कमेटी की बैठक में भी इस मुद्दे पर चिंता जताते हुए पेयजल योजना को जल्द से जल्द पूरा करने की वकालत की थी और योजना के निर्माण में अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए थे। बता दें कि इस योजना के पूरा होने से सोलन व कसौली क्षेत्र दोनों को स्थायी राहत मिल सकती है।

गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हाल ही में आपकी सरकार ने यह निर्णय भी लिया कि भंडारण के साथ-साथ वितरण का कार्य भी जल शक्ति विभाग करेगा। किंतु मौजूदा हालात यह दर्शाते हैं कि यह निर्णय व्यवहारिक नहीं है, क्योंकि विभाग अपने मौजूदा दायित्वों को भी सही ढंग से निभाने में असफल सिद्ध हो रहा है। ऐसे में सोलन शहर में भी शिमला की तर्ज पर जल बोर्ड का गठन किया जाए, ताकि नागरिकों को जल संकट से स्थायी निजात मिल सके।

### समस्या का समाधान न होने पर उतरेंगे सड़कों पर

**जल** शक्ति विभाग के मुख्य अभियंता एवं शहरी विकास विभाग के सचिव की एक संयुक्त टीम गठित कर इस पूरे प्रकरण की गहन जांच की जाए कि इसमें दोषी कौन है, अधूरी पड़ी कुमारहट्टी-धर्मपुर-कसौली पेयजल योजना को तत्काल प्राथमिकता पर पूरा किया जाए। सोलन शहर को नियमित एवं पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए आपातकालीन कदम उठाए जाएं। उन्होंने मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में मांग की है कि इस समस्या को शीघ्रातिशीघ्र हल करने हेतु प्रभावी हस्तक्षेप करें, जिससे आम नागरिकों को राहत मिल सके। अगर इस ज्वलंत मुद्दे का कोई समाधान नहीं हुआ तो सोलन शहरी भाजपा फिर सड़कों पर उतरने से गुरेज नहीं करेगी।

## नाहन कॉलेज में लगी भू-स्थानिक तकनीक पर इसरो की कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, नाहन**

डॉ. वाईएस परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन के भूगोल विभाग ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सहयोग से ऋभू-स्थानिक पेशेवरों हेतु उन्नत छवि विश्लेषणऋ विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की। इसमें 121 विद्यार्थियों और कई प्राध्यापकों ने भाग लिया।

यह महाविद्यालय अब इसरो के आईआईआरएस आउटरीच प्रोग्राम का नोडल सेंटर बन गया है। इससे छात्रों को वैज्ञानिकों से सीधे बातचीत करने और भू-स्थानिक तकनीक में नवीनतम ज्ञान हासिल करने का अवसर मिलेगा। कार्यशाला के दौरान देहरादून स्थित आईआईआरएस इसरो के वैज्ञानिकों ने व्याख्यान दिए। उन्होंने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग और गूगल अर्थ इंजन जैसी तकनीकें अब छवि विश्लेषण के तरीके बदल रही हैं और वास्तविक जीवन के फैसलों में सहायक साबित हो रही हैं। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. जगदीश चंद ने कहा कि यह पहल विभाग की अनुभवात्मक शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

उन्होंने विश्वास जताया कि इस सहयोग से छात्र भू-सूचना विज्ञान, पर्यावरण प्रबंधन और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रेरित होंगे। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. देवराज शर्मा ने कहा कि ऐसी कार्यशाला छात्रों को वैश्विक स्तर का कौशल प्रदान करती हैं और शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाती हैं। इस अवसर पर छात्रों ने कृषि, पर्यटन और पर्यावरणीय योजना में भू-स्थानिक तकनीकों के उपयोग में गहरी रुचि दिखाई।

## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिग से रेप के दोषी को उम्रकैद और जुर्माना

**अनंत ज्ञान, नूंह।** नूंह की विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट ने शनिवार को आठ वर्षीय नाबालिग लड़की के अपहरण और रेप के दोषी इकलास को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर 60 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रेप का यह मामला 20 अप्रैल 2023 का है। इकलास नामक व्यक्ति ने आकेड़ा गांव की आठ साल की बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसके साथ रेप किया। इस दौरान बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुनकर आस पास के लोग लोग इक्ठा हो गए। लोगों को देखकर दोषी इकलास मौके से फरार हो गया। बच्ची के परिवार के लोगों ने शिकायत पुलिस को दी। नूंह महिला थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। ढाई साल तक चली अदालती कार्रवाई में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. आशु संजीव टिंजन की अदालत ने 19 अगस्त को इकलास को दोषी ठहराया। अदालत ने 22 को अपना आदेश सुरक्षित रखा और शनिवार को दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई और 60 हजार रुपए का जुर्माना भी दोषी पर लगाया है। नूंह पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि करीब ढाई साल तक सुनवाई के बाद दोषी को अदालत ने सजा सुनाई है।

### पानीपत में हथियार समेत दो आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत पुलिस टीम ने आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे दो बदमाशों को काबू किया है। आरोपियों से एक देसी पिस्तौल, तीन जिंदा कारतूस व एक बाइक बरामद हुई है। पूछताछ में खुलासा हुआ आरोपियों ने फिरौती मांगने के लिए बीती 12 अगस्त को माडल टाउन में सैर पर निकले एक व्यापारी के अपहरण का प्रयास किया था। उपपुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि पुलिस की टीम को नाकाबंदी के दौरान गांव आटा की और से दो युवक एक बाइक पर आते हुए दिखाई दिए। युवकों ने पुलिस को देख बाइक को और तेज भगाने का प्रयास किया और असंतुलन होकर बाइक सहित रोड पर गिर गए। पुलिस ने दोनों युवकों को मौके पर ही काबू किया। पूछताछ में अपनी पहचान प्रमोद निवासी सौंधापुर व पिंकेश उर्फ राजा निवासी मिढकाली मुजफ्फरनगर यूपी के रूप में बताई। तलाशी लेने पर आरोपी प्रमोद की पेंट की जेब से एक देसी पिस्तौल 315 बौर व आरोपी पिंकेश की पेंट की जेब से 2 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने शनिवार को दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया।

# गो संरक्षण के लिए सरकार कर रही काम : सैनी

## बड़ोपल के वन्य जीव उपचार केंद्र का नाम राजेंद्रानंद जी महाराज के नाम पर रखने की घोषणा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार गो संरक्षण और गो संवर्धन के लिए लगातार काम कर रही है। प्रदेश में गोशालाओं को चारे के लिए वित्तीय अनुदान के साथ-साथ उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को जिला फतेहाबाद के श्री कृष्ण गोशाला, बड़ोपल में गोशालाओं को चारा अनुदान राशि वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

समारोह में मुख्यमंत्री ने राजेंद्रानंद महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके जीवन को प्रेरणा स्त्रोत बताते हुए नागरिकों से आह्वान किया कि वे उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सामाजिक कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाएं। मुख्यमंत्री ने गोशाला प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत त्रिवेणी लगाकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जिला की 67 गोशालाओं को 7 करोड़ 2 लाख रुपए के चारा अनुदान राशि के चैक गोशाला प्रबंधकों को सौंपे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रदेश की 605 गोशालाओं के लिए कुल 88 करोड़ 50 लाख की चारा अनुदान राशि जारी की जा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गांव बड़ोपल के विकास के लिए 21 लाख रुपए देने और बड़ोपल में वन्य जीव उपचार केंद्र का नाम राजेंद्रानंद महाराज के नाम पर करने की घोषणा की।



मुख्यमंत्री ने फतेहाबाद के लिए रखी गई 6 मांगों को विभागीय स्तर पर फिजिबिलिटी चैक करने उपरांत पूरा करने की भी घोषणा की। समारोह में कृषि एवं किसान कल्याण और पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा, लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा और राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने गोशाला बड़ोपल को 11-11 लाख देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में डबल इंजन सरकार गाय, गीता और गंगा के संरक्षण के लिए कार्य कर रही है।

गोशालाओं को चारे के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने के साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए मांग अनुसार मशीनरी खरीद के लिए मदद दी जा रही है। पंचगव्य उत्पादन के लिए 101 गोशालाओं को 6 करोड़ 50 लाख रुपए की मशीन खरीदने की अनुदान राशि दी गई है। चारे के लिए 358 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि अनुदान के रूप में दी जा चुकी है। 330 गोशालाओं में सोलर ऊर्जा प्लांट लगाए गए हैं और शेष बची गोशालाओं में यह काम शीघ्र शुरू करवाया जाएगा।

### गायों के संरक्षण और संवर्धन के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन लागू

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देसी नस्ल की गायों के संरक्षण और संवर्धन के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन लागू किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 तक प्रदेश में केवल 215 पंजीकृत गोशालाओं में एक लाख 75 हजार गोवंश था। प्रदेश सरकार ने पिछले दस वर्षों में इसमें इजाफा किया है और इस समय प्रदेश में 686 पंजीकृत गोशालाएं हैं। इनमें 4 लाख बेसहारा गोवंश का पालन-पोषण किया जा रहा है। वर्ष 2014-15 में गो सेवा आयोग के लिए केवल 2 करोड़ रुपए का बजट था, जिसे वर्तमान सरकार ने बढ़ाकर 595 करोड़ रुपए किया है। प्रदेश सरकार ने गोवंश के पुनर्वास के लिए 200 गोशालाओं को शैड बनाने के लिए दस लाख रुपए प्रति गोशाला को अनुदान दिया है। इनमें से 51 गोशालाओं में शैड बनकर तैयार हो चुका है। उन्होंने कहा कि गोशालाओं को 800 ई-रिक्शा दी जाएगी। इसके लिए खरीद प्रक्रिया जारी है।

# जरूरतमंदों की निस्वार्थ सेवा करता है रेडक्रॉस : अंकुश



**अनंत ज्ञान, कुरुक्षेत्र**

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर पंजाबी धर्मशाला कुरुक्षेत्र में भारतीय रेडक्रॉस समिति, हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ द्वारा आयोजित सात दिवसीय अंतरराज्यीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि अंकुश मिगलानी वाइस चेयरमैन, हरियाणा द्वारा रेड क्रॉस संस्थापक सर हैनरी ड्यूनेंट के चित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित करके किया गया।

कार्यक्रम में सुनील कुमार, सचिव, जिला रेडक्रॉस शाखा, कुरुक्षेत्र द्वारा बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की गई। मुख्यातिथि अंकुश मिगलानी वाइस चेयरमैन हरियाणा रेडक्रॉस ने कहा कि जिंदगी में आगे बढ़ने और समाज व राष्ट्र के विकास के लिए कार्य करने के लिए एक मंच की आवश्यकता होती है। रेडक्रॉस एक ऐसा ही मंच है जो जरूरतमंद लोगों की निस्वार्थ सेवा करता है।

शिविर निदेशक रोहित शर्मा ने मुख्यातिथि अंकुश मिगलानी वाइस चेयरमैन हरियाणा रेड क्रॉस का शिविर में पहुंचने पर स्वागत किया। उन्होंने शिविर के बारे में मुख्यातिथि को अवगत करवाया कि 7 दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में भारत वर्ष के 16 राज्यों के विभिन्न विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के लगभग 200 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस शिविर में रेडक्रॉस का इतिहास, प्राथमिक सहायता, सड़क सुरक्षा, रक्तदान, देहदान, नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, राष्ट्रीय एकता, मोबाइल के दुष्परिणाम आदि विषयों पर जानकारी दी जाएगी।

# शैल्बी अस्पताल मोहाली में उन्नत ऑन्कोलॉजी क्लीनिक का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, मोहाली**



शैल्बी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, मोहाली में ऑन्कोलॉजी क्लीनिक का शुभारंभ किया गया। क्लीनिक का शुभारंभ सामाजिक कार्यकर्ता दीप इंद्र कौर शेरगिल ने किया।

क्लीनिक को समग्र कैंसर देखभाल प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। शैल्बी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल मोहाली में सीनियर कंसल्टेंट सर्जिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. अश्विनी कुमार सचदेवा ने कहा कि क्लीनिक शारीरिक और मानसिक कल्याण दोनों को संबोधित करने के लिए बहु-विभागीय उपचार योजनाओं से सुसज्जित है। क्लीनिक लॉन्च पर प्रारंभिक पहचान और निवारक देखभाल के लिए विशेष कैंसर स्क्रीनिंग पैकेज भी पेश किए गए, जिससे समुदाय को समय पर निदान के लिए सक्रिय कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ग्लैडविन संदीप नायर के अनुसार, यह क्लीनिक उन्नत कैंसर देखभाल को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह हमें कटिंग-एज थेरेपी प्रदान करने की अनुमति देगा और हमें मरीजों और परिवारों का सपोर्ट करने में मदद करेगा।

# छात्राओं को महाविद्यालय की संस्कृति से करवाया परिचित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय का इंडक्शन वीक बहुप्रतीक्षित इन्फोटेनमेंट एक्सट्रावेगेंजा के साथ भव्य उत्सव में संपन्न हुआ। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के तत्वावधान में आयोजित इस सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी छात्राओं को महाविद्यालय की संस्कृति और मूल्यों से परिचित कराना था।

कार्यक्रम में मशहूर अभिनेता, परफॉर्मर और टीवी प्रस्तोता प्रिंस कंवलजीत तथा चर्चित अभिनेता व गायक सिंगा ने मंत्रमुग्ध किया। वहीं कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा मिस फ्रेशर कॉन्टेस्ट, जिसमें नवप्रवेशी छात्राओं ने रैम्प पर आत्मविश्वास के साथ अपने व्यक्तित्व और गरिमा का प्रदर्शन किया। कार्यवाहक प्राचार्या नीना शर्मा ने छात्राओं को प्रेरणादायी शब्दों से उत्साहित करते हुए कहा, 'इस संस्था का चयन आपकी शिक्षा-यात्रा के प्रति समर्पण को दर्शाता है। कार्यक्रम का समापन उत्सव, सौहार्द और प्रेरणा के साथ हुआ, जिसने नवप्रवेशी छात्राओं की एमसीएम यात्रा की यादगार शुरुआत को चिन्हित किया। बहुप्रतीक्षित मिस एमसीएम कॉन्टेस्ट के परिणाम तालियों के बीच घोषित किए गए।

### विजेता रही छात्राएं

- मिस फ्रेशर 2025 : मन्नत बीए प्रथम वर्ष।
- प्रथम रनरअप : रिद्धि शर्मा बीए प्रथम वर्ष।
- द्वितीय रनरअप : अर्श चौहान बीए प्रथम वर्ष।
- मिस एलिगेंट वॉक : पावनी टंटा बीबीए प्रथम वर्ष।
- मिस ब्यूटीफुल हेयर : ईशनिका वर्मा बीबीए बीएफएसआई प्रथम वर्ष।

# चंडीगढ़ में 'नंबर गेम' की दीवानगी 36 लाख में बिका सीएच01 डीए0001

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ आरएलए में फैंसी नंबरों की ई-नीलामी ने पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इतिहास में पहली बार 0001 नंबर 36 लाख 43 हजार रुपए में बिका है।

सीएच-01-डीए-0001 अब तक का सबसे महंगा फैंसी नंबर बन गया है। सीएच-01-डीए-0003 की नीलामी 17 लाख 84 हजार रुपए में हुई है।

### किस नंबर के लिए कितनी बोली लगी

**वहीं** सीएच-01-डीए-0009 नंबर 16 लाख 82 हजार और सीएच-01-डीए-0005 नंबर 16 लाख 51 हजार में बिका। सीएच-01-डीए-0007 नंबर 16 लाख 50 हजार में। सीएच-01-डीए-0002 13 लाख 80 हजार में। सीएच-01-डीए-9999 नंबर की नीलामी 10 लाख 25 हजार रुपए में हुई।

### 2.26 करोड़ में बिके थे सीएच01-सीडब्ल्यू के नंबर

**सीएच**01-सीडब्ल्यू सीरीज के नंबरों की नीलामी में भी विभाग को अच्छा रिस्पांस मिला था जिससे कुल 2.26 करोड़ राजस्व प्राप्त हुआ था। इसमें सबसे अधिक 0001 नंबर 16.50 लाख में नीलाम हुआ था। इसके बाद 10 लाख में 0009 नंबर की बोली लगी है। इस नीलामी में आरएलए कुल 489 फैंसी नंबरों को बेचने में सफल रहा था। ई-नीलामी में सिर्फ चंडीगढ़ के लोग हिस्सा ले सकते हैं और इसके लिए नेशनल ट्रांसपोर्ट की वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण कराना होता है।

# एएसआई को रिश्वत लेने पर तीन वर्ष की कैद

**अनंत ज्ञान, हिसार।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में चरखी दादरी सदर थाना के एएसआई विक्रम सिंह को तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाई है।

अदालत ने उस पर 10 हजार जुर्माना भी किया है। अदालत ने शनिवार को राज्य सतर्कता एंव भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हिसार द्वारा दर्ज मामले में यह फैसला सुनाया है। मामले के अनुसार 29 अप्रैल 2022 को शिकायतकर्ता ने एसीबी को दी शिकायत में कहा कि उसके भाई सुरेंद्र उके विरूद्ध झगड़ा बारे सदर थाना दादरी में मुकद्दमा दर्ज है और इस मामले की जांच एएसआई विक्रम ने 25 हजार रिश्वत की मांग की गई। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कार्रवाई करते हुए 25 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया था।

## देश-विदेश

# कर्नाटक के कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र को ईडी ने किया गिरफ्तार

**एजेंसी, बेंगलुरु**



कर्नाटक से कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को सिक्किम से गिरफ्तार किया। वीरेंद्र की गिरफ्तारी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत हुई है। उन पर अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी का आरोप है।

ईडी ने शुक्रवार को वीरेंद्र के ठिकानों पर छापा मारा था। छापेमारी के दौरान जांच एजेंसी को 12 करोड़ रुपए कैश और 6 करोड़ की गोल्ड ज्वेलरी मिली। साथ ही एक करोड़ की फॉरेन करेंसी भी बरामद की है। चार गाड़ियां भी जब्त की गई हैं। केसी वीरेंद्र कर्नाटक की चित्रदुर्ग विधानसभा में विधायक हैं। बताया गया है कि विधायक की गोवा में कसीनो कारोबार में हिस्सेदारी है। वे करीब पांच कैसिनो के मालिक हैं, जिसमें फेमस पप्पीज कसीनो भी शामिल है। कर्नाटक में पिछले 8 दिनों में अब तक दो कांग्रेस विधायक शिंकजे में आ चुके हैं। इससे पहले 14 अगस्त को ईडी ने कर्नाटक कांग्रेस विधायक सतीश कृष्ण सैल के घर से 1.41 करोड़ रुपए जब्त किए थे। ईडी ने उनके और परिवार के बैंक लॉकरों से 6.75 किलो गोल्ड की ज्वेलरी और बिस्किट बरामद किए थे। (अनंत ज्ञान)

**छापेमारी में 12 करोड़ कैश, 6 करोड़ रुपए की ज्वेलरी मिली**

# बिहार : वोटर लिस्ट में दो पाकिस्तानी महिलाओं के नाम

**एजेंसी, पटना।** बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में चल रहे वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर में गड़बड़ी को लेकर एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। दरअसल, बिहार के भागलपुर जिले में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के दौरान एक बड़ा मामला सामने आया है। जांच में पता चला है कि पाकिस्तान से आईं दो महिलाओं के नाम भी वोटर लिस्ट में शामिल हैं। खास बात यह है कि दोनों महिलाओं के पास आधार और वोटर आईडी कार्ड भी मौजूद हैं और उन्होंने कई बार मतदान भी किया है। मामला सामने आने के बाद गृह मंत्रालय और चुनाव आयोग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उनके नाम मतदाता सूची से हटाने का आदेश दिया है। (अनंत ज्ञान)

# डोनाल्ड ट्रंप-मस्क को लड़वाने वाले सर्जियो भारत में अमेरिकी राजदूत

**एजेंसी, वाशिंगटन**

राष्ट्रपति ट्रंप ने सर्जियो गोर को भारत में अमेरिका का अगला राजदूत नियुक्त किया है। उन्हें शुक्रवार को दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए विशेष दूत की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। सर्जियो गोर को मस्क और ट्रंप के बीच लड़ाई शुरू कराने वाला माना जाता है। मस्क ने नाराज होकर गोर को 'सांप' तक कह दिया था। सर्जियो लंबे समय से ट्रम्प परिवार के भरोसमंद रहे हैं। पहले उनका काम ट्रंप से जुड़े कार्यक्रमों को देखना था। वे यह भी देखते रहे हैं कि ट्रंप से कौन मिल सकता है और कौन नहीं। इसलिए अमेरिकी मीडिया उन्हें ट्रम्प का 'गेटकीपर' भी कहती है। यानी कि ऐसा शख्स जो डोनाल्ड ट्रंप तक पहुंचने के रास्ते पर पहरेदार की तरह खड़ा है। (अनंत ज्ञान)



**ट्रंप के चौकीदार के रुप में चर्चित**

**राष्ट्रपति बोले मुझे उन पर पूरा भरोसा**

### ट्रंप ने 7 महीने बाद चुना भारत में अपना राजदूत

**ट्रंप** ने भारत में अमेरिकी राजदूत के रूप में सर्जियो गोर को करीब 7 महीने की देरी के बाद नियुक्त किया है, जबकि ट्रंप ने चीन समेत कई देशों में दिसंबर, 2024 में ही राजदूत नियुक्त कर दिया था। गोर ने एरिक गार्सेटी की जगह ली है। वे मई 2023 से जनवरी 2025 तक भारत में अमेरिका के राजदूत रहे। माना जा रहा है कि गोर भारत में अमेरिका फर्स्ट एजेंडे को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। गोर ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ट्रंप के लिए फंड जुटाने में भी बड़ी भूमिका निभाई। वे ट्रंप के खास माने जाते हैं उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के कट्टर समर्थक हैं।

### ट्रंप की टीम में सबसे ताकतवर शख्सियतों में से एक

**गोर** व्हाइट हाउस में नियुक्तियों की जांच-परख में भी शामिल रहे हैं। उन्हें ट्रंप की टीम में पर्दे के पीछे सबसे ताकतवर शख्सियतों में से एक माना जाता है। गोर को ऐसे समय में भारत में अमेरिका का राजदूत बनाया जा रहा है, जब टैरिफ को लेकर अमेरिका से उसका विवाद चल रहा है। कुछ दिन पहले ही अमेरिका के व्यापार वार्ताकारों की 25-29 अगस्त को भारत यात्रा अचानक रद्द कर दी गई थी। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप ने सबसे ज्यादा ध्यान खुद में निष्ठा रखने वाले शख्स को चुनने पर दिया। दरअसल, पिछले टर्म में ट्रंप की टीम में कई ऐसे लोग आ गए थे जो उनके हिसाब से वफादार नहीं थे और बाद में यही उनकी सबसे बड़ी गलती मानी गई। गोर ट्रंप के बेटे ट्रंप जूनियर के दोस्त हैं। दोनों ने मिलकर 'विनिंग टीम पब्लिशिंग' नाम की कंपनी शुरू की थी।

### उत्तराखंड के थराली में बादल फटा, एक की मौत

**एजेंसी, देहरादून।** उत्तराखंड में चमोली जिले के थराली में शुक्रवार देर रात बादल फट गया। हादसा रात 1 से 2 बजे के बीच हुआ। आसपास के दो गांव सागवाड़ा और चेपड़ों में काफी नुकसान हुआ। चमोली के डीएम संदीप तिवारी ने बताया कि थराली तहसील मुख्यालय के एक किलोमीटर के दायरे में कई जगहों पर तबाही मच गई क्योंकि स्थानीय नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। चेपड़ों गांव में एक व्यक्ति लापता है, जबकि सागवाड़ा में एक घर पर मलबा गिरने से एक लड़की दब गई थी। कुछ घंटों बाद उसका शव बरामद कर लिया गया। दोनों गांवों में मिलाकर कुल 70-80 घरों में करीब 2 फीट तक मलबा घुस गया। थराली को जोड़ने वाला कर्णप्रयाग-ग्वालदम नेशनल हाईवे मिंग गधेरा के पास मलबा आने के कारण बंद हो गया है। (अनंत ज्ञान)

### जेपीसी में टीएमसी का कोई मेंबर नहीं होगा

**एजेंसी, कोलकाता।** ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ने गिरफ्तार पीएम-सीएम और मंत्रियों को हटाने वाले बिल समेत तीन विधेयकों पर विचार के लिए बनाई गई जेपीसी को तमाशा बताया है। पार्टी ने कहा कि है वह इसमें कोई सदस्य नहीं भेजेगी। सरकार ने मानसून सत्र में केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक 2025, संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 को पेश किया था। दोनों सदनों ने इन विधेयकों को एक जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) को भेजने का प्रस्ताव पारित किया, जिसमें लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सदस्य शामिल होंगे। (अनंत ज्ञान)

### न्यूयॉर्क में टूरिस्ट बस पलटी, पांच की मौत

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में शुक्रवार को नायग्रा फॉल्स से न्यूयॉर्क सिटी जा रही एक टूरिस्ट बस पलट गई, जिससे 5 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। न्यूयॉर्क स्टेट पुलिस के मेजर आंद्रे रे ने मीडिया को बताया कि बस के ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया, जिससे बस पलट गई। यह हादसा स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12:30 बजे हुआ। बस में 54 यात्री सवार थे। ज्यादातर यात्रियों ने सीट बेल्ट नहीं लगाई थी, जिससे हादसे के समय खिड़कियां टूटने से कई यात्री बस से बाहर गिर गए। (अनंत ज्ञान)

### कर्नाटक धर्मस्थल मामले में शिकायतकर्ता ही अरेस्ट

**एजेंसी, मंगलुरु।** कर्नाटक के धर्मस्थल में कई शवों को दफनाने के केस में नया ट्विस्ट आया है। राज्य सरकार की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने मामले के शिकायतकर्ता को ही गिरफ्तार किया है। उस पर झूठा बयान देने और गलत सबूत पेश करने का आरोप है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शिकायतकर्ता ने 11 जुलाई को बेल्थंगडी मजिस्ट्रेट के सामने बयान दिया था और एक खोपड़ी व कुछ हड्डियां पेश की थीं। उसने दावा किया था कि यह अवशेष एक महिला के हैं, जिसका यौन शोषण हुआ था। लेकिन फॉरेंसिक रिपोर्ट में यह अवशेष एक पुरुष के पाए गए। एसआईटी के चीफ प्रणब मोहंती ने शिकायतकर्ता से शुक्रवार देर रात तक पूछताछ की और शनिवार सुबह उसे अरेस्ट किया गया। (अनंत ज्ञान)

# महिला वकीलों के आंख मारने पर पक्ष में देता था फैसला : काटजू

## सुप्रीम कोर्ट महिला वकील संघ बोला-पूर्व जज का बयान अपमानजनक, माफी मांगें

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज मार्कंडेय काटजू ने 20 अगस्त को सोशल मीडिया पर लिखा था कि जिन महिला वकीलों ने मुझे आंख मारी, मैंने उनके पक्ष में फैसला दिया। अब सुप्रीम कोर्ट महिला वकील संघ ने पूर्व जस्टिस काटजू की टिप्पणी को चौंकाने वाला और अपमानजनक बताया है। संघ ने शनिवार को कहा कि यह बयान हर महिला वकील की गरिमा, ईमानदारी और पेशेवर पहचान पर सीधा हमला है। ऐसे शब्द महिलाओं की मेहनत और योग्यता को कमतर दिखाते हैं। संघ ने कहा, 'एक पूर्व जज, जिन्हें कभी संविधान की रक्षा और न्यायिक मूल्यों को बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उनसे ऐसी सोच की उम्मीद नहीं थी। ऐसे बयान न्यायपालिका की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हैं और समाज में गलत धारणाओं को बढ़ावा देते हैं। संघ ने काटजू से बिना शर्त सार्वजनिक माफी की मांग की और सभी वकीलों से अपील की है कि ऐसी मानसिकता का कड़ा विरोध किया जाए। वहीं, विवाद बढ़ता देख काटजू ने शनिवार को सोशल मीडिया पर माफी मांगते हुए इसे मजाक बताया है। (अनंत ज्ञान)

# भारत-चीन के बीच लिपुलेख दर्रे से रुपए-युआन में होगा व्यापार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और चीन ने उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से फिर व्यापार शुरू करने पर सहमति जताई है। यह फैसला 18-19 अगस्त को चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा के दौरान हुआ। लिपुलेख के साथ शिपकी ला और नाथु ला दर्रों से भी कारोबार बहाल करने का फैसला लिया गया है। हिमालय के तीन दर्रों से शुरू होने जा रहा भारत-चीन व्यापार पहली बार पूरी तरह सड़क के जरिए होगा। सबसे अहम यह है कि व्यापार अब भारतीय रुपए और चीनी युआन में होगा। अब तक यह 'वस्तु विनिमय' आधारित था।

तिब्बत से व्यापारी नमक, बोराक्स, पशु उत्पाद, जड़ी-बूटियां और स्थानीय सामान बेचने आते हैं, जबकि भारतीय व्यापारी बकरी, भेड़, अनाज, मसाले, गुड़, मिश्री, गेहूं वहां ले जाते हैं। हालांकि, नेपाल ने इस समझौते पर आपत्ति जताई है। उसका कहना है कि लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी उसके क्षेत्र का हिस्सा हैं। उसने भारत और चीन से इस इलाके में कोई एक्टिविटी न करने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

**व्यापार को लेकर नेपाल ने जताई आपत्ति**

## सियासत

### 100 से ज्यादा सीनियर नेताओं से चर्चा; बिहार चुनाव से पहले बदलेगा बीजेपी नेतृत्व

# भाजपा में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर मंथन तेज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनात पार्टी में बड़ा संगठनात्मक फेरबदल होने की उम्मीद है। भाजपा चाहती है कि चुनाव नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में लड़ा जाए। इसके लिए मंथन भी तेज हो गया है। मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा को पहले ही दो बार विस्तार मिल चुका है। अब जल्द नया चेहरा लाने की तैयारी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा बड़ी जीत चाह रही है। पार्टी चाहती है कि नया अध्यक्ष बिहार चुनाव से पहले संगठन को मजबूती दे। पार्टी कार्यकर्ताओं में यह नाराजगी रही है कि दूसरे दलों से आए नेताओं को बड़े पद मिल रहे हैं, जबकि पुराने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा हो रही है। इसके लिए पार्टी ने नया फॉर्मूला निकाला है, जिसके तहत मंडल अध्यक्ष 40 साल से कम उम्र का होगा, जिला और राज्य अध्यक्ष वही बनेगा, जो कम से कम 10 साल से पार्टी का सक्रिय सदस्य हो। (अनंत ज्ञान)

**नड्डा को मिला दो बार विस्तार अब नए चेहरे की तलाश**

### पार्टी अध्यक्ष के चयन में देरी के 3 कारण

**पहला :** आरएसस और भाजपा नेताओं ने अब तक 100 से ज्यादा सीनियर लीडर्स से राय ली है। इनमें पूर्व अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री और संवैधानिक पदों पर रहे नेता शामिल हैं।

**दूसरा:** हाल ही में जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति चुनाव होना है। भाजपा चाहती है कि उसके उम्मीदवार महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को बड़ी जीत मिले। इसी वजह से पूरा फोकस फिलहाल इस चुनाव पर है।

**तीसरा:** पार्टी संविधान के मुताबिक, राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव तभी हो सकता है जब कम से कम 19 राज्य इकाइयों में निर्वाचित अध्यक्ष हों। अभी यूपी, गुजरात, कर्नाटक समेत 7 राज्यों में चुनाव अध्यक्ष का चुनाव होना बाकी है।

# चंद्रबाबू नायडू देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। उनके पास 931 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति है।



देश के मौजूदा 30 मुख्यमंत्रियों के पास कुल 1632 करोड़ रुपए की संपत्ति है। इसका करीब 57 प्रतिशत हिस्सा चंद्रबाबू के पास है। उनके पास 810 करोड़ रुपए की चल संपत्ति (कैश डिपॉजिट, जेवर आदि) और 121 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति (मकान, जमीन आदि) है। वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पास सबसे कम संपत्ति है। उनके पास सिर्फ 15.38 लाख रुपए की चल संपत्ति है। ममता के पास किसी प्रकार की अचल संपत्ति नहीं है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और नेशनल इलेक्शन वॉच की एक रिपोर्ट से इस बात की जानकारी मिली है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### तलवार ने किया दो अंडर 69 स्कोर, संयुक्त 11वें स्थान पर



एजेंसी, स्पिज्क (नीदरलैंड)। भारत के सप्तक तलवार ने आखिरी छह होल में दो बर्डी लगाकर डच फ्यूचर्स गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में दो अंडर 69 स्कोर किया। पहले दौर में 70 स्कोर करने वाले तलवार अब तीन अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 11वें स्थान पर हैं। इसके साथ ही उनके पास इस सत्र में पहली बार शीर्ष दस में रहने का मौका है। पुर्तगाल के पेड्रो फिगुइरेडो और अमेरिका के पाल्मर जैकसन सात अंडर पार स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं। (अनंत ज्ञान)

### हिल्स ओपन गोल्फ: अवनि प्रशांत स्नेहा की स्वीडन में अच्छी शुरुआत



एजेंसी, गोटेनबर्ग। भारत की अवनि प्रशांत ने हिल्स ओपन गोल्फ के पहले दिन एक ओवर 72 के स्कोर के साथ संयुक्त 21वां स्थान हासिल कर लिया। स्नेहा सिंह भी संयुक्त 21वें स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड की मोमोका कोबोरी पहले दौर के बाद शीर्ष पर है जिन्होंने चार अंडर पार स्कोर किया। भारत की हिताशी बख्शी संयुक्त 48वें और प्रणवि उर्स संयुक्त 71वें स्थान पर है। अमनदीप द्राल संयुक्त 86वें, त्वेसा मलिक संयुक्त 107वें और वाणी कपूर संयुक्त 123 वें स्थान पर हैं। (अनंत ज्ञान)

### सिंक्यूफील्ड कप: प्रज्ञानानंदा ने लाग्रेव से और डी गुकेश ने डुडा से खेला ड्रॉ



एजेंसी, सेंट लुइस (अमेरिका) ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सिनक्यूफील्ड कप शतरंज के पांचवें दौर में फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव से ड्रॉ खेला, जबकि विश्व चैंपियन डी गुकेश हार से बाल बाल बचे और पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ के साथ अंक बांटे। पांचवें दौर में सभी मुकाबले ड्रॉ रहे। अमेरिका के फेबियानो कारूआना ने 3.5 अंक के साथ एकल बढ़त बना ली है। उन्होंने हमवतन वेसली सो से ड्रॉ खेला। दूसरे मुकाबलों में अमेरिका के सैमुअल सेवियान ने उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से ड्रॉ खेला, जबकि लेवोन आरोनियन और फ्रांस के अलीरजा फिरोजा का मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। प्रज्ञानानंदा दूसरे और आरोनियन तीसरे स्थान पर हैं, जबकि गुकेश, फिरोजा, वेसली, सेवियान और वाचियेर लाग्रेव 2.5 अंक लेकर संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। ग्रैंड शतरंज टूर से शीर्ष चार खिलाड़ी इस साल के आखिर में होने वाले फाइनल में जगह बनाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### एना मारिया की दुनिया दीवानी


क्रोएशिया। एना मारिया मार्कोविक को दुनिया की सबसे खूबसूरत फुटबॉलर माना जाता है। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग भी 2.3 मिलियन है। हालांकि, एना खुद को दुनिया की सबसे खूबसूरत फुटबॉलर नहीं मानती हैं।



# शुभमन गिल का दलीप ट्रॉफी में खेलना मुश्किल

## ब्लड टेस्ट के बाद बीसीसीआई को सौंपी रिपोर्ट, 28 सितंबर से शुरू होगा टूर्नामेंट

एजेंसी, नई दिल्ली



शुभमन गिल 28 सितंबर से बेंगलुरु में शुरू होने वाली दलीप ट्रॉफी से बाहर हो सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, गिल बीमार हैं। गिल को नॉर्थ जोन का कप्तान बनाया गया था। हाल ही में उनका ब्लड टेस्ट हुआ था। इसके बाद फिजियो और मेडिकल टीम ने उनकी रिपोर्ट बीसीसीआई को भेजकर सलाह दी है कि वह दलीप ट्रॉफी में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। फिलहाल, गिल (25) चंडीगढ़ में हैं और घर पर आराम कर रहे हैं। गिल को एशिया कप में भारतीय टीम का उपकप्तान चुना गया है। ऐसे में बोर्ड कोई जोखिम नहीं उठाना चाहेगा।

गिल वैसे भी पूरे दलीप ट्रॉफी में नहीं खेल पाते, क्योंकि उन्हें 9 सितंबर से एशिया कप के लिए नेशनल टीम में शामिल होना था। टीम इंडिया एशिया कप के लिए 4 या 5 सितंबर को दुबई के लिए रवाना होगी। वहीं, दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से 15 सितंबर तक चलेगी। ऐसे में वे ज्यादा से ज्यादा एक मैच खेल सकते थे। (अनंत ज्ञान)

### शानदार फॉर्म में हैं गिल

**भारतीय** टेस्ट कप्तान शुभमन गिल शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 4 शतकों की मदद से 754 रन बनाए थे। गिल ने पिछले साल भी दलीप ट्रॉफी में खेला था और पहले मैच में इंडिया-ए टीम की कप्तानी की थी। हालांकि, उनकी कप्तानी में इंडिया-ए को अभिमन्यु ईश्वरन की अगुवाई वाली इंडिया-बी टीम के खिलाफ 76 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। गिल ने रणजी ट्रॉफी के पिछले सीजन में पंजाब की कप्तानी की थी। गिल ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 4 शतकों के सहारे 754 रन बनाए थे।

### अर्शदीप-हर्षित भी खेलेंगे एक-एक ही मैच

**रिपोर्ट** के मुताबिक, नॉर्थ जोन के सिलेक्टर्स ने गिल के रिप्लेसमेंट के तौर पर शुभम रोहिल्ला को टीम में शामिल कर सकता है। अंकित कुमार को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। अब वह दलीप ट्रॉफी में गिल की गैर-मौजूदगी में कप्तानी करेंगे। एशिया कप स्क्वॉड में शामिल अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा भी पहले मैच के बाद नेशनल टीम से जुड़ सकते हैं। नॉर्थ जोन का पहला मैच ईस्ट जोन होगा। जो बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड में 28 से 31 अगस्त तक खेला जाएगा।

### 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप



## अर्जुन-इलावेनिल ने 10 मीटर एयर राइफल में जीता गोल्ड

एजेंसी, शिमकेंट (कजाखस्तान)

भारत के अर्जुन बाबूता और इलावेनिल वालारिवन ने यहां चल रही 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

भारतीय जोड़ी ने चीन के डिंगके लू और शिनलु पेंग को 17-11 से हराया। चीनी जोड़ी शुरूआती दौर में आगे थी लेकिन भारतीय जोड़ी ने 9-5 और 10-1 के स्कोर से उबरते हुए शानदार वापसी करके स्वर्ण जीता। इलावेनिल इससे पहले महिला वर्ग में 10 मीटर एयर राइफल स्वर्ण जीत चुकी हैं। (अनंत ज्ञान)

## हिम्मत और शिवम के अर्द्धशतकों से नई दिल्ली ने आउटर दिल्ली को हराया

एजेंसी, नई दिल्ली



कप्तान हिम्मत सिंह (38 गेंद में 58 रन) और शिवम गुप्ता (43 गेंद में 59 रन) की अर्द्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी के दम पर नयी दिल्ली टाइगर्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) मैच में शुक्रवार को यहां आउटर दिल्ली वॉरियर्स को 28 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराया।

आउटर दिल्ली ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर सात विकेट पर 142 रन बनाये। नई दिल्ली ने हिम्मत और शिवम की 74 गेंद में 113 रन की साझेदारी के बूते महज 15.2 ओवर में आसानी से इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। टीम आठ मैचों में तीसरी जीत के बाद तालिका में पांचवें स्थान पर आ गई है, जबकि नौ मैचों में छठी हार के बाद आउटर दिल्ली आठ टीमों की तालिका में सातवें स्थान पर है। प्रद्युम्न सनन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार ओवरों में 16 रन देकर एक विकेट, जबकि आत्रेय त्रिपाठी ने चार ओवरों में 19 रन देकर दो विकेट लिए।

आउटर दिल्ली वॉरियर्स की ओर से प्रियांश आर्य ने 26 गेंदों में सबसे ज्यादा 36 रन का योगदान दिया। शिवम शर्मा ने तेजी से बल्लेबाजी करते हुए 14 गेंदों में 28 रन की पारी खेली, लेकिन टीम नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के कारण बड़ा स्कोर खड़ा करने में विफल रही। (अनंत ज्ञान)

## अनऑफिशियल टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया-ए वुमंस 305 पर ऑलआउट

### सिआना जिंजर का शतक, भारत दूसरी पारी में 260/8

एजेंसी, नई दिल्ली



इंडिया-ए और ऑस्ट्रेलिया-ए विमेंस के बीच ब्रिसबेन में अनऑफिशियल टेस्ट खेला जा रहा है। शनिवार को ऑस्ट्रेलिया-ए पहली पारी में 305 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंडिया-ए विमेंस ने दूसरी पारी में 8 विकेट खोकर 260 रन बना लिए। भारत ने पहली पारी में 299 रन बनाए थे।

तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया-ए ने 158/5 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम के लिए पहली पारी में सिआना जिंजर ने शतक लगाया। उन्होंने 138 बॉल पर 103 रन बनाए। निकोल फाल्टम ने 91 बॉल पर 54 रन की पारी खेली। कप्तान ताहलिया विल्सन ने 49 रन का योगदान दिया। भारत की ओर से साइमा ठाकोर ने 3 विकेट झटके। राधा यादव और मिन्नु मणि ने 2-2 विकेट लिए। वीजे जोशीता, तनुश्री सरकार और तितास साधु को 1-1 विकेट मिला। (अनंत ज्ञान)

### राघवी बिष्ट ने 119 गेंदों पर बनाए 86 रन

**भारत** ने दूसरी पारी में 260 रन बनाने में आठ विकेट गंवा दिए हैं। टीम के लिए राघवी बिष्ट 119 गेंदों पर 86 रन बनाए। शेफाली वर्मा ने 58 बॉल पर 52 रन बनाए। तेजल हसबनिस ने 39, तनुश्री सरकार ने 25 और धारा गुज्जर ने 20 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया-ए के लिए एमी एडगर ने 4 विकेट झटके। जॉर्जिया प्रेस्टविज ने 2 विकेट लिए। सिआना जिंजर और मैटलान ब्राउन को 1-1 विकेट मिला।

### दौरे पर इंडिया-ए ने 2 मैच जीते

**अनऑफिशियल** टेस्ट से पहले दोनों टीमों के बीच 3 टी-20 और 3 वनडे की सीरीज भी खेली गई। ऑस्ट्रेलिया-ए ने टी-20 सीरीज 3-0 से अपने नाम की। वहीं इंडिया-ए ने वनडे सीरीज 2-1 से जीती। अब सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला जा रहा है। टेस्ट के चौथे दिन का खेल रविवार सुबह 5 बजे से खेला जाएगा।

## विश्व कप में भारत की अब तक की सर्वश्रेष्ठ महिला टीम: रीमा मल्होत्रा

एजेंसी, नई दिल्ली

पूर्व हरफनमौला रीमा मल्होत्रा ने भारतीय महिला टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों के मिश्रण को शानदार करार देते हुए कहा कि यह विश्व कप में अब तक की सबसे मजबूत और घरेलू परिस्थितियों में चैंपियन बनने की दावेदार टीम है।

भारत और श्रीलंका की मेजबानी में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप का आयोजन 30 सितंबर से दो नवंबर तक होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम अपने अभियान का आगाज शुरुआती दिन गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ करेगी। भारत की 15 सदस्यीय टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के शानदार मिश्रण का जिक्र करते हुए रीमा ने 'भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, ''यह किसी भी महिला विश्व कप को देखे तो भारत की सबसे मजबूत टीम है। इसमें हरमनप्रीत (कौर), स्मृति मंधाना, जैमी (जेमिमा रोड्रिग्स), दीप्ति (शर्मा) जैसी अनुभवी खिलाड़ी है तो वहीं अमनजोत कौर, क्रांति गौड़, श्री चरणी और ऋचा घोष जैसे दमखम वाले युवा भी है।''

**अब तक की सबसे मजबूत और घरेलू परिस्थितियों में चैंपियन बनने की दावेदार टीम**



उन्होंने कहा, ''टीम में जोश और होश का अच्छा मिश्रण है। मुझे नहीं लगता कि आपको विश्व कप के लिए इससे अच्छी टीम मिलेगी।'' आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा टीम में जगह बनाने में नाकाम रही, लेकिन रीमा ने उनकी जगह प्रतिका रावल के चयन को सही करार देते हुए कहा कि दिल्ली की इस बल्लेबाज के प्रदर्शन में निरंतरता रही है। रीमा ने कहा, '' शेफाली बड़ा नाम है। वह ऐसा एक्स फैक्टर (अपने दम पर मैच पासा पलटने वाला खिलाड़ी) है जिसे आप अपनी टीम में चाहते हैं। जब एक्स फैक्टर का सामना प्रदर्शन में निरंतरता से होता है तो मुझे लगता है कि कप्तान और चयनकर्ताओं ने नियमित अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को तरजीह दी है और यह सही भी है।'' रीमा ने कहा कि भारतीय टीम महिला विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 14 से 20 सितंबर तक तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलेगी। (अनंत ज्ञान)

## हरियाणा ने जीती जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप

एजेंसी, जालंधर। हरियाणा ने अंतिम क्वार्टर में तीन गोल दागकर शनिवार को यहां एक रोमांचक फाइनल में ओडिशा को 3-2 से हराकर जूनियर पुरुष राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप जीत ली। पंजाब ने उत्तर प्रदेश को शूटआउट में 4-3 से हराकर कांस्य पदक जीता। फाइनल के दूसरे क्वार्टर में ओडिशा ने दीपक प्रधान (17वें मिनट) और प्रताप टोप्पो (19वें मिनट) की मदद से लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर 2-0 की बढ़त बना ली। तीसरे क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ, लेकिन हरियाणा ने मैच के अंतिम क्वार्टर में खेल का रुख पलट दिया। चिराग (50वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर हरियाणा के लिए पहला गोल किया और अगले ही मिनट में उनके साथी नितिन (51वें मिनट, 60वें मिनट) ने एक मैदानी गोल करके मैच बराबरी पर ला दिया। इसके कुछ ही क्षण बाद मैच के अंतिम मिनट में नितिन ने दो डिफेंडरों को चकमा देते हुए हरियाणा के लिए विजयी गोल दागा।

## शारापोवा व ब्रायन बंधु टेनिस हाल ऑफ फेम में होंगे शामिल

एजेंसी, लंदन



रूस की पूर्व दिग्गज खिलाड़ी मारिया शारापोवा और अमेरिका के युगल विशेषज्ञ बॉब और माइक ब्रायन को टेनिस हाल ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा। कैरियर ग्रैंडस्लैम पूरा करने वाली 10 महिला खिलाड़ियों में से एक शारापोवा ने 2004 में दो बार की गत चैंपियन सेरेना विलियम्स को हराकर विम्बलडन जीता था। उन्होंने 2006 में अमेरिकी ओपन, 2008 में आस्ट्रेलियाई ओपन और 2012 तथा 2014 में फ्रेंच ओपन जीता था। वह डब्ल्यूटीए एकल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाली पहली रूसी खिलाड़ी भी रहीं।

उन्होंने 2012 लंदन ओलंपिक में रजत पदक भी जीता जिसमें फाइनल में वह सेरेना से हारी थी। उन्होंने 2020 में 32 वर्ष की उम्र में खेल को अलविदा कहा। वहीं, ब्रायन बंधुओं ने 16 पुरुष युगल ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं, जो एक रिकॉर्ड है। वे 438 सप्ताह तक नंबर एक जोड़ी रहे। उन्होंने अमेरिका को 2007 डेविस कप और 2012 ओलंपिक स्वर्ण भी दिलाया। (अनंत ज्ञान)

## नवंबर में केरल आएंगे लियोनेल मेस्सी, खेलेंगे दोस्ताना मैच

एजेंसी, तिरूवनंतपुरम



केरल के खेलमंत्री वी अब्दुरहमान ने शनिवार को पुष्टि की कि फुटबॉल सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी समेत अर्जेंटीना की टीम इस साल नवंबर में केरल में दोस्ताना मैच खेलने आएगी। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ (एएफए) ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि मैनेजर लियोनेल स्कालोनी की अर्जेंटीना टीम अंगोला के लुआंडा और केरल में दोस्ताना मैच खेलेगी। इसके बाद केरल के खेलमंत्री ने पत्रकारों को बताया कि केरल ने एएफए से मैच इस साल अक्तूबर या नवंबर में खेलने का अनुरोध किया था।

उन्होंने कहा,''पहले एएफए 2026 में यह मैच खेलना चाहता था। हमने उनसे अनुरोध किया कि केरल में मैच इसी साल खेले। अब एएफए ने इसकी पुष्टि कर दी है। हम 2022 विश्व कप विजेता अर्जेंटीना टीम को यहां लाना चाहते थे।'' अब्दुरहमान ने कहा,''अर्जेंटीना फुटबॉल टीम को केरल लाने के लिए काफी मेहनत की गई है। हमने बाकी बंदोबस्त पर काम शुरू कर दिया है और जल्दी ही मुख्यमंत्री से इसके ब्यौरे पर बात करेंगे।''

उन्होंने कहा कि प्रदेश के लाखों फुटबॉल प्रेमियों को इस मैच का बेताबी से इंतजार है। उन्होंने कहा,''हमारा इरादा प्रशंसकों को मेस्सी को केरल में खेलते देखने का मौका देने का है।'' उन्होंने आगे कहा कि केंद्रीय खेल मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक ने इस कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है और सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

विरोधी टीम के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा,''हम फीफा की शीर्ष 50 में से एक टीम चुनेंगे। कई टीमों ने हमसे संपर्क किया है। आस्ट्रेलियाई फुटबॉल टीम भी आना चाहती है और हमारा उनके साथ खेल आदान प्रदान का करार भी है ।तीन चार और टीमों ने भी संपर्क किया है।'' (अनंत ज्ञान)

**भरोसा** बीसीसीआई बोली-हम किसी को भी संन्यास के लिए नहीं कहते, खिलाड़ी खुद लेते हैं निर्णय

## कोहली-रोहित के फेयरवेल की चिंता न करें, दोनों फिट हैं: शुक्ला

एजेंसी, नई दिल्ली





टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा पूरी तरह फिट हैं। वे अभी भी वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं और अच्छे प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में उनके फेयरवेल (विदाई मैच) की बात करना जल्दबाजी है।

कोहली और रोहित पहले ही टेस्ट क्रिकेट और टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं। कुछ दिनों पहले मीडिया रिपोर्ट्स में उनके फेयरवेल मैचों को लेकर चर्चा शुरू हो गई थी। डोमेस्टिक टी-20 लीग यूपी टी-20 को दिए गए इंटरव्यू में राजीव ने यह बात कही। राजीव शुक्ला से जब फेयरवेल मैच को लेकर सवाल किया गया, तब वे बोले-उन्होंने अभी तक संन्यास लिया है क्या? रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों वनडे खेल रहे हैं। उन्होंने संन्यास नहीं लिया है, तो आप उनके फेयरवेल को लेकर क्यों बात और चिंता कर रहे हैं? बीसीसीआई की नीति बिल्कुल स्पष्ट है, हम किसी को भी संन्यास लेने के लिए नहीं कहेंगे, उन्हें खुद अपना निर्णय लेना होता है।

उन्होंने आगे कहा कि फेयरवेल मैच के आयोजन के लिए जब समय आएगा, तब देखेंगे। आप पहले से ही उनका फेयरवेल आयोजित कर रहे हैं। विराट कोहली बहुत फिट हैं, और रोहित शर्मा बहुत अच्छा खेलते हैं। टेस्ट और टी20 से संन्यास ले चुके हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट और टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। उन्होंने 2024 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद रिटायरमेंट का ऐलान किया था। इसके बाद 7 मई को रोहित और 12 मई को विराट ने टेस्ट क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया था। (अनंत ज्ञान)

### आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में साथ खेले

**आखिरी** बार वनडे में विराट और रोहित चैंपियंस ट्रॉफी दुबई में साथ खेले थे, जहां कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ शतक जड़ा और रोहित ने फाइनल में अर्द्धशतक बनाया था। आईपीएल के बाद से दोनों ने कोई भी मैच नहीं खेला है। अगली वनडे सीरीज अक्तूबर में ऑस्ट्रेलिया में होनी हैं। कोहली-रोहित दिसंबर में शुरू होने वाली विजय हजारे ट्रॉफी और जनवरी 2026 में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैच में कोहली-रोहित खेलते दिखेंगे।